हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड



RNI No- UPHIN/2008/28258

आपका देश आपकी बात...

वर्ष: 14, अंक: 50 पृष्ठ :8 www.newsguide.co.in E-mail : newsguidelko@gmail.com लखनऊ, गुरूवार 8 दिसम्बर, 2022 मूल्य 1.50

## अमृत काल में विश्व के भविष्य की दिशा तय करने में भारत की अहम भूमिका : मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि देश की आजादी के 'अमृत काल' का समय ना सिर्फ नए विकसित भारत के निर्माण का कालखंड होगा बल्कि इस दौरान यह राष्ट्र विश् व के भविष् य की दिशा तय करने पर भी बहुत अहम भूमिका निभाएगा। संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन राज्यसभा के सभापति के रूप में उच्च सदन के संचालन की जिम्मेदारी संभालने पर प्रधानमंत्री ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को शुभकामनाएं दी और कहा कि वह ऐसे समय में यह जिम्मेदारी संभाल रहे हैं जब देश दो महत् वपूर्ण अवसरों का साक्षी बना है। उन्होंने कहा, ''अभी कुछ ही दिन पहले दुनिया ने भारत को जी-20 समूह की मेजबानी का दायित्व सौंपा है। साथ ही, ये समय अमृतकाल के आरंभ का समय है। ये अमृतकाल एक नए विकसित भारत के निर्माण का कालखंड तो होगा ही, साथ ही भारत इस दौरान विश् व के भविष् य की दिशा तय करने पर भी बहुत अहम भूमिका निभाएगा।''

उन्होंने कहा कि इस यात्रा में भारतीय लोकतंत्र, संसद और संसदीय व् यवस् थाओं की भी एक बहुत महत् वपूर्ण भूईडिा रहेगी। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री ने भारत की आजादी के 75 वर्ष से 100 वर्ष के सफर को ''अमृत काल'' का नाम दिया है। धनखड की किसान पृष्ठभूमि और सैनिक स्कूल से आरंभिक शिक्षा का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सदन का सौभाग्य है कि उनके जीवन में जवान और किसान, दोनों समाहित है तथा उनके जैसा ''जमीन से जुड़ा नेतृत्व'' उच्च सदन को मिला है। देश का उप राष्ट्रपति बनने के बाद धनखड़ ने संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन बुधवार को पहली बार राज्यसभा की कार्यवाही का संचालन किया। उपराष्ट्रपति राज्यसभा के पदेन सभापति होते हैं। इस अवसर पर धनखड़ का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में राज्यसभा अपनी विरासत को न केवल आगे बढ़ाएगी बल्कि उसे नयी ऊंचाई भी देगी। उन्होंने कहा,



''इस कालखंड में देश अपने दायित्व को समझ रहा है। मुझे खुशी है कि इस महत्वपूर्ण कालखंड में उच्च सदन को आपके जैसा सक्षम और प्रभावी नेतृत्व मिला है। आपके मार्गदर्शन में सभी सदस्य अपने कर्तव्यों का प्रभावी पालन करेंगे। यह सदन देश के संकल्पों को पूरा करने का प्रभावी मंच बनेगा।'' प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के रूप में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की वंचित समाज की पृष्ठभूमि और वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की जनजातीय पृष्ठभूमि का जिक्र करते हुए कहा कि धनखड़ किसान के बेटे हैं और आज वह उच्च सदन में देश के गांव, गरीब और किसान की ऊर्जा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धनखड़ का जीवन इस बात का प्रमाण है कि सफलता साधनों से ही नहीं बल्कि साधना से मिलती है। उन्होंने कहा, ''गांव, गरीब, किसान के लिए आपने जो किया वह सामाजिक जीवन में रहे हर व्यक्ति के लिए एक उदाहरण है।'' उन्होंने कहा, ''किठाणा के लाल की उपलब्धियां देख आज देश की खुशी का ठिकाना नहीं है।'' प्रधानमंत्री ने अधिवक्ता के रूप में धनखड़ की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि राज्यसभा में उन्हें अदालत की कमी महसूस नहीं होगी क्योंकि इस सदन में बड़ी संख्या में ऐसे सदस्य है जो इस पेशे से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, ''इस सदन में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो आप को उच्चतम न्यायालय में मिलते थे। वह मूड और मिजाज भी आपको अदालत की याद दिलाता रहेगा।'' उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक निर्णयों को और भी परिष्कृत तरीके से आगे बढ़ाने की राज्यसभा की जिम्मेदारी है, इसलिए ''आपके जैसा जमीन से जुड़ा नेतृत्व सदन को मिला है तो यह सदन के लिए सौभाग्य है''। राज्यसभा को देश की महान लोकतांत्रिक विरासत का महत्वपूर्ण संवाहक करार देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस सदन ने कई प्रधानमंत्री और उत्कृष्ट नेता भी दिए हैं। उन्होंने कहा, ''इसलिए इस गरिमा को बनाए रखने के लिए एक मजबूत जिम्मेदारी हम सभी के ऊपर है। मुझे विश्वास है आपके मार्गदर्शन में यह विरासत और गरिमा आगे बढ़ेगी तथा लोकतांत्रिक विमर्श को और अधिक ताकत दी जाएगी।''

प्रधानमंत्री ने राज्यसभा के पूर्व सभापति व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके शब्दों का चयन व तुकबंदी सदन को हमेशा प्रसन्न रखते थे। उन्होंने कहा, ''मुझे विश्वास है आपका जो हाजिर जवाबी का स्वभाव है, वह इस कमी को कभी खिलने नहीं देगा। आप वह लाभ भी सदन को देते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सशस्त्र बलों को बधाई भी दी। इससे पहले, संसद भवन परिसर पहुंचने पर राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, संसदीय कार्य राज्य मंत्रियों अर्जुन राम मेघवाल और वी मुरलीधरन ने धनखड़ का स्वागत किया। धनखड़ ने राष्ट्रपति महात्मा गांधी और संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## एमसीडी चुनाव में जीत को 'आप' ने बताया बड़ी जिम्मेदारी

**भाजपा ने 100 सीटें जिताने पर जताया आभार**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को एमसीडी चुनाव में मिली जीत को जनता की जीत और बड़ी जिम्मेदारी बताया जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 100 से ज्यादा वार्ड में जीत दिलाने के लिए मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव के अपेक्षा से अधिक करीबी मुकाबले में 'आप' ने 134 सीटें जीतकर भाजपा के 15 साल के कार्यकाल पर विराम लगा दिया। 250 वार्ड वाले नगर निगम में बहुमत का आंकड़ा 126 है। इससे पहले 'एग्जिट पोल' में भाजपा की करारी शिकस्त का अनुमान लगाया गया था, लेकिन पार्टी ने 104 सीट जीतकर जोरदार टक्कर दी। कांग्रेस ने सिर्फ नौ सीटें जीतीं जबकि तीन वार्ड पर निर्दलीय उम्मीदवारों की जीत हुई। दिल्ली के मुख्यमंत्री और 'आप' के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आप की जीत पर दिल्लीवासियों का आभार व्यक्त किया। केजरीवाल ने यहां पार्टी कार्यालय में समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि वह लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे और दिल्ली को बेहतर बनाने के लिए सभी दलों से एक साथ आने का आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा, ÷हमें दिल्ली की स्थिति में सुधार करना है और भाजपा, कांग्रेस के सहयोग तथा केंद्र व प्रधानमंत्री के आशीर्वाद की भी जरूरत है।÷ दूसरी ओर, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि 15 साल बाद भी पार्टी ने अपने काम के आधार पर अपना मत प्रतिशत बरकरार रखा है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली से भाजपा के सांसद मनोज तिवारी ने ट्वीट किया, लगातार चौथी बार भी इतनी सीटें बीजेपी को दे कर जो दिल्ली की जनता ने विश्वास दिखाया है ...सभी भाई बहनों को धन्यवाद और कार्यकर्ताओं का आभार ..

### मोहम्मद अफजल एनएचपीसी के निदेशक मंडल में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की पनबिजली कंपनी एनएचपीसी के निदेशक मंडल में मोहम्मद अफ्जल को सरकार की तरफ से नामित निदेशक नियुक्त किया गया है। एनएचपीसी ने बुधवार को बीएसई को दी सूचना में कहा, उसके निदेशक मंडल ने छह दिसंबर, 2022 को पारित प्रस्ताव के जरिये मोहम्मद अफ्जल को छह दिसंबर से कंपनी के निदेशक में सरकार द्वारा नामित निदेशक नियुक्त किया है। कंपनी ने बताया कि अफ्जल कंपनी के किसी भी निदेशक से संबंधित नहीं हैं और ना ही भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड सेबी या किसी अन्य ऐसे प्राधिकरण के किसी भी आदेश के आधार पर निदेशक के पद पर रहने के लिए प्रतिबंधित हैं। वर्तमान में वह विद्युत मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पारेषण) के रूप में कार्यरत हैं।

## लोकसभा में उठी जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को विभिन्न दलों के सदस्यों ने देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने, हरियाणा के खनन को ध्यान में रखकर अस्पताल खोले जाने और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में असमय वर्षा के कारण आई बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन कराने की मांग उठायी। भाजपा के सत्यदेव पचौरी ने जनसंख्या का मुद्दा शून्यकाल में उठाते हुए कहा कि देश में खेती और आवास के लिए सीमित भूमि है, जल समेत विभिन्न संसाधन सीमित हैं और बेरोजगारी बढ़ रही है, ऐसे में जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून बनाया जाना चाहिए। वहीं, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की चिंता अनुराधा ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से अनुरोध किया कि निजी और सरकारी क्षेत्र की महिला कर्मियों के लिए हर महीने दो दिन का मासिक धर्म (मेन्स्ट्रल) से संबंधित अवकाश होना चाहिए जो उनका विशेषाधिकार हो। भाजपा के धरमबीर सिंह ने हरियाणा के भिवानी, दादरी और नारनौल में खनन क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों को होने वाली बीमारियों और उनके साथ होने वाली दुर्घटनाओं का विषय उठाते हुए ऐसी स्थिति में तत्काल उपचार के लिए तीनों जगह कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अस्पताल खोले जाने की मांग केंद्र से की। भाजपा के ही जगदंबिका पाल ने उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में अक्टूबर में असमय वर्षा के कारण आई बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए केंद्रीय दल भेजने की मांग की। कांग्रेस के के. सुरेश ने शून्यकाल में कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) को पेंशनभोगी कर्मियों को भुगतान के संबंध में उच्चतम न्यायालय के पिछले दिनों दिये गये आदेश का पालन करना चाहिए। तेलंगाना से कांग्रेस के उत्तम रेड्डी ने राज्य में चार कोल ब्लॉक के आवंटन पर केंद्र सरकार की कार्य प्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाया जिसका खंडन करते हुए केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि आरोप बेबुनियाद हैं और पारदर्शी तरीके से आवंटन हुआ है।

## एमसीडी चुनावों में आप की जीत पर उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने दिल्ली की जनता को कहा शुक्रिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनावों में उनकी पार्टी के पक्ष में मतदान के लिये दिल्ली की जनता को बुधवार को शुक्रिया कहा। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह लोगों का जनादेश था जिसके कारण दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे नकारात्ईडी पार्टी÷ को हराने में मदद मिली। खबर लिखे जाने तक प्राप्त राज्य निर्वाचन आयोग के नवीनतम आंकडों के मुताबिक आम आदमी पार्टी (आप) ने बहुमत के लिये जरूरी 126 का आंकड़ा पार कर लिया था वहीं भारतीय जनता पार्टी के खाते में 99 सीटें आई हैं। कांग्रेस को सात सीटों पर जीत हासिल हुई। एमसीडी के 250 वार्ड में से आप ने 131 सीटों पर जीत हासिल कर ली थी और तीन पर उसके उम्मीदवार आगे चल रहे थे। एक्जिट पोल में भाजपा को तगड़ा झटका लगने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया था हालांकि उसने आप को अच्छी टक्कर दी और दो बजे तक उपलब्ध आंकड़ों में उसके उम्मीदवार चार वार्ड में आगे चल रहे थे।

## जल्दबाजी में पास हुए कई कानून, कोर्ट की टिप्पणी अच्छी नहीं : खड़गे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति के रूप में नए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर बोलते हुए विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि कोई भी कानून जल्दबाजी में पारित नहीं किया जाएगा, और वादा किया कि विपक्ष सदन चलाने में सहयोग करेगा। खड़गे ने कहा, इस सदन में जल्दबाजी में कई कानून पारित किए गए और बाद में अदालतों ने उन पर टिप्पणी की, जो सदन के लिए अच्छा नहीं है और उम्मीद है कि सभी विधेयक उचित चर्चा के साथ पारित हो जाएंगे। खड़गे ने प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू का उल्लेख करते हुए कहा, नेहरू ने कहा था कि केवल मनी बिल को छोड़कर राज्यसभा समान रूप से महत्वपूर्ण है। संसद लोकतांत्रिक विचार-विमर्श का निवास स्थान है। हम समान विचारधारा वाली पार्टियां अपने लोगों से संबंधित सभी मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे। पीएम मोदी जी, आपने विपक्ष को भाग लेने के अधिक मौके मिलने



की बात कही, इसलिए हम सरकार से अपनी बात कहने की उम्मीद करते हैं। अगर कानून जल्दबाजी में बनाए जाते हैं, तो वे न्यायिक जांच के अधीन आ जाएंगे। इसलिए, हम उम्मीद करते हैं कि सभी महत्वपूर्ण विधेयकों को संयुक्तध्चयन समितियों को भेजा जाना चाहिए, ताकि उनकी सावधानीपूर्वक जांच की जा सके। हम संसदीय प्रक्रियाओं और चर्चा में पूर्ण सहयोग देने के लिए तैयार हैं। तृणमूल कांग्रेस के नेता सुखेंदु शेखर रे ने भी नए अध्यक्ष का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि विरोध की आवाज को महत्व दिया जाएगा। डिप्टी चेयरमैन हरिवंश ने भी नए चेयरमैन का स्वागत किया। डीएईडी के टी. शिवा ने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने भी उन्हें बधाई दी है। शिवा ने कहा, हम निष्पक्षता की उम्मीद करते हैं। सदन के अन्य फ्लोर नेताओं ने भी नए अध्यक्ष को बधाई दी।

## विशेष अभियान चलाकर 184 स्थानों को किया गर्या गार्बेज मुक्त

**लखनऊ, (यूएनएस)।** नगर निगम लखनऊ द्वारा विशेषरूप से नगर निगम सीमान्तर्गबा सभी गार्बेज वरनुएवल प्वाईन्टस को खत्म कर उनके सौदर्यीकरण किया जा रहा है। आम जनमानस द्वारा कूड़ा न फेका जाये इसके लिए नेकी की दीवार, वृक्षारोपण, टायर से बने हुए गमले एवं होर्डिंग लगायी जा रही है,मानीटरिंग भी की जा रही है। नगर निगम द्वारा संचालित विशेष सफाई अभियान में आज लगभग 1636 कर्मचारियों को योजित करते हुए 184 कार्य्स्थलों को गार्बेज मुक्त किया गया। विशेष अभियान में आज जोन, 01 गुरूगोविन्द सिंह मार्ग रामगोपाल विद्यान्त मार्ग, नाका चौराहा अमीनाबाद रोड़, रिसालदार पार्क, कुर्मी टोला, रसोड़े वाली गली, यदुनाथ सान्याल वार्ड के सब्दलबाग सुन्दरबाग, जोन-02 के मोतीझील कालोनी, जलकल रोड ऐशबाग, जोशी टोला, नादान महल रोड राजाबाजार, कुण्डरी रकाबगंज, यहियागंज, राजाजीपुरम, ऐशबाग, राजाबजार, राजेन्द्रनगर, रामनगर कालोनी, रूकन्दीपुर, राजाजीपुरम, मछली मण्डी, पाटा नाला, नन्दाखेड़ा,जोन-03 के पाण्डेय टोला, श्री नगर, शिवनगर निरालानगर, जानकीपुरम, महानगर, केशव नगर, फैजुल्लागंज, छोटा चॉदगंज, जोन-04 के अन्तर्गत चिनहट वार्ड द्वितीय के नया गावं विजयीपुर विभुति खण्ड, गंगा विहार कालोनी चिनहट आदि, गोमती नगर विशेष साफ सफाई तथा संक्रामक रोगों के रोकथाम के दृष्टिगत एन्टीलार्वा का छिड़काव कराया गया। जोन-05 के हाईडिल कालोनी, आलमबाग, इन्द्रलोक कालोनी, जोन-06 के बालागंज वार्ड के जल निगम रोड़, सआदतगंज के दाल मण्डी रोड, गढ़ी पीर खां के पारस लॉन के करीम गंज पुलिया, भुइयन देवी मन्दिर, जोन-7 के इंदिरा नगर, इन्दिराप्रियदर्शिनी के पण्डितपुरवा, शंकरपुरवा द्वितीय के जागेश्वर विहार, इन्दिरा नगर के ईशवरपुरी कॉलोनी और जोन-08 के इब्राहिमपुर प्रथम के रेवतापुर, शारदा नगर द्वितीय के साउथ सिटी, खरिका द्वितीय के नाई टोला में विशेष साफसफाई तथा संक्रामक रोगों के रोकथाम के दृष्टिगत एन्टीलार्वा का छिड़काव कराया गया।

## उपभोक्ताओं द्वारा स्वयं मीटर की रीडिंग पर बिल न जमा कराने होगी कार्रवाई

### उपभोक्ता परिषद की मांग पर प्रबंधन निदेशक ने जारी किए निर्देश

**लखनऊ, (यूएनएस)।** उपभोक्ता परिषद ने बिजली उपभोक्ताओं का गम्भीर मुद्दा उठाया है। बिजली बिलिंग करने वाली कम्पनियों द्वारा अधिकत्तर उपभोक्ताओं को समय पर बिजली बिल नही उपलब्ध कराये जाते है। कई कई उपभोक्ताओं को दूसरे तीसरे महीने में बिजली उपलब्ध होने से उनकी यूनिट बढ़ जाने से उनकी बिजली दरें भी महंगी हो जाती है। इस मामलें की गम्भीरता को देखते हुए उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने चेयरमैन से मुलाकात कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद प्रबंध निदेशक पंकज कुमार द्वारा इस सम्बंध में सुस्पष्ट दिशा निर्देश जारी किए गए। पूरे उत्तर प्रदेश में सभी बिजली कंपनियों में कई दिनों से शिकायत आम हो गई थी कि प्रदेश के हमारे विद्युत उपभोक्ता जिनके परिसर पर मीटर रीडर द्वारा मीटर रीडिंग नहीं हो पाती और वह उपभोक्ता स्वयं अपने मीटर की रीडिंग लेकर बिलिंग काउंटर पर बिजली का बिल जमा करने जाते हैं तो ना तो उनके बिजली का बिल निर्गत किया जाता है। ना ही उनके द्वारा प्रस्तुत की गई रीडिंग के आधार पर बिल जमा किया जाता है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने पावर कारपोरेशन के चेयरमैनएम देवराज और प्रबंध निदेशक श्री पंकज कुमार व निदेशक कमर्शियल से विद्युत उपभोक्ताओं की व्यथा को बताते हुए कहा कि जब विद्युत वितरण संहिता-2005 के प्रावधानानुसार यह व्यवस्था प्रचलित करने की मांग रखी। इसके अनुसार कैश काउंटर पर कोई भी विद्युत उपभोक्ता अपनी रीडिंग बताकर अपना बिल निर्गत करा सकता है। बिल जमा भी कर सकता हैं। पावर कारपोरेशन के चेयरमैन एम देवराज के निर्देश के बाद तत्काल पावर कारपोरेशन के निदेशक कमर्शियल अमित कुमार श्रीवास्तव की तरफ से सभी बिजली कंपनियों को यह निर्देश जारी किए गए कि कैश काउंटरों पर उपभोक्ता द्वारा अपनी रीडिंग स्वयं दिए जाने पर काउंटर पर तैनात कार्मिक द्वारा बिल बनाने से मना किया जा रहा, जो नियमों के विपरीत है। ऐसे में सभी प्रबंध निदेशक व अभियंता अधिकारी यह सुनिश्चित कराए कि उपभोक्ता द्वारा स्वयं रीडिंग दिए जाने पर नियामक आयोग द्वारा जारी प्रावधानों के तहत उनका बिल बनवा कर तत्काल जमा कराया जाय। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि इस प्रकार की कार्यवाही से जहां पावर कारपोरेशन व बिजली कंपनियों की वित्तीय स्थिति खराब होती है। वहीं राजस्व में बडे पैमाने पर गिरावट भी आती है। आकड़ों को देखा जाए तो एक दिसंबर को पूरे प्रदेश में एक दिन का राजस्व 104 करोड का प्राप्त किया। 7 दिसंबर को राजस्व की स्थिति को देखा जाए। आज एक दिन का राजस्व लगभग 53 करोड के आसपास है। जो इस बात को दर्शाता है कि अनेकों ऐसी समस्याएं सामने आ रही जिसकी वजह से प्रदेश का उपभोक्ता चाह कर भी अपना बिजली का बिल नहीं जमा कर पा रहा है। ऐसे में सभी बिजली कंपनियों को प्रदेश के उपभोक्ताओं को सुचार विद्युत व्यवस्था बनाए रखते हुए उनकी सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में सदैव कार्यवाही करते रहना होगा।

### मुख्यमंत्री ने जनपद बरेली में प्रबुद्धजन सम्मेलन को सम्बोधित किया

## डबल इंजन की सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही-योगी

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद बरेली में प्रबुद्धजन सम्मेलन को सम्बोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने 1459 करोड़ रुपये लागत की 188 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें 482.70 करोड़ रुपये की 117 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 976.02 करोड़ रुपये की 71 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए सम्बंधित विभागों के कार्यों की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। स्थानीय निकायों को भी इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। डबल इंजन की सरकार ने नगरीय जीवन को सरल एवं पारदर्शक बनाया है। आज शहरी जीवन में व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। लटकते तारों से काफी हद तक मुक्ति मिली है। स्मार्ट रोड की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है।




हर सिटी में कन्वेंशन सेण्टर, ऑडिटोरियम के निर्माण का प्रयास किया जा रहा है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को बेहतर किया गया है। शहरी क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक बसों की सुविधा लोगों को प्रदान की जा रही है। स्मार्ट सिटी के साथ युवाओं को स्मार्ट बनाने के लिए 02 करोड़ युवाओं को टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में नाथ नगरी बरेली अपनी पुरातन पहचान को फिर से स्थापित कर रही है। बरेली को स्मार्ट नगरी के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार एक साथ राज्य के 18 शहरों को देश के अंदर सेफ सिटी के रूप में विकसित कर रही है, जिसमें बरेली भी शामिल है। स्मार्ट नगरी बरेली अनेक नये-नये प्रयोगों का केन्द्र बिन्दु बनी है। जनपद बरेली बैंकिंग, स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद बरेली में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी) के अन्तर्गत 31,700 से अधिक गरीब लाभार्थियों को एक-एक आवास की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है, जिनमें शहरी क्षेत्र के 17,700 से अधिक गरीब व्यक्ति शामिल हैं। 29,000 से अधिक पटरी व्यवसायियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है। विगत पांच वर्षों में जनपद बरेली की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्यों में है। प्रदेश की 25 करोड़ जनता को बिना भेदभाव के विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत साढ़े पांच वर्षों में प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था स्थापित हुई है। उत्तर प्रदेश दंगा एवं कर्फ्यू मुक्त प्रदेश बना है। पर्व एवं त्योहार शांतिपूर्वक मनाए जा रहे हैं, यह बदलता हुआ उत्तर प्रदेश है। प्रदेश में दंगों व कर्फ्यू के लिए कोई जगह नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में सबसे बड़ी आबादी का राज्य उत्तर प्रदेश आज निवेश के सबसे बड़े गंतव्य के रूप में उभरा है। प्रदेश सरकार आगामी 10 से 12 फरवरी, 2023 तक लखनऊ में 'यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' आयोजित कर रही है। मुख्यमंत्री जी ने जनपद बरेली से जुड़े उद्यमियों, व्यापारियों, चिकित्सकों, शिक्षकों, प्रगतिशील किसानों, युवाओं तथा जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे लोगों से इस आयोजन से जुड़ने की अपील की तथा जनपद बरेली को निवेश के बेहतरीन गंतव्य के रूप में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

राज्यपाल ने हरकोर्ट बटलर प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर की नैक ग्रेडिंग हेतु एस0एस0आर0 प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की

# विद्यार्थियों को नैक मूल्यांकन की उपयोगिता बताकर प्रतिभागिता बढ़ाएं-राज्यपाल

न्यूज गाइड। संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने हरकोर्ट बटलर प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर की नैक ग्रेडिंग हेतु तैयार सेल्फ स्टडी रिपोर्ट के प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। एचबीटीयू नैक ग्रेडिंग के लिए पहली बार अपनी रिपोर्ट परिषद के समक्ष दाखिल करने की तैयारी कर रहा है। राज्यपाल जी ने प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री, आशीष पटेल के साथ मूल्यांकन के लिए निर्धारित सभी सातों क्राइटेरिया हेतु तैयार विश्वविद्यालय की सेल्फ स्टडी रिपोर्ट का बिन्दुवार अवलोकन किया और सुधार के लिए सुझाव दिए। राज्यपाल जी ने कहा कि मूल्यांकन की सशकत तैयारी के लिए विद्यार्थियों को नैक ग्रेडिंग की उपयोगिता बताते हुए विश्वविद्यालय की विविध गतिविधियों में उनकी प्रतिभागिता को बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की गतिविधियों में शामिल रहने से उनके सकारात्मक व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और अनुभव में वृद्धि होगी और वे सामाजिक जीवन में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रतिष्ठित होंगे। राज्यपाल जी ने रिपोर्ट में ऐसे विद्यार्थियों का उल्लेख विशेष रूप से जोड़ने पर जोर दिया जो शैक्षिक उपलब्धियों के साथ-साथ सेवा कार्य से जुड़ गए हैं। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की एसएसआर में गत बैठक में दिए सुझावों के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की। उन्होंने उल्लिखित विवरणों के साथ प्रमाणों और गतिविधि युक्त फोटोग्राफ लगाने का सुझाव पुनः देते हुए कहा कि प्रस्तुतिकरण को नवीनतम तकनीक के साथ बेहतर करते हुए हाइपर लिंक में वास्तविक गतिविधियों से युक्त फोटो लगाएं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार प्रस्तुतिकरण बनाने से पियर टीम के भ्रमण के समय सभी प्रमाण सुलभता से प्रदर्शित किए जा सकेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा अपनी उपलब्धियों के बेहतर प्रस्तुतिकरण में कमी को लक्ष्य करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि नैक के नियमों के अवलोकन में अपने मूल्यांकन को महत्व दें और शत-प्रतिशत अंकन को दृढ़ता से प्रस्तुत करें। क्राइटेरिया

- स्वतः प्रेरणा से सेवा कार्यों में जुड़े विद्यार्थियों के कार्यों का विशेष उल्लेख करें
- हाइपर लिंक में विवरण का प्रमाण सम्बद्ध करें

तीन में राज्यपाल जी ने रिसर्च पॉलिसी को हाइलाइट करने तथा एक्सटेंशन एक्टीविटीज सुदृढ़ करने पर जोर दिया। क्राइटेरिया चार की भी राज्यपाल जी ने वृहद समीक्षा की। उन्होंने इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय की सुविधाओं को विद्यार्थियों के हित में उपयोगिता का विवरण सम्बद्ध करने को कहा। उन्होंने ई-पुस्तकालय में विद्यार्थियों का रूझान बढ़ाने को भी कहा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्वयं तकनीकी शिक्षा का केन्द्र है, इसलिए अपने तमाम तकनीकी उपकरणों का अनुरक्षण तथा मरम्मत कार्य अपने विद्यार्थियों से कराकर, उनको इसके लिए इंसेंटिव प्रदान कर प्रोत्साहित कर सकता है। क्राइटेरिया सात के कमजोर प्रस्तुतिकरण को देखते हुए राज्यपाल जी ने व्यापक सुधार हेतु विविध सुझाव दिए। उन्होंने इसके पुनरावलोकन और पुनर्लेखन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में भौतिक स्तर पर तथा रिपोर्ट में सभी सुधार लागू कराकर सशक्त तैयारी के साथ नैक ग्रेडिंग के लिए आवेदन करें। उन्होंने टीम के सदस्यों को नैक में उच्चतम ग्रेड प्राप्त करने हेतु प्रतिबद्धता से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी, प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा सुभाष चन्द्र शर्मा, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा पंकज जॉनी, विश्वविद्यालय के कुलपति डा. शमशेर तथा उनकी नैक तैयारी के लिए गठित टीम के सदस्य तथा अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

## शैक्षिक संस्थानों में छात्राओं को किया गया जागरूक

*दहेज प्रतिषेध-बाल विवाह के बारे में दी गई जानकारी*

**गोण्डा, (यूएनएस)।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार महिलाओं के खिलाफ हिंसा तथा भेदभाव उन्मूलन के विषय में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत झंझरी ब्लॉक के जीनियस इंटर कॉलेज में छात्राओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। जिसमें दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, किशोर न्याय अधिनियम तथा पॉक्सो एक्ट शामिल है। इसी क्रम में संरक्षण अधिकारी चंद्र मोहन वर्मा ने बच्चियों को उनके अधिकारों के प्रति जानकारी दी। साथ ही जिला प्रोबेशन कार्यालय में चल रही निराश्रित विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कोविड-19 व सामान्य के बारे में और वन स्टॉप सेंटर के संबंध में बताया। चाइल्ड लाइन प्रभारी आशीष मिश्रा ने विशेष उपयोगी हेल्पलाइन नंबर 1098, 112, 1076 ,1090 ,181 के बारे में जानकारी दी। आशीष ने बताया कि अगर किसी प्रकार से किसी बच्ची को सहयोग की आवश्यकता हो तो 1098 पर कॉल कर अपनी समस्या से अवगत कराएं। उसका तुरंत निस्तारण कराया जाएगा। प्रभारी महिला कल्याण अधिकारी ज्योत्सना सिंह ने गुड टच और बैड टच के बारे में बताया। जिला समन्वयक राजकुमार आर्य ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में बताया, साथ ही उसकी आवेदन की प्रक्रिया को समझाया।

## नागरिक सुरक्षा कोर के रक्तदान शिविर में 15 स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

न्यूज गाइड। संवाददाता

**लखनऊ, (यूएनएस)।** नागरिक सुरक्षा कोर लखनऊ के तत्वधान में आज स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन छतर मंजिल स्थित कंट्रोल रूम कार्यालय में डॉ राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन नागरिक सुरक्षा कोर की उपनियंत्रक अनिता प्रताप और चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। उपनियंत्रक अनिता प्रताप ने कहा कि सिविल डिफेंस के वार्डन समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन समय समय पर करते रहते है तथा जिला प्रशासन के द्वारा सौंपे गए हर कार्य को प्राथमिकता से करते है, जिसके लिए उन्हें समय समय पर सम्मानित भी किया जाता है। चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्रा के अनुसार सिविल डिफेंस लखनऊ के वार्डेनो ने कोरोना काल में अपनी जान की परवाह न करके आम नागरिकों और जिला प्रशासन का सहयोग किया, सिविल डिफेंस के वार्डन हर चुनौती का आगे बढ़कर सामना करते है। उसी कड़ी में आज वार्डेनो ने जनहित में रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने वाले वार्डेनो को जल्द ही एक भव्य कार्यक्रम में सम्मानित भी किया जाएगा। सिविल डिफेंस के वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक मनोज वर्मा ने बताया कि आज उन्होंने 35 वी बार रक्तदान किया है। प्रत्येक वर्ष 6 दिसंबर को नागरिक सुरक्षा दिवस के अवसर पर मेरे द्वारा रक्तदान किया जाता है। गत वर्ष कोविड 19 के समय झांसी पोस्टिंग के समय एक वर्ष में जरूरतमंदों को तीन बार रक्तदान का अवसर प्राप्त हुआ था। श्री वर्मा ने कहा कि प्रत्येक नागरिक खासकर युवाओं को रक्तदान अवश्य करना चाहिए, रक्तदान न सिर्फ स्वयं के स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद होता है बल्कि जनहित के लिए भी श्रेष्ठ होता है। वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक ऋषि कुमार व ममता रानी के अनुसार एक व्यक्ति के द्वारा किए गए रक्तदान से 4 लोगो जान बचाई जा सकती है। राम मनोहर लोहिया अस्पताल की डॉ शिखा जी के नेतृत्व में आई ब्लड बैंक की टीम ने रक्तदान शिविर को संपन्न कराया। रक्तदान करने वालो में प्रमुख रूप से वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक मनोज वर्मा, डिवीजनल वार्डन सुनील शुक्ला, सेक्टर वार्डनों में रामगोपाल सिंह, पंकज पंत, जितेंद्र कुमार, शिव कुमार सिंह, मो. यासीन, अतुल उपाध्याय, अखिल सोंधी, मो. अनवर, अंकित कुमार, संतोष सिंह, वेद प्रकाश, डॉ विष्णु कुमार मिश्रा, व पुलिस मित्र के जितेंद्र सिंह प्रमुख थे। जबकि रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन कराने शैल वर्मा, अरविंद भट्टाचार्य, मो. खालिद, मनोज तिवारी, कु आंचल ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन कमी व वजन कम होने के कारण रक्तदान करने से वंचित रह गए।

## एसडीएम को फोन पर राशन घटतौली की मिली शिकायत

**ईओ और पूर्ति निरीक्षक की संयुक्त टीम ने की जांच, दुकान निलंबन के आदेश**

**उन्नाव, (यूएनएस)।** सफ ीपुर एसडीएम को फोन पर कस्बा के राहतगंज मोहल्ला की सरकारी राशन की दुकान में घटतौली एवम सरकारी राशन को लोडर से मंडी बेचने जाने की सूचना मिली। एसडीएम ने अधिशाषी अधिकारी और स्थानीय पूर्ति निरीक्षक की संयुक्त टीम बनाकर जांच के निर्देश दिए। संयुक्त टीम की छापेमारी से सरकारी राशन की दुकान पर अफरा तफरी मच गई। जांच टीम को मौके पर भारी कमियां पाई गई। सफीपुर एसडीएम अजीत जायसवाल को बुधवार दोपहर फोन पर मोबाइल नंबर 9452101730 से सूचना मिली कि कस्बा के राहतगंज बाजार में सरकारी राशन की दुकान स्थित है। जिसका संचालन अब्दुल रहमान उर्फ रोमी कोटेदार कार्ड धारकों से अंगूठा लगवा लिया है और राशन वितरण नही कर रहा है साथ ही राशन की घटतौली कर लोडर से मंडी में बेच देता है। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेकर जांच टीम गठित कर मौके पर जांच करने के निर्देश दिए । सफीपुर एसडीएम अजीत जायसवाल ने नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी रामचंद्र मौर्य व पूर्ति निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद को मौके पर भेज जांच के निर्देश दिए। अंगूठा लगवाया ,राशन नही दिया अधिशाषी अधिकारी रामचंद्र मौर्य, पूर्ति निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद को जांच में लोगों ने आरोप लगाया कि कोटेदार अब्दुल रहमान अंगूठा लगवा लेता है और राशन नही देता है। मौके पर पॉश मशीन और रजिस्टर का मिलान कर स्टॉक की जांच की गई। जिसमें स्टॉक के सापेक्ष 34 कुंतल 53 किलो गेंहू और 47कुंतल 7 किलो चावल अधिक मिला। एसडीएम अजीत जायसवाल ने बताया कि जांच में भारी मात्रा में अनियमितता मिली है,मौके पर राशन का स्टॉक अधिक पाया गया है। राशन की दुकान को निलंबित कर विभागीय कार्यवाई की जा रही है।

## आप ने अयोध्या में ने एमसीडी जीत का जश्न मनाया

**अयोध्या, (यूएनएस)।** जिले में आप के कार्यकर्ताओं नेएमसीडी की जीत का जश्न मनायास कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर मुंह मीठा कराया और एक दूसरे को बधाई दीस जीत की खुशी में ढोल नगाड़े की धुन पर खूब झूमें।चुनाव परिणाम देखने के लिये कार्यालय पर सुबह से ही कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर पार्टी जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने कहा कि दिल्ली की जनता ने सीएम अरविंद केजरीवाल के कामों पर मुहर लगा दी हैस इसके बाद अब यूपी के निकाय चुनाव में भी आप सभी सीटों पर मजबूती से लड़ेंगीस बिजली,पानी, शिक्षा, चिकित्सा सहित तमाम किये गए कई विकास कार्यों से दिल्ली की जनता खुश है। उन्होंने कहा किएमसीडी में पिछले 15 सालों से भाजपा का राज था इन 15 सालों में भाजपा ने भ्रष्टाचार के नए कीर्तिमान स्थापित किये जिसकी वजह से दिल्ली में कूड़े के पहाड़ खड़े हो गए थेस इस बार दिल्ली की जनता ने केजरीवाल पर विश्वास किया हैस निश्चित रूप से अब दिल्ली साफ स्वच्छ शहर बनेगा। अनिल प्रजापति एडवोकेट ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पार्टी निकाय चुनाव सभी सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगीस जीत से मिली ऊर्जा से कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ा है, कार्यकर्ता घर-घर जाकर केजरीवाल की उपलब्धियां लोगों को बताएंगेस अपील करेंगे कि निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए एक मौका आम आदमी पार्टी को दें।

## रामपथ चौड़ीकरण के लिए 5 डिप्टी कलेक्टर्स को जिम्मेदारी सौंपी

**अयोध्या।** मंडलायुक्त गौरव दयाल और डीएम नितीश कुमार ने आयुक्त सभागार में बैठक कर रामपथ के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए, डीएम ने ने मार्ग कार्य में तेजी के लिए 5 डिप्टी कलेक्टर्स को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपीसअपर जिलाधिकारी प्रशासन को प्रत्येक टीम में पर्याप्त कर्मियों को लगाने को कहा, उन्होंने कहा कि प्रत्येक टीम रोजाना कम से कम 10 बैनामा कराएस समस्त कार्य 31 दिसंबर 2022 तक पूरा कर लिए जाएं।बैनामे के बाद तत्काल मकान को खाली कराने, वस्ती करण व मलबा हटाने की कार्यवाही की जाए। इस बात का पूरा ध्यान रखा जाए कि मार्ग की चौड़ाई की माप कहीं पर भी ज्यादा या कम न होने पाए जिससे इससे संबंधी शिकायतें अथवा मामले न आए। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने यह कार्य से जुड़े सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर समस्त काम को गति देने तथा तय समय के तहत सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में मंडलायुक्त ने आगामी बैठकों में अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी को भी शामिल रहने के निर्देश दिए। राम जन्मभूमि मंदिर से जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग राम पथ (सहादत गंज से नया घाट लंबाई 12.940 किमी0) के चौड़ीकरण,सुदृढ़ीकरण संबंधी कार्यों के प्रगति की समीक्षा कीस इस दौरान अधिकारियों ने राम पथ के चौड़ी करण से प्रभावित दुकानदारोंध्भू स्वामियों से भूमि बैनामे,अनुग्रह धनराशि एवं मुआवजे के भुगतान के लिए लगाई गई समस्त टीमों व संबंधित अधिकारियों से एक-एक करके प्रगति का जायजा लिया और तेजी लाने के निर्देश दिए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्याप्ति, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर, एक्स ई एन पीडब्ल्यूडी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण, गाड़िया पार्किंग में खड़ी करने के निर्देश

**हरदोई, (यूएनएस)।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बुधवार को अचानक निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। स्टाफ की पार्किंग व्यवस्था कराने के साथ ही उन्होंने मुख्य स्थानों पर कैमरे लगवाने की बात दोहराई। जिलाधिकारी ने महिला अस्पताल में सीलन और अव्यवस्था देखकर नाराजगी जताई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह बुधवार को अचानक मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। उनके पहुंचते ही कालेज में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश निर्माण इकाई को दिए ।

## होटल व्यवसाई की इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने सीएचसी में किया हंगामा

**रायबरेली, (यूएनएस)।** जिले में एक होटल व्यवसाई की मौत के बाद अस्पताल में परिजनों ने जमकर हंगामा काटा है। परिजनों ने आरोप लगाया कि डॉक्टर इलाज के बाद अस्पताल से लापता हो जाते थे। जिसके चलते सही से इलाज नहीं हो पाया। इसी वजह से हमारे मरीज की मौत हुई है। इन पर कार्यवाही होनी चाहिए। सूचना पर भारी संख्या में मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया तब हंगामा बंद हुआ। पूरा मामला बछरावां थाना क्षेत्र के सीएचसी का है। जहां पर होटल व्यवसाई रामप्रसाद की इलाज के दौरान मौत हो गई है। परिजन अनूप मिश्रा का आरोप है कि उनके बड़े भाई राम प्रसाद की सही से इलाज नहीं हुआ। उनका इलाज गलत तरीके से किया गया है। जिससे उनकी मौत हुई है। उन्होंने बताया कि पहले ड्रिप चढ़ाई गई उसके बाद इंजेक्शन लगा दिया गया। गलत इंजेक्शन लगाने से मेरे भाई की मौत हुई है। डॉक्टर पर कार्यवाही नहीं होती है तो हम और आगे तक जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिस डॉक्टर ने इलाज किया था वह अस्पताल परिसर से गायब है। वह लापता हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। घंटों समझाने पर परिजनों की सहमति के बाद शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू की है। फिलहाल परिजनों को समझा-बुझाकर पुलिस ने घर भेज दिया है। बछरावां सीएचसी में तैनात डॉक्टर संजीव शुक्ला ने बताया कि रामप्रसाद जिसकी उम्र लगभग 40 साल है। उसे नशे की हालत में लाया गया था।

## रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट, आठ पर केस

**गोण्डा, (यूएनएस)।** परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मधईपुर खांडेराय अहिरन पुरवा में रंजिश और रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों ने लाठी-डंडा व लोहे की रॉड लेकर एक दूसरे पर हमला कर दिया। जिसमें पांच महिलाओं सहित छह लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम मधईपुर खांडेराय अहिरन पुरवा निवासी नंदकुमार यादव ने बताया कि वह गेहूं की बुआई के लिए ट्रैक्टर लेकर खेत के लिए निकला था। रंजिश को लेकर पहले से घात लगाए बैठे गांव के चार लोग लाठी-डंडा व लोहे की रॉड लेकर उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इसके बाद ट्रैक्टर भी तोड़ डाला। शोर करने पर उसकी माता जनका, बहन व पुत्री प्रतिभा यादव बचाने आई तो आरोपियों ने लाठी-डंडे से उनपर भी हमला कर दिया। जिससे सभी को चोटें आई हैं। जान बचाने के लिए वह परिवार के साथ जब घर में छुप गया तो आरोपियों ने ईट-पत्थर से पथराव शुरू कर दिया। जिससे उसका छप्पर गिर गया। बाहर बंधे मवेशियों को भी चोटें आई हैं। आरोपी जानमाल की धमकी देते हुए चले गए। नंदकुमार यादव की तहरीर पर सुरेंद्र कुमार यादव, मोहित यादव, रिंकू यादव व राकेश यादव के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष की कृष्णावती पत्नी जीत यादव ने बताया कि रास्ते के विवाद को लेकर आरोपी घर पर चढ़ आए। उससे अभद्रता करते हुए लाठी-डंडा से पिटाई कर दी। शोर करने पर बचाने उसकी पुत्री डिंपी यादव पहुंची तो उसकी भी पिटाई कर दी। कृष्णावती की तहरीर पर जय प्रकाश, नंदकुमार, राजू यादव व विजई यादव के खिलाफ पुलिस ने मारपीट का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## रिवर फ्रंट घोटाले की जांच ईडी ने की तेज, रुप सिंह यादव से जुड़े 3 दर्जन से ज्यादा लोगों को भेजा नोटिस

**लखनऊ, (यूएनएस)।** समाजवादी पार्टी सरकार में गोमती विकास की परियोजना के तहत बने गोमती रिवर फ्रंट में हुए घोटाले को लेकर को लेकर प्रवर्तन निदेशालय ने जांच तेज कर दी है। बुधवार को ईडी ने रुप सिंह यादव से जुड़े 3 दर्जन से ज्यादा लोगों को जांच के लिए समन भेजा हैं। हाल ही में सीबीआई ने तत्कालीन सिंचाई मंत्री शिवपाल सिंह यादव और दो आला अफसरों की भूईडी की भी जांच शुरू की है। सीबीआई ने सरकार से आगे की जांच के लिए पूछताछ की अनुमति मांगी थी। शासन ने निर्णय लेने के लिए सिंचाई विभाग से संबंधित रिकॉर्ड तलब किया था। वर्ष 2017 में सत्ता संभालते ही सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोमती रिवर फ्रंट की न्यायिक जांच कराई थी। बता दें कि यूपी में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोमती रिवर फ्रंट घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की सिफारिश की थी। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से केंद्र सरकार को रिवर फ्रंट घोटाले में न्यायिक जांच समिति की रिपोर्ट, गोमतीनगर थाने में दर्ज एफआईआर की कॉपी और अन्य दस्तावेज भेजे गए थे। इसके आधार पर केंद्र ने सीबीआई को जांच सौंप दी थी। योगी सरकार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज न्यायमूर्ति आलोक सिंह की अध्यक्षता में गठित समिति ने जांच में दोषी पाए गए इंजीनियरों और अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने की सिफारिश की थी। इसके बाद 19 जून 2017 को सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता डॉ. अंबुज द्विवेदी ने गोमतीनगर थाने में धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में यह जांच सीबीआई को स्थानान्तरित हो गई थी। आरोप है कि प्रोजेक्ट के तहत निर्धारित कार्य पूर्ण कराए बगैर ही स्वीकृत बजट की 95 प्रतिशत धनराशि कैसे खर्च हो गई? सीबीआई की प्रारंभिक जांच में यध्ह सामने आया कि प्रोजेक्ट में बिना काम हुए मनमाने तरीके से खर्च दिखाकर सरकारी धन की बंदरबांट की गई। गोमती रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट की कुल अनुमानित लागत 1513 करोड़ रुपये थी, जिसमें 1437 करोड़ रुपए खर्च हो जाने के बाद भी 60 फीसदी काम पूरा नहीं हो पाया था। एक आरोप यह भी है कि जिस कंपनी को रिवर फ्रंट डेवलपमेंट का कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था, वह पहले से डिफाल्टर थी। सीबीआई के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने भी मनी लांड्रिंग का मुकदमा दर्ज किया था। गौरतलब है कि 30 नवंबर 2017 को सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच ने रिवर फ्रंट घोटाले में यूपी सिंचाई विभाग की ओर से लखनऊ के गोमतीनगर थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे को आधार बनाकर 30 नवंबर 2017 को नया मुकदमा दर्ज किया था। इसमें सिंचाई विभाग के तत्कालीन मुख्य अभियंता (अब सेवानिवृत्त) गुलेश चंद, एसएन शर्मा और काजिम अली, तत्कालीन अधीक्षण अभियंता (अब सेवानिवृत्त) शिव मंगल यादव, अखिल रमन, कमलेश्वर सिंह, रूप सिंह यादव और अधिशाषी अभियंता सुरेश यादव नामजद हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रवर्तन टीम ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ की गयी कार्रवाई

**लखनऊ, (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने ओवरलोडिंग के कारण हो रहे राजस्व के नुकसान, सड़कों की क्षतिग्रस्तता एवं दुर्घटनाओं को गम्भीरता से लिया है। इसी क्रम में परिवहन मंत्री ने सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को ओवरलोडिंग एवं ओवर स्पीडिंग के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश समीक्षा बैठक में दिये थे। 1 दिसम्बर से 6 दिसम्बर तक लखनऊ संभाग की प्रवर्तन टीम ने ओवरलोड मालयानों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 77 मालयानों का चालान एवं 54 वाहनों का बंद किया गया। प्रवर्तन टीम की इस कार्रवाई से 22.6 लाख रूपये प्रशमन शुल्क वसूला गया। उप परिवहन आयुक्त निर्मल प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि प्रवर्तन टीम की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इसके अतिरिक्त इन्टरसेप्टर वाहन के माध्यम से ओवर स्पीडिंग के 164 वाहनों का चालान किया गया।

### महिला ग्राम पंचायत सदस्य की हत्या

**सुलतानपुर, (यूएनएस)।** जिले में महिला ग्राम पंचायत सदस्य की लाठी-डंडे और धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी गई है। वो बीती रात खेत की रखवाली करने गई थी। सुबह इसकी खबर होने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस के उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे। डॉग स्क्वॉयड और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। घटना जिले के बल्दीराय थाना अंतर्गत पूरे गंगा पांडे मजरे महुली गांव की है। गांव निवासी सुमन (53) पत्नी शिवलाल बीती रात खेत की रखवाली करने गई थी। बुधवार सुबह जंगल में खून में लथपथ शव मिलने से सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि सुमन के पति शिवलाल और पुत्र दिनेश बीती रात निमंत्रण में गये हुये थे इसलिए वह खुद खेत की रखवाली करने गई हुई थी। मृतका के पुत्र दिनेश ने बताया कि मेरी मां को मारकर जंगल में फेंक दिया है। उसने बताया कि हम और पापा निमंत्रण में गये हुये थे। मम्मी ब्लॉक पर आई थी काम से वहां से घर आई और हमारी पत्नी को मोबाइल देकर खेत पर चली गई। काफी देर हो गई जब वो नहीं लौटी तो हमारी पत्नी ने फोन किया और हमें सूचना दिया। हम लोग वहां से जल्दी लौटकर आये पापा खेत गये वो नहीं मिली। इसके बाद हम और पापा जंगल में गये, लेकिन वहां भी वो नहीं दिखाई दी। इसके बाद जब गांव के दस लोगों को लेकर तलाश किया तो जंगल में शव मिला है। उसने बताया कि जमीनी विवाद चल रहा था।उधर घटना के बाद पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा, एडिशनल एसपी विपुल कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी बल्दीराय रमेश, थानाध्यक्ष बल्दीराय अमरेन्द्र बहादुर सिंह, पारा चौकी इंचार्ज शेखर सोनकर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जांच-पड़ताल कर जल्द घटना के खुलासा करने की बात कही।

### स्टंटबाजों ने जोखिम में डाली पब्लिक की जान, सड़क पर हूटर बजाते हुए निकले, गाड़ी पर लिखा था पुलिस

**लखनऊ, (यूएनएस)।** सोशल मीडिया पर राजधानी लखनऊ का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें कार सवार रईसजादे विंडो और रूफ विंडो पर बैठे दिखते हैं। वीडियो को पोस्ट करने वाले शख्स का दावा था कि कार में हूटर बज रहा था। इसकी नंबर प्लेट पुलिस भी लिखा हुआ था। इससे एक बात तो साफ जाहिर है कि पुलिस स्टंटबाजों पर लगाम नहीं लगा पा रही है। फिलहाल वायरल वीडियो के बाद पुलिस कार को ट्रेस करने में जुटी हुई है। वायरल वीडियो मंगलवार शाम का है। वायरल हो रहे वीडियो में राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से कठौता जाने वाली सड़क का बताया जा रहा है जो शहीद पथ के नीचे से होकर गुजरती है। कार में तीन से चार युवकों सवार नजर आ रहे हैं। युवक कार की खिड़कियों पर लटके दिखाई दे रहे हैं। सड़क पर चल रहे दूसरों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। इनसे बचने के लिए लोग खुद अलग हट रहे हैं। ट्विटर पर वायरल हो रहे वीडियो में दावा किया जा रहा है सभी युवकों की कार में हूटर लगा है। नंबर प्लेट पर पुलिस लिखा हुआ है। गोमतीनगर थाना प्रभारी के मुताबिक, शुरुआती जांच में पता चला है कि तस्वीरें इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से लेकर कठौता जाने वाली सड़क की हैं। ऐसे में वहां के सीसीटीवी फुटेज अभी चेक किया जा रहा है जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस के सामने चुनौती यह है कि गाड़ी की नंबर प्लेट पर नंबर ना होकर पुलिस लिखा था।

### उपचुनावः मैनपुरी लोकसभा सीट पर सभी की निगाहें टिकी, आज होगी मतगणना

**लखनऊ, (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश में दो विधान सभा और एक लोक सभा सीटों पर हुए उपचुनाव की मतगणना कल होगी इसे लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। सबसे हॉट सीट माने जाने वाली मैनपुरी लोक सभा पर सभी की निगाहें टिकी हुई है। दरअसल, कई चुनवाओं में सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की पार्टी का कब्जा रहा है। मुलायम सिंह यादव के बिना पहली बार सपा प्रमुख अखिलेश यादव चुनाव लड़ रहे है। मैनपुरी सीट से अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव प्रत्याशी है। बता दें कि रामपुर विधानसभा सीट आजम खां को वर्ष 2019 में नफरत भरा भाषण देने के मामले में पिछले महीने तीन साल की सजा सुनाये जाने के कारण उनकी सदस्यता रद्द होने के चलते खाली हुई थी। वहीं मैनपुरी लोकसभा मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद रिक्त हुई। वहीं खतौली विधानसभा सीट से विधायक रहे विक्रम सैनी को दंगा भड़काने के मामले में कोर्ट ने दो साल की सजा सुनाई थी जिस वजह से विधानसभा अध्यक्ष ने सैनी की विधायकी को रद्द कर दिया। हालांकि इस सीट पर उनकी पत्नी को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। अब देखना है कि क्या इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी जीत दर्ज करती है या फिर सपा समर्थित आरएलडी प्रत्याशी मदन भैया जीत दर्ज करते है।

### मृत बतायी गयी महिला सात साल बाद जिंदा मिली, पुलिस ने लिया हिरासत में

**अलीगढ़ (यूएनएस)।** किसी रहस्य और रोमांच भरी फिल्म की कहानी की तरह सात साल पहले अलीगढ़ से कथित रूप से अगवा कर 'कत्ल' की गयी लड़की इस मामले के अभियुक्त की मां की पड़ताल में सात साल बाद हाथरस में जिंदा पायी गयी। मामले के अभियुक्त 25 वर्षीय विष्णु की मां ने अपने बेटे को कठघरे में खड़ा करने वाले मामले की समानांतर पड़ताल की और अब 22 वर्ष की हो चुकी उस लड़की को जिंदा पाया। इस बारे में सूचना मिलने पर हरकत में आयी पुलिस ने लड़की को हिरासत में ले लिया। पुलिस अब उसकी 'डीएनए जांच' कराने की तैयारी में जुटी है। इस बारे में हाथरस के इगलास क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) राघवेंद्र सिंह ने बुधवार को ' बताया कि वर्ष 2015 में 15 वर्षीय लड़की के पिता ने गोंडा थाने में उसके अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। एक शव बरामद होने की खबर पढ़ने पर लड़की के पिता ने आगरा में रखे उस शव की पहचान अपनी बेटी के रूप में की थी। इसके बाद इस मामले में हत्या की धारा जोड़ी गयी थी। बाद में इस मामले के आरोपी विष्णु को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हालांकि विष्णु की मां पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं थीं और उन्होंने मामले की समानांतर रूप से पड़ताल जारी रखी। इस दौरान हाथरस में एक धार्मिक अनुष्ठान के दौरान उन्होंने लड़की को वहां देखा। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सिंह ने बताया कि अभियुक्त की मां के दावे को प्रथम दृष्टया सही पाकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि हिरासत में ली गयी युवती को सोमवार को अलीगढ़ की अदालत में पेश किया गया। मंगलवार को उसके बयान दर्ज किये गये। सिंह ने बताया, ''हम युवती की 'डीएनए प्रोफाइलिंग' करा रहे हैं ताकि मामले में आगे की कार्रवाई की जा सके। युवती का डीएनए उसके माता-पिता से मिलान कराया जाएगा। उसकी रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।'' आरोपी विष्णु की मां ने संवाददाताओं से कहा कि उसे पता था कि उसके बेटे को गलत तरीके से फंसाया गया है।

### शादी में देरी हुई तो होने वाले पति के पास पहुंच गई युवती

**गोण्डा, (यूएनएस)।** शादी में देरी होने पर अलीगढ़ की एक युवती पिता का घर छोड़कर युवक के पास चली आई। बाद में युवती को थाने ले जाया गया। पुलिस ने सूचना देकर उसके भाई को बुला लिया। भाई के काफी समझाने पर युवती अपने घर लौट गई। घटना कस्बा में चर्चा का विषय बना हुआ है। कस्बे के एक व्यक्ति के यहां अलीगढ़ निवासी युवक वाहन चालक का कार्य करता है। उसका रिश्ता अलीगढ़ निवासी युवती के साथ दोनों के परिवार ने रजामंदी से तय कर दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## गाय से टकराकर घायल हुआ युवक, झपकी आने पर डिवाइडर से टकराया बाइक सवार

**सुलतानपुर, (यूएनएस)।** जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर दो हादसे हुए हैं। हालांकि दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। बाइक सवार दो युवक घायल हुये हैं, जिन्हें इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया है। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में दोनों घटनाएं हुई हैं। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के दरपीपुर गांव के पास युवक बुलेट बाइक से लखनऊ की ओर जा रहा था। एकाएक सामने से आई गाय से युवक की टक्कर हो गई। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। उसे जिला अस्पताल भेजा गया है। घायल की पहचान मऊ जिले के दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के औरंगाबाद निवासी शुभम चौरसिया (25) के रूप में हुई है। इसी क्रम में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर केएम 143 पर कोतवाली क्षेत्र के विरसिंहपुर गांव से आगे बाइक सवार लखनऊ से लौट रहा था। यूपीडा कर्मियों के अनुसार बाइक सवार को एकाएक झपकी आ गई और बाइक डिवाइडर जा टकराई। उसे घटना स्थल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर पहुंचाया गया। घायल युवक की पहचान बिहार के पटना जिला अंतर्गत पाटिलपुत्र थानाक्षेत्र के नेहरू नगर मोहल्ला निवासी अविनाश सिंह पुत्र राम सुरेश सिंह के रूप में हुई है।

## 394 स्कूली वाहनों का पंजीकरण रद्द, बिना फिटनेस के चलने वाले स्कूली वाहनों पर आरटीओ की कार्रवाई

**प्रतापगढ़, (यूएनएस)।** बिना फिटनेस वाले 394 स्कूल वाहनों का एआरटीओ ने कौशल (कम्यू की बात पंजीकरण निरस्त कर दिया है। कई कार्यशाला हुई। कर्मचारी द्वारा कई बार नोटिस भेजने के बाद भी सम्बंधित स्कूल संचालक तीन वर्ष से वाहन का फिटनेस नहीं करा रहे थे। स्कूली बच्चों की जान जोखिम में डालकर उन्हें अनफिट वाहनों से ढोने वाले स्कूल संचालकों पर शिकंजा कसने को परिवहन विभाग ने कुल 394 वाहन चिन्हित किए, जिनका फिटनेस तीन वर्ष से नहीं कराया गया। इन वाहन वाले स्कूल संचालकों को नोटिस भेजकर फिटनेस कराने के लिए चेतावनी दी गई थी पर वे आगे नहीं आए। इतनी बड़ी संख्या में स्कूली वाहनों की फिटनेस रद्द होने से स्कूल संचालकों में हडकंप मचा हुआ है। पूरे मामले में आरटीओ दिलीप गुप्ता ने बताया कि अभी फिटनेस न करने वाले 394 वाहनों का पंजीकरण रद्द किया गया है आगे भी इसी तरह की कार्यवाही जारी रहेगी।

## ट्रक की चपेट में आने से पिता की मौत, पुत्र गंभीर रूप से घायल

**प्रतापगढ़, (यूएनएस)।** बेटे के साथ बाइक से शहर जा रहे पिता की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। आरोपी ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। मानिकपुर थाना क्षेत्र के ऐंठू कहारन का पुरवा निवासी मलखेन सरोज(55) बुधवार को अपने बेटे मोहित सरोज(25) के साथ बाइक से किसी काम से शहर की ओर जा रहा था। लीलापुर थाना क्षेत्र के सगरा सुंदरपुर बाजार में पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने दूसरे वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिता ट्रक के नीचे आ गया, जबकि बाइक चला रहा पुत्र दूसरी ओर जा गिरा। हादसे में पिता व पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रक की चपेट में आने से बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर जुटी भीड़ ने एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को लालगंज ट्रामा सेंटर भेजा गया। यहां चिकित्सकों ने पिता मलेखन सरोज को मृत घोषित कर दिया। इस बीच सूचना पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे और दहाड़ें मारकर रोने लगे। अस्पताल पहुंची लीलापुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आरोप ट्रक चालक की तलाश कर रही है। लीलापुर एसओ ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## आप कार्यकर्ताओं ने मनाया एमसीडी जीत का जश्न, फोड़े पटाखे

**सुलतानपुर, (यूएनएस)।** एमसीडी से 15 साल बाद भाजपा आउट हो गई है। पहली बार आप की एंट्री हुई है। आप को 134 सीटें मिली हैं। पार्टी की इस शानदार जीत की खबर जैसे ही आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के गृह जनपद पहुंची तो समर्थकों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सड़कों पर उतरकर आप नेताओं ने जमकर पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। जिले के आप पदाधिकारियों ने शहर के तिकोनिया पार्क स्थित डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जश्न मनाया गया। जिलाध्यक्ष महमूद खान ने कहा कि दिल्ली एमसीडी में पार्टी की जीत से समूचे देश में पार्टी के प्रति लोगों का झुकाव और तेजी से बढ़ेगा। नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी डॉक्टर संदीप शुक्ला ने कहा कि पार्टी की जीत से भाजपा में खलबली मच गई है और इससे उत्साहित हमारे संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ साथ सुल्तानपुर की जनता का आशीर्वाद नगर पालिका चेयरमैन के रूप में मिलेगा। नगर प्रभारी फिरोज खान ने कहा संगठन को साथ में लेकर जल्द से जल्द डोर टू डोर कैंपेन किया जाएगा। इस मौके पर जिला महासचिव रामबिलास तिवारी, बौद्ध प्रांत सचिव अजीत श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष शोहरत अली, बौद्ध प्रांत सचिव मोहम्मद अख्तर,रविन्द्र तिवारी, इशहाक अहमद, जितेन्द्र तिवारी, गुड्डू जायसवाल, शहजादा शकील, मोहम्मद सलीम, सादाब अहमद, अनिल कोरी, मोहम्मद अफजल आदि लोग मौजूद रहे।

## गोमती नदी में मिला महिला का शव, मछुआरों की मदद से पुलिस निकलवाया

**सुलतानपुर, (यूएनएस)।** जिले में बुधवार को देहात कोतवाली क्षेत्र के सलाहपुर के पास गोमती नदी में महिला का शव उतराता मिला। महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दिया, मौके पर पहुंची पुलिस ने मछुआरों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली नगर के पांचोपीरन कस्बे की रहने वाली खुर्शीदा बानो पत्नी मोहम्मद अजीमुल तीन दिन पूर्व मॉर्निंग वॉक पर निकली थी। इसके बाद वो लापता हो गई। परिवार वालों ने काफी तलाश किया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। इस मामले में पति की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज किया था। उधर बुधवार को देहात कोतवाली क्षेत्र के सलाहपुर गांव के पास गोमती नदी में ग्रामीणों ने एक महिला का शव देखा तो वहां भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों में से किसी ने सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर थाने की फोर्स मौके पर पहुंची। स्थानीय मछुआरों को पुलिस ने बुलवाया और शव को बाहर निकलवाने की प्रक्रिया शुरू हुई। घंटे भर की मशक्कत के बाद शव बाहर निकाला जा सका। पुलिस ने शव की पहचान शुरू किया तो स्थानीय स्तर पर महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। इसी क्रम में पुलिस को पता चला कि तीन दिन पूर्व नगर कोतवाली क्षेत्र में महिला लापता हुई थी। परिवार वालों को इसकी खबर की गई। मौके पर पहुंचे लापता महिला खुर्शीदा के पति मोहम्मद अजीमुल ने शव की पहचान अपनी पत्नी के रूप में की। पति-पत्नी माली का काम करते थे। एसओ कोतवाली देहात अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। शरीर पर किसी तरह का चोट का निशान नहीं मिला है। शेष परिवार वालों की ओर से तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

## युवक पर छेड़छाड़ का मुकदमा,गांव वाले बता रहे हैं पुराना विवाद

**सुल्तानपुर, (यूएनएस)।** जिले के कूरेभार थाना अंतर्गत एक गांव में युवक पर गांव की युवती के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगा है। मामला संदिग्ध होने के कारण पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही थी। इस बीच खाकी पर काफी दबाव बना तो थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दिया है। वहीं गांव में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।मामला कूरेभार थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक थानाक्षेत्र के एक गांव के रहने वाले अनिल पर गांव की ही एक युवती पर छेड़छाड़ का आरोप है। पीड़िता के पिता के मुताबिक उसकी पुत्री शौच के लिए गई थी। जहां आरोपी पहले से घात लगाकर बैठा था। आरोप है कि उसने युवती को जबरन पकड़ कर अश्लील हरकत और छेड़छाड़ किया।

# प्रबुद्ध सम्मेलन में महापौर संयुक्ता भाटिया ने रखा विगत 5 वर्षों का रिपोर्ट कार्ड

**लखनऊ, (यूएनएस)।** प्रबुद्ध सम्मेलन में महापौर संयुक्ता भाटिया ने रखा विगत 5 वर्षों का रिपोर्ट कार्ड रखते हुए महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि सभी लखनऊ के देवतुल्य जनता और कार्यकर्ताओं को बधाई देना चाहूंगी अपने लखनऊ ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2022 में भारत के सभी शहरों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है यानी आप अपना लखनऊ नंबर एक बन गया जिस पर हमें डेढ़ करोड रुपए का पुरस्कार राशि भी प्राप्त हुई। यहां ट्रिपल इंजन सरकार द्वारा किए गए कार्य का ही परिणाम है। इसके लिए मैं माननीय मोदी जी, शेर ए हिंद माननीय राजनाथ सिंह जी, माननीय योगी जी, और हमारे मंत्रियों सहित लखनऊ के सभी विधायकों, देवतुल्य कार्यकर्ताओं और आप सब का आभार जताती हूँ। वास्तव में आप सब ने देखा होगा कि लखनऊ में विगत 5 वर्षों में बहुत बदलाव आया है । स्वच्छता रैंकिंग में लखनऊ ने 5 वर्षो में 269वें पायदान से लंबी छलांग लगाते हुए 17वें पायदान की रैंकिंग प्राप्त की है। स्वच्छ वायु रैंकिंग में देश में नंबर वन बने। पीएम स्व निधि योजना के अंतर्गत गरीब रेहड़ी पटरी दुकानदारों को दस हजार रुपये का लोन देने के मामले में हम पूरे देश में नंबर वन पर है। मुंबई के प्रख्यात बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में लखनऊ नगर निगम का 200 करोड रुपए के बांड जारी कराकर हमने लखनऊ का डंका विश्व के आर्थिक जगत में बजाया है। इससे हमारी छवि वैश्विक स्तर पर सुधरी है। लखनऊ ने देश में होने वाले रैंकिंग में विगत 5 वर्षो से लगातार अवार्ड प्राप्त किए हैं यह हमारी सुधरती व्यवस्था को दिखाता है। जहां एक ओर भारत के रक्षा मंत्री और हमारे सांसद माननीय राजनाथ सिंह जी ने लखनऊ को बहुत सौगातें दी हैं उन्होंने लखनऊ को पुलों का शहर बना दिया है लखनऊ में लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए कई कार्य किए हैं वहीं नगर निगम द्वारा हम मूलभूत सुविधाओं के साथ ही लखनऊ का ष्इज ऑफ लिविंग स्टैंडर्डष् को बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। इज ऑफ लिविंग स्टैंडर्ड दिखाएगा लखनऊ रहने के लायक कितना अच्छा शहर है। विगत 5 वर्षों में नगर निगम लखनऊ ने विकास के नए कीर्तिमान को स्थापित किया है।



नगर निगम के द्वारा विगत 5 वर्षों से हमने 25 सौ करोड रुपए से ज्यादा के विकास कार्यों को जनता को समर्पित किया है। दो हजार के आसपास अवैध दूध डेयरीयों को बाहर किया है। कई कल्याण मंडप और सामुदायिक केंद्रों का निर्माण हुआ है साथ ही 740 में से 630 खुले कूड़ा घरों के समाप्त कर हमने वहां फुलवारी विकसित की है। दस हजार से अधिक खाली प्लांटों से कूड़े को हटवाया है शहर के प्रमुख बाजारों में नाइट स्लीपिंग कार्य भी हो रहा है और अत्याधुनिक मशीन द्वारा रोड की सफाई हो रही है। 600 से अधिक गाड़ियों से प्रतिदिन डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन किया जा रहा है शहर के विभिन्न स्थानों पर 84 कॉम्पेक्टर लगाए गए हैं और 20 अंडरग्राउंड बिन भी लगाए गए। महापौर ने आगे कहा कि विगत 5 वर्षों में हमने जनता पर कोई भी नए कर का बोझ नहीं डाला है और नाही गृहकर को बढ़ाया है। ओटीएस योजना के माध्यम से हमने जनता के बकाए 48 करोड़ के ब्याज को माफ कर जनता को ब्याज के मकड़जाल से मुक्ति दिलाई है। स्वगृहकर प्रणाली को ऑनलाइन कर दिया है जिससे आप मात्र 10 मिनट में अपने घर का म्यूटेशन कर सकते हैं और आप खुद तय कर सकते हैं कि कितना आप पर कितना टैक्स बनता है। इससे आपको बेवजह नगर निगम को चक्कर लगाने से मुक्ति मिली है। विगत 5 वर्षों में तीन नई गौशालाओं का निर्माण भी किया गया । अपना शहर ओडीएफ प्लस प्लस हो गया है। 12 हजार से अधिक व्यक्तिगत शौचालय, 400 से अधिक सामुदायिक सार्वजनिक शौचालय, 96 एसीध्डीलक्स शौचालय, 1,000 से अधिक यूरिनल, महिलाओं के लिए 74 पिंक टॉयलेट का निर्माण किया गया है। लखनऊ वासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का उद्देश्य लखनऊ नगर निगम द्वारा लगभग 37 हजार नए घरों को पानी की पाइप लाइन से जोड़ा गया है शहर भर में 75 हजार मीटर की सीवर पाइप लाइन बिछाई जा रही है 13 नए बड़े नलकूपों की स्थापना के साथ 42 नलकूपो को रिबोर किया गया है। महापौर ने आगे कहा कि विगत 5 वर्षों में 2 लाख से अधिक एलईडी लाइटें लगाई गयी है। 5 सौ हाइमास्ट और 4 हजार पोल लगाए गए। 5 हजार खम्बो पर एलईडी स्ट्रिप लाइटें लगाकर जगमग किया गया, जिससे आपको लखनऊ में लंदन जैसा अनुभव होता है। कोरोना काल मे हमने आठ कम्युनिटी किचन स्थापित करके लगभग अस्सी हजार भोजन पैकेट प्रतिदिन वितरित किए हैं। 110 बड़े टैंकरों और 600 छोटी सैनिटीजेशन की मशीनों द्वारा हमने प्रत्येक घर में सैनिटाइजेशन का कार्य कराया। ऐसा कोई घर नहीं बचा जहां हमने सैनिटीजेशन का कार्य न कराए हो। महापौर ने आगे कहा कि विकास कार्य और किए गए कार्यों की सूची लंबी है और अभी बहुत से काम करना बाकी है। मैं आपको विश्वास दिलाती हूं देश, प्रदेश और लखनऊ में ट्रिपल इंजन की सरकार आपकी सेवा के लिए सदैव तत्पर है। हम लखनऊ को सर्वश्रेष्ठ शहर बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

## सपा नेता का लंबी बीमारी के बाद निधन, तीन सालों से चल रहा था इलाज

**कन्नौज, (यूएनएस)।** जिले के इंदरगढ़ थाना निवासी सपा नेता व पूर्व मंत्री विजय बहादुर पाल का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमारियों से ग्रसित थे और उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इंदरगढ़ के रहने वाले पूर्व राज्यमंत्री विजय बहादुर पाल पिछले करीब 3 वर्षो से बीमारी से जूझ रहे थे। कन्नौज से लेकर लखनऊ तक के अस्पतालों में उनका इलाज चलता रहा। लंबी बीमारी के बाद उन्होंने मंगलवार तड़के अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना जिले भर में फैल गई। शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए लोग इंदरगढ़ पहुंचने लग गए। बताया जा रहा है कि वह 81 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके थे और राजनीति के क्षेत्र में अपने देशी अंदाज में बेबाक बयानों के कारण उन्हें जाना जाता था। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से उनके बेहद नजदीकी संबंध रहे। वह इंदरगढ़ क्षेत्र के मढ़पुरा गांव स्थित महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में अंग्रेजी विषय के अध्यापक भी रहे। रिटायर होने के बाद वह पूरी तरह से राजनीति के क्षेत्र में उतर गए थे। उनके निधन की सूचना उनके बेटे अनिल पाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके दी। जिससे उनके करीबी और समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। सपा के नेता व पूर्व राज्य मंत्री विजय बहादुर पाल मूल रूप से औरैया जिले के शिवरा गांव के रहने वाले थे। उनके पिता राम कृष्ण और बड़े भाई राम सेवक किसान थे। पढ़े-लिखे होने के कारण विजय बहादुर पाल वर्ष 1969 में कन्नौज जिले के महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में शिक्षक हो गए थे और फिर उन्होंने इंदरगढ़ में ही अपना आशियाना बना लिया। उन्होंने क्रांतिकारी शिक्षा सदन इंटर कॉलेज के नाम से अपना विद्यालय भी संचालित किया, जो कि क्षेत्र में शिक्षा का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। विजय बहादुर पाल ने वर्ष 1985 में पहली बार पंचायत चुनाव में अपनी किस्मत आजमाई थी। तब उन्हें हसेरन का ब्लॉक प्रमुख चुना गया। इसके बाद उन्होंने 1995 में भाजपा से जिला पंचायत के वार्ड 16 से सदस्य पद का चुनाव लड़ा और जीत भी हासिल की। उस समय का वार्ड 16 वर्तमान में वार्ड 21 हो चुका है। जिसके बाद उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा और उन्हें हराते हुए कप्तान सिंह यादव ने चुनाव जीता था। इसके बाद उनकी नजदीकियां सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव से बढ़ने लगीं। इसके बाद साल 1996 में सपा की टिकट से उमर्दा विधानसभा क्षेत्र से पहला चुनाव लड़ा। तब भाजपा के कैलाश राजपूत को जीत मिली थी। विजय बहादुर पाल ने साल 2002 में सपा के टिकट से पहली बार उमर्दा विधानसभा से चुनाव में जीत हासिल की थी। साल 2007 में वह बसपा प्रत्याशी कैलाश राजपूत से फिर चुनाव हारे थे। इसके बाद वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में सपा के टिकट से चुनाव लड़े और दूसरी बार जीत हासिल की। उस समय मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उन्हें अपने मंत्रिमंडल में शामिल करते हुए माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री बनाया था। हालांकि बेबाक बयानबाजी के कारण वह लंबे समय तक विवादों में भी घिरे रहे।

## पुलिस ने छात्रा को गंगा में कूदने से बचाया

**रायबरेली, (यूएनएस)।** जिले में पुलिस आज एक छात्रा के लिए जीवनदायिनी बन गई है। पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक छात्रा को उस वक्त गंगा नदी में छलांग लगाने से रोक लिया जब वह सरेनी थाना इलाके के गेगासों पुल की रेलिंग तक पहुंच गई थी। जिसके बाद सूचना मिलते ही भारी संख्या पुलिस मौके पर पहुंच गई है। लड़की ने बताया कि उसके घर वालों ने डांटा था। उसके बाद वो ये कदम उठाने चली थी। पुलिस लड़की को लेकर उसके घर पहुंची।बता दें कि सरेनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गेगसो गंगा नदी का पुल है। उसी गंगा नदी के ऊपर बने पुल पर रात्रि गश्त कर रही थी। तभी पुलिस की नजर पड़ी थी। पुलिस ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बिना छात्रा को आवाज लगाए युवती का पैर पकड़ कर खींच लिया। छात्रा ने खुद को पुलिस वालों से घिरा देखा तो फफ्क फफक कर रोने लगी। गश्ती पुलिस ने छात्रा को प्यार से समझाते हुए आत्महत्या का कारण पूछा तो उसके जवाब में सिर्फ रोना रह गया। छात्रा के मुताबिक उसका पिता शराब का आदी है और उसके साथ मारपीट करता है। हाईस्कूल की छात्रा ने बताया कि पिता शराब पीने का लती होने के चलते उसकी पढ़ाई भी बाधित हो रही है। पुलिस ने तुरंत फतेहपुर जिले के हुसैनगंज थाना क्षेत्र निवासी उसके पिता को बुलाकर समझाने बुझाने के बाद अन्य परिजनों की मौजूदगी में उनके हवाले कर दिया। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने छात्रा को बचाने वाली पुलिस टीम की सराहना की है। कहा कि आज पुलिस ने अपना कर्तव्य निभाया है मारामारी रायबरेली पुलिस पूरी तरह से हर जगह सशक्त रूप से कार्यरत और एक्टिव मोड पर है किसी तरह की कहीं पर भी कोई समस्या आने से पहले वहां पर पहुंच जाती हमें गर्व है।

## फसल अवशेष प्रबंधन को किया जागरूक

**हरदोई, (यूएनएस)।** जिले में विकास खंड बावन के सभागार में फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अन्तर्गत चयनित गांव-रामपुर जटौली, एजा, बैंजना व गंगोली के कृषकों के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एडीओ डॉक्टर प्रदीप कुमार ने कहा कि आज फसल अवशेष प्रबंधन अति आवश्यक हो गया है। गिरते हुए मृदा स्वास्थ्य को सुधारने के लिए फसल अवशेष को भूमि में दबाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जीवांश पदार्थो तथा गोबर की खाद को बुवाई से पूर्व भूमि में अवश्य मिलायें। इससे जीवांश कार्बन प्रतिशत बढ़ेगा व फसल अच्छी होगी। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी डॉक्टर अवधेश कुमार तिवारी ने कहा कि फसल अवशेष को भूमि में मिलाने से मृदा स्वास्थ्य तो सुधरता ही है, साथ ही मिट्टी की जलधारण क्षमता भी बढ़ती है। फसल अवशेष को मिलाने से भूमि में वायु संचार होता है तथा नमी संरक्षित रहती है। केन्द्र के वैज्ञानिक मुकेश सिंह ने कहा कि फसल अवशेष को जलाने से हानिकारक गैस जैसे कार्बन डाइआकसाइड, कार्बन मोनोआक्साइड तथा सल्फर डाइआकसाइड का उत्सर्जन होता है। यह गैसें वातावरण को प्रदूषित कर कई बीमारियों को जन्म देती है। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष को भूमि में मिलाने से जमीन भुरभुरी हो जाती है तथा जड़ें अधिक गहराई तक पानी व पोषक तत्वों को अवशोषण करती है और पौधों को उपलब्ध कराती है।

## 6 दिसंबर को लेकर प्रशासन रहा अलर्ट

**अतिसंवेदनशील और संवेदनशील इलाकों में भ्रमण करती रही पुलिस**

**हरदोई, (यूएनएस)।** शाहाबाद के पिहानी क्षेत्र में संवेदनशील इलाकों पर पुलिस की विशेष नजर रही। 6 दिसंबर को लेकर पुलिस-प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरती। पूरे दिन चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स मुस्तैद रही। एडिशनल एसपी दुर्गेश कुमार सिंह व सीओ शिल्पा कुमारी बराबर कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी से शांति व्यवस्था के विषय में पूछते रहे। कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने कस्बे के मस्जिदों के अलावा पंडरवा, जाजू पारा, राभा, दहेलिया, करीमनगर आदि इलाकों की मस्जिदों व गांवों में पैदल गस्त किया। मस्जिदों में सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस फोर्स तैनात रहा। क्षेत्र के गांवों व कस्बे में माहौल सामान्य दिनों के तरह ही रहा। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 6 दिसंबर 1992 में विवादित ढांचा गिरा दिया गया था। इसके बाद से प्रदेश में कुछ संगठन इसको शौर्य दिवस तो कुछ संगठन काला दिवस के रूप में मनाते हैं। इसे लेकर पुलिस अलर्ट है। 6 दिसंबर को लेकर मंगलवार को पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। कई इलाकों में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। इसके साथ ही संवेदनशील इलाकों में चौकसी बढ़ाई गई। छह दिसंबर को हुए निजी कार्यक्रमों पर भी पुलिस के खुफिया तंत्र की नजर रही। कस्बे के मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस ने कड़ी नजर रखी। देहात के क्षेत्रों में आने-जाने वाले संदिग्ध लोगों की तलाश भी पुलिस द्वारा ली गई। चौहट्टा मस्जिद मोहल्ला खुरमुली अतिरिक्त कोतवाल प्रेमपाल सिंह, सतेन्द्र सिंह, अजय सिंह, विकास कुमार, शिया मस्जिद कोटकला उपनिरीक्षक रजनीश कुमार त्रिपाठी, सुमित त्यागी, मोहित कुमार, जामा मस्जिद कटरा बाजार उपनिरीक्षक कन्हैयालाल, दीपक सागर, साजिद खां, हुसेन मस्जिद लोहानी, धर्मेंद्र सिंह चंदेल, जितेंद्र कुमार, अतुल राणा, शेयदाना मस्जिद, उपनिरीक्षक रामराज अवस्थी, राजेदव, सुनील, संजय सिंह, मस्जिद नई बस्ती कासिम के घर के पास, अतुल कुमार, इस्लाम गंज मस्जिद मो नागर, उपनिरीक्षक अनिल सिंह, ऋषि कुमार, अमृतंजय पटेल, तीन बंदर पार्क, रामकुमार, गंगासिंह, राजकपूर, सुरजीत कुमार, योगेश कुमार, राकेश, संदीप कुमार आज की ड्यूटी रोजा गेट, शाहबाद तिराहा, करवारोड, कस्बा पुलिस चौकी,बस स्टैंड आदि पर लगी रही। कोतवाल बेनी माधव के साथ हेड कांस्टेबल रमेश सिंह, होराम सिंह, रिन्कू कुमार, राजेश यादव, प्रतीक्षा राघव पूरे क्षेत्र में भ्रमण करते रहे।

## 3 बहनें कुएं में कूदीं, 2 की मौत, बड़ी बहन को बचाने में छोटी की गई जान

**अमेठी, (यूएनएस)।** जिले में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पहले बड़ी बहन ने कुएं में छलांग लगा दी। उसे बचाने के चक्कर में दो छोटी बहनें भी कुएं में कूद गई। हादसे में बड़ी बहन और उसके पीछे कूदी बहन की डूबकर मौत हो गई, जबकि सबसे छोटी बहन झाड़ियों में फंसने से बच गई। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद के बाद यह स्थिति हुई। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल मोहनगंज पुलिस को दी। ैच् इलामारन ने भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने दो शवों को कुएं से बाहर निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। तीसरी बहन की हालत ठीक बताई जा रही है। मामला मोहनगंज थाना क्षेत्र के फूला गांव का है। शिवदर्शन मौर्य की 6 बेटियां और दो बेटे हैं। बड़ी बेटी की शादी हो गई है। बड़ा बेटा संदीप दिल्ली में रहता है, जबकि दूसरे बेटा मंशाराम की दिमागी हालात ठीक नहीं है। कुछ दिनों से लापता है। जिसे लेकर संदीप अपनी विवाहित बहन शिवकुमारी से फोन पर बात कर रहा था। परिजनों के मुताबिक, शिवकुमारी ने अपने भाई को फोन पर बताया कि मंशाराम पिता की डांट के कारण कहीं चला गया है। पिता को समझाओ। यह बात पिता शिव दर्शन ने सुन ली और अपनी बेटी को फटकार लगाई कि तुम पिता और बेटे के बीच लड़ाई कराना चाहती हो।इसके बाद शिव दर्शन ने घर छोड़ने की बात कहते हुए अपना सामान अपने बैग में पैक किया और जाने लगा तो शिवकुमारी ने काफी मान-मनौव्वल की। खुद ससुराल चले जाने की बात कही। लेकिन, शिव दर्शन ने मना कर दिया और बैग लेकर घर से निकल गए। पिता के घर से जाने से परेशान होकर शिव कुमारी (21) गुस्से में घर से बाहर 300 मीटर दूर जंगल में कुएं की ओर भागी। अनहोनी का अंदेशा जताकर उसको बचाने उसकी छोटी बहनें चंद्रकांति (12) और शिवकांती भी पीछे दौड़ीं। शिव कुमारी कुएं में कूद गई, जिसे बचाने के लिए चंद्रकांति भी कुएं में कूदी, लेकिन जो झाड़ में फंसकर अटक गई। इसके बाद दोनों को बचाने में चंद्रकांति ने भी छलांग लगा दी और डूब गई। गांव वालों के प्रयास से शिवकुमारी और चन्द्रकांति को कुएं से निकालकर सीएचसी तिलोई भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल शिवकांती को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। घटना की सूचना मिलते ही शिव दर्शन लौट आया और कुएं के पास बैठकर रोने बिलखने लगा। दो सगी बहनों की मौत की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमले में भी हड़कंप मच गया और देर रात एसपी इलामारन जी ने भी घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण किया और घटना के बारे में जानकारी ली। घायल चंद्रकांति से अस्पताल जाकर पूरे मामले की जानकारी ली। फिलहाल पुलिस ने दोनों बहनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया है।

## जीएसटी टीम की कार्रवाई, रॉयल धागा बटन की दुकान पर मारा छापा

**अमेठी, (यूएनएस)।** जिले में जीएसटी विभाग की छापेमारी की कार्रवाई लगातार जारी है। दो दिन पहले जीएसटी की टीम ने जायस कस्बे में कई दुकानों पर छापेमारी की। आज टीम ने अमेठी कस्बे के धंमौर रोड पर स्थित रॉयल धागा बटन की दुकान पर छापा मारा। अयोध्या के जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर अंकित सिंह की अगुआई में ये छापेमारी की गई। रॉयल धागा बटन के मालिक सिद्दीक राइन हैं, जो सभासद भी रह चुके हैं। आज अयोध्या की जीएसटी टीम ने अमेठी कस्बे के धंमौर रोड स्थित रॉयल धागा बटन की दुकान पर छापा मारा। अचानक जीएसटी टीम की छापेमारी से हड़कंप मच गया। जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर अंकित सिंह की अगुवाई में आधा दर्जन से अधिक अधिकारियों ने दुकान में छापेमारी की। जीएसटी टीम ने करीब दो घंटों तक दुकान में गहनता से जांच की और कागजातों को खंगाला। बता दें कि जीएसटी विभाग की टीमें जिले में लगातार कार्रवाई कर रही हैं।

## तपकल्याणक मनाया गया, भगवान ऋषभदेव को हुआ वैराग्य

**लखनऊ, (यूएनएस)।** डालीगंज जैन मन्दिर में चल रहे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव पण्डाल में बुधवार को जैन साध्वी गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माताजी के सानिध्य मे तपकल्याणक मनाया गया। बालक आदि कुमार के वैराग्य की क्रिया हुई। अभिषेक, पूजन, वेदी शुद्धि, भगवान ऋषभदेव को वैराग्य, लौकांतिक देव का आगमन, पालकी पर आरूण, महाराज नाभिराय दरबार, युवराज पद एवं राज्याभिषेक, नीलांजना का नृत्य, दीक्षाकल्याणक आदि क्रियाएँ सम्पन्न हुई। भगवान ऋषभदेव के रुप में सुभाष चन्द्र जैन टिकैतनगर, भरत चक्रवर्ती बनने का सौभाग्य पवन जैन को प्राप्त हुआ। तप कल्याणक के समय संगीतकारों द्वारा सुन्दर सुन्दर भजन 'घर घर आनन्द छायो मुनिवर ने केवल पायो.घ्, वेश दिगम्बर धार चले है मुनि दूल्हा बनके..., सुनाया तो सभी झूमने लगे। नृत्य नाटिका में दिखाया कि आदिनाथ का परिवार बढ़ता है उनके युवा पुत्रों बाहुबली एंव भरत तथा पुत्रियां राजकुमारी ब्रहमी एंव सुंदरी का जन्म होता है। महाराज के दरबार में एक दिन भरी सभा में नीलाजना नाम की नर्तकी नृत्य कर रही थी। उसी दौरान नृत्य करते-करते उसके प्राण पखेरू उड़ गये। देवराज इंद्र ने अपनी लीला से उसी क्षण दूसरी नर्तकी की भेज देते हैं। लेकिन आदिनाथ को पता चल जाता है। और मन पर्याय ज्ञान अवधिज्ञान उत्पन्न होकर वैराग्य हो जाता है। उनके माता पिता व परिवार जन द्वारा उन्हे लाख समझाने के बाद भी वन में प्रस्थान कर जाते हैं। महोत्सव के दौरान जब वैराग्य का प्रसंग हुआ तो श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस ऐतिहासिक पंचकल्याण में भीषण ठंड में भी बडी संख्या में लोग पुण्य लाभ ले रहे हैं। बाद में अमित जैन, रितेश की अगुवाई में पालकी यात्रा निकाली गई। भगवान को पीछी भेंट दिनेश जैन, डा0 राधा जैन, कमण्डल चन्दी बाबू, विशाल जैन, भगवान को प्रथम आहार देने का सौभाग्य अभिजीत जैन को मिला। इस मौके पर भजन गायक रुपेश जैन ने 'हे गुरु मां आई है..., भजन सुनाया। श्री जैनधर्म प्रवर्धिनी सभा के अध्यक्ष विनय कुमार जैन ने बताया कि गुरुवार को प्रातः 7 बजे ज्ञान मोक्ष कल्याणक की पूजा, शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

# सम्पादकीय

## ईरान में उम्मीद की किरण

**ईरान में पिछले** तीन महीनों से हिजाब विरोधी प्रदर्शन महिलाएं कर रही थीं, जिसमें रविवार को उन्हें बड़ी सफलता मिली। ईरान की सरकार ने मॉरैलिटी यानी नैतिक पुलिस को खत्म करने का फैसला लिया है। गौरतलब है कि मॉरैलिटी पुलिस का काम देश में इस्लामिक ड्रेस कोड को लागू करना है। ईरान में 1983 से सभी महिलाओं के लिए सार्वजनिक रूप से अपना सिर ढंकना अनिवार्य है। दुनिया के बाकी देशों की तरह ईरान की महिलाओं को भी अपने अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष का लंबा दौर देखना पड़ा है। 1979 तक जब ईरान पर शाह का नियंत्रण था, शासन की आधुनिक नीतियों के कारण महिलाओं को कई क्षेत्रों में आजादी हासिल हुई थी। उनके पास हिजाब पहनने या न पहनने का विकल्प था, 1963 में वोट देने का अधिकार उन्हें मिला और परिवार संरक्षण अधिनियम ने महिलाओं के लिए विवाह की आयु बढ़ा दी, बहुविवाह को कम कर दिया, अस्थायी विवाहों पर प्रतिबंध लगा दिए। लेकिन उसके बाद 1979 में इस्लामिक क्रांति होने के बाद से फिर से उन पर पाबंदियां बढ़ने लगीं। हिजाब की अनिवार्यता इसका एक उदाहरण है। इसी के कारण सितंबर में 22 बरस की महसा अमीनी को हिजाब ठीक से ना पहनने के आरोप में मॉरैलिटी पुलिस ने हिरासत में लिया था। जब अमीनी को हिरासत में लिया गया तो वह अपने भाई के साथ थीं। पुलिस हिरासत में ही 16 सितंबर को अमीनी की मौत हो गई थी। आरोप है कि उनकी मौत मॉरैलिटी पुलिस की प्रताड़ना के कारण हुई। लेकिन पुलिस के मुताबिक मौत का कारण दिल का दौरा था। कारण जो भी हो, सच तो ये है कि एक 22 साल की निर्दोष लड़की को धर्म के ठेकेदारों ने प्रताड़ित किया। अमीनी की मौत के तीन दिन के बाद बड़ी तादाद में ईरानी महिलाएं सड़कों पर उतर आईं और तब से ईरान में देशव्यापी प्रदर्शन चल रहा है। सरकार प्रदर्शनकारियों के दमन में लगी हुई है। सैकड़ों लोगों की मौत विरोध प्रदर्शन के दौरान हो चुकी है। ईरान की महिलाओं के समर्थन में वहां के नामी-गिरामी लोग भी सामने आ रहे हैं। कतर में चल रहे फीफा मुकाबले में ईरान की टीम ने राष्ट्रगान के वक्त जिस तरह चुप्पी साध ली थी, वो इसका ज्वलंत उदाहरण है। ईरान की सरकार ने हिजाबविरोधी आंदोलन को दबाने की भरपूर कोशिश की। लेकिन अंततः उसे मॉरैलिटी पुलिस को खत्म करने का ऐलान करना पड़ा। ईरान के अटॉर्नी जनरल मोहम्मद जाफर मोंतजरी ने इस बारे में कहा कि नैतिक पुलिस को दूर रखने के साथ ही वे उस कानून की समीक्षा करेंगे, जिसमें सभी महिलाओं को अपने सिर को ढंकने की जरूरत होती है। संसद और अदालत दोनों ही इस पर काम कर रहे हैं। पिछले बुधवार को एक समीक्षा दल ने इस विषय पर चर्चा करने के लिए संसद के सांस्कृतिक आयोग से मुलाकात की थी। मॉरैलिटी पुलिस को खत्म करने की घोषणा एक बड़ी सफलता नजर आ रही है, लेकिन अभी इसमें कई किंतु-परंतु जुड़े हुए हैं, जिनके परिप्रेक्ष्य में ही हालात की समीक्षा करना उचित होगा। जैसे मोरैलिटी पुलिस ईरान पुलिस के अंतर्गत आती है। और ईरान में पुलिस और सेना दोनों गृह मंत्रालय के अंतर्गत होते हैं, न कि न्यायपालिका के तहत। ऐसे में अटार्नी जनरल के बयान का कितना वजन रहेगा, ये देखने वाली बात होगी। मॉरैलिटी पुलिस अगर न भी हुई, तो क्या इस्लामिक ड्रेस कोड हट जाएगा, ये भी एक बड़ा सवाल है। अभी ये भी नहीं पता है कि मॉरैलिटी पुलिस को अस्थायी तौर पर खत्म किया गया है, या फिर हमेशा के लिए ईरान की महिलाओं को इससे मुक्तिमिल गई है। क्योंकि अब तक सफेद और हरे रंग की वैन से चलने वाले मॉरैलिटी पुलिस कर्मी कहीं भी उतर कर महिलाओं को हिजाब ठीक करने कहते थे। कई बार डंडों से पिटाई भी कर देते थे। वैसे मॉरैलिटी पुलिस की समाप्ति की घोषणा को फिलहाल महिला स्वतंत्रता और अधिकारों के लिए एक उम्मीद की किरण माना जा सकता है। इसके साथ ही दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में किसी भी तरह की प्रताड़ना, अन्याय, अत्याचार के खिलाफ लड़ने का हौसला भी इससे मिलता है। अभी पिछले सप्ताह ही चीन में कोविड नियमों की कड़ाई और लॉकडाउन के खिलाफ जनता ने सारे खतरे उठाकर आवाज उठाई। जबकि चीन में सत्ता विरोधी होने का परिणाम अक्सर मौत के दरवाजे पर ही मिलता है। वहां सूचना के अधिकारों पर भी सरकारी पाबंदी है, जिस वजह से सही खबरें बाहर तक मुश्किल से आ पाती हैं। फिर भी दुनिया ने ये देख ही लिया कि कैसे चीन में लोगों ने सरकारी उत्पीड़न के खिलाफ विरोध किया। ईरान में पिछले तीन महीनों से एक बड़ा आंदोलन चला ही है और आसार यही लग रहे हैं कि मॉरैलिटी पुलिस की समाप्ति के बाद भी ये आंदोलन आसानी से खत्म नहीं होगा। क्योंकि महिलाओं ने एकजुटता के साथ संघर्ष की ताकत को पहचान लिया है। चीन और ईरान इन दो देशों का शासन लोकतंत्र के पैमाने के मुताबिक नहीं है। लेकिन जिन देशों में लोकतंत्र है, वहां भी सरकारें अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर रही हैं। मीडिया के जरिए जनमानस को प्रभावित करने के खेल के साथ, पूंजी का असमान वितरण कर एक पक्ष को बेहद ताकतवर और दूसरे को बेहद कमजोर करने का खेल खुल कर खेला जा रहा है। इसके खिलाफ विरोध और असंतोष की आवाजों को या तो अनसुना किया जा रहा है, या फिर विरोध करने वालों को सत्ता के जोर से दबाया जा रहा है।

# रोहिणी का लालू के प्रति त्याग

**उनके परिजनों ने सोमवार को जानकारी दी थी कि सिंगापुर में उनका आपरेशन कामयाब रहा। अभी वे कुछ दिन अस्पताल में ही स्वास्थ्य लाभ करेंगे। लालू प्रसाद यादव के स्वस्थ होने की कामना उनके परिजनों और पार्टी कार्यकर्ताओं समेत देश के बहुत से लोग कर रहे थे। पिछड़ी जातियों को राजनीति के जरिए सशक्त करने और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने एक सफल राजनैतिक पारी खेली और जब वे सक्रिय रूप से मैदान में नहीं थे, तब भी उनका असर किसी न किसी तरह दिख ही जाता था।**



**खुशी की बात है कि** राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का किडनी प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक हो गया। उनके परिजनों ने सोमवार को जानकारी दी थी कि सिंगापुर में उनका आपरेशन कामयाब रहा। अभी वे कुछ दिन अस्पताल में ही स्वास्थ्य लाभ करेंगे। लालू प्रसाद यादव के स्वस्थ होने की कामना उनके परिजनों और पार्टी कार्यकर्ताओं समेत देश के बहुत से लोग कर रहे थे। पिछड़ी जातियों को राजनीति के जरिए सशक्त करने और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने एक सफल राजनैतिक पारी खेली और जब वे सक्रिय रूप से मैदान में नहीं थे, तब भी उनका असर किसी न किसी तरह दिख ही जाता था। दरअसल मौजूदा दौर की राजनीति में धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के साथ डटकर खड़े होने और अन्याय के खिलाफबोलने की कीमत चुकाने वाले बहुत कम नेता बच गए हैं, लालू जी उनमें से एक हैं। इसलिए उनके शुभचिंतक और अनुयायी चाहते हैं कि वे स्वस्थ होकर शीघ्र वतन वापस आ जाएं। लालू प्रसाद को नया जीवन देने में कुशल डॉक्टरों के साथ-साथ उनकी बेटी रोहिणी आचार्य का अतुलनीय योगदान रहा है। सिंगापुर में अपने परिवार के साथ रह रहीं रोहिणी ने अपने पिता को एक किडनी दान दी है। मानव शरीर में किडनी या गुर्दे का काम रक्त के शुद्धिकरण का होता है। एक स्वस्थ व्यक्ति में किडनी के काम करने की क्षमता 90 मिलीलीटर प्रति मिनट से ऊपर होनी चाहिए। अगर ये 15 मिलीलीटर प्रति मिनट से नीचे जाए, तो डायलिसिस या ट्रांसप्लांट की सलाह दी जाती है। ट्रांसप्लांट का मतलब है किसी अन्य व्यक्ति के शरीर की दो किडनियों में से एक किडनी को मरीज के शरीर में लगा देना। मरीज की दोनों किडनियां वहीं मौजूद रहती हैं, और तीसरी किडनी अलग से प्रत्यारोपित की जाती है। किडनी दान दो तरह से होता है, एक तो मरीज के सगे संबंधी किडनी दे सकते हैं, और अगर परिजन किसी वजह से न दे पाएं, तो मरीज के मित्रों-परिचितों में जो स्वेच्छा से किडनी देना चाहे। दूसरा तरीका उस व्यक्ति की किडनी लगाने का हो सकता है, जिसकी मृत्यु हो गई हो या वह ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया हो। चिकित्सा विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है कि अब अंगदान के जरिए मरीज को नया जीवन मिल सकता है। हृदय, नेत्र, किडनी, फेफड़े ऐसे तमाम अंगों को मृतक के शरीर से निकालकर बीमार व्यक्ति के शरीर में लगाने का चमत्कार अब विज्ञान के जरिए संभव है। ऐसे कई प्रकरण सामने आए हैं, जब अपने किसी प्रिय की मौत के बाद परिजनों ने मृतक के अंगों को दान देने का फैसला किया, और उस वजह से किसी अन्य व्यक्ति को नई धड़कनें मिलीं, किसी को नयी नेत्रज्योति। इस तरह एक इंसान इस संसार के विदा होकर भी किसी न किसी रूप में जिंदा रहा और जो बीमारी के कारण मौत के मुंह में जा रहा था, उसे फिर से जीने का मौका मिला। अंगदान के इस महत्व के बारे में जागरुकता फैलाने का काम सरकारी और गैर सरकारी संगठन करते हैं। यही वजह है कि अब बहुत से लोग इसके लिए स्वेच्छा से आगे आ रहे हैं। कानून के मुताबिक, किडनी प्रत्यारोपण व्यावसायिक कारणों के लिए नहीं होना चाहिए। वहीं मृत या ब्रेन डेड ठहराए गए शख्स के परिवार से अनुमति और आधिकारिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद किडनी ली जा सकती है। दान देने वाला व्यक्ति 18 साल से ऊपर और स्वस्थ होना चाहिए। यह पुष्टि भी जरूरी है कि व्यक्ति किसी दबाव में किडनी न दे रहा हो। किडनी ट्रांसप्लांट का फैसला लिए जाने के बाद अस्पताल की जांच समिति ये तय करती है कि डोनर कौन हो सकता है। इसके बाद समिति राज्य की मंजूरी के लिए इसे भेजती है और उसकी स्वीकृति लेती है। यहां भी पूरी पड़ताल होने के बाद ट्रांसप्लांट की अनुमति दी जाती है। अगर मरणोपरांत अंगदान हो रहा है तो ऐसे मरीज जिनका नाम अस्पताल की प्रतीक्षा सूची में होता है उसे किडनी नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन या उसके अंतर्गत आने वाली क्षेत्रीय या राज्य ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन जैसी संस्थाओं की सहमति के बाद सूची के हिसाब से अंग उपलब्ध कराया जाता है। कहने का आशय यह कि अंगदान पूरी कानूनी प्रक्रिया के तहत ही होता है। लेकिन इस वैज्ञानिक तरक्की को अभिशाप में बदलने की कुत्सित मानसिकता भी समानांतर चल रही है। ऐसे कई गिरोह खड़े हो चुके हैं, जो गरीबों की मजबूरी का फायदा उठाकर अंगदान को व्यापार में बदल कर लाखों-करोड़ों की कमाई करते हैं। कई बार ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जब पुलिस किसी किडनी बेचने और खरीदने वाले गिरोह का पर्दाफाश करती है। कम पढ़े-लिखे या अंगदान के लिए बने कानूनों से अनभिज्ञ लोगों को अंगों की दलाली करने वाले पैसे का लालच देकर उनकी मजबूरी का फायदा उठाते हैं और कई बार उन्हें नशे का शिकार बनाकर चोरी से उनका ऑपरेशन कर अंग निकाल लेते हैं। इस अपराध में कई बार डाक्टर, लैब टेक्नीशियन भी शामिल होते हैं, जो अपने पेशे से बेईमानी करते हैं। किडनी जैसे अंगों का व्यापार केवल भारत ही नहीं विदेशों तक में किया जाता है और ऐसे हर सौदे में लाखों की कमाई होती है, जिसका मामूली हिस्सा पीड़ित को मिलता है और कई बार वो भी नहीं। अंगों की चोरी या धोखे से व्यापार की अप्रिय घटनाओं के बीच यह देखना सुखद है कि कैसे एक बेटी अपने वृद्ध पिता को सहर्ष अपना एक अंग देने आगे आई। रोहिणी आचार्य ने लिखा भी कि ये तो बस मांस का एक छोटा सा टुकड़ा है जो मैं अपने पापा को देना चाहती हूं। पापा के लिए मैं कुछ भी कर सकती हूं। रोहिणी के इस कदम की सब ओर सराहना हो रही है। जिन लोगों को बेटी के होने पर मलाल होता है, जो बेटियों को अवांछित बोझ समझते हैं। रोहिणी के त्याग से शायद उन लोगों की मानसिकता बदल जाए।-**एजेंसी**

# वर्तमान संसद भवन में अंतिम शीत सत्र

**यह पहला अवसर है, जब शीत सत्र की अवधि को घटाया गया है. यह सत्र इसलिए भी ऐतिहासिक होगा कि सांसद अपने मोबाइल फोन से उपस्थिति पंजिका पर ई-सिग्नेचर कर सकेंगे. लोकसभा के स्पीकर ओम बिड़ला ने 95 प्रतिशत सफलता के साथ लोकसभा को कागज रहित बना दिया है. सत्रहवीं लोकसभा का यह 10वां सत्र है. यह पहला शीत सत्र होगा, जब विदेश मंत्री एस जयशंकर 18 देशों की अपनी यात्रा के बारे में बयान देंगे।**

**सात दिसंबर से शुरू हो** रहा संसद का शीत सत्र वर्तमान भवन में अंतिम सत्र होगा. अगले वर्ष जनवरी में प्रारंभ होने वाले बजट सत्र से संसद की बैठकें नये संसद भवन में होंगी. जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में प्रवेश करेंगे, तो 303 सांसद मोदी-मोदी का नारा बुलंद करेंगे. शीत सत्र 29 दिसंबर तक चलेगा और इसमें कुल 17 कार्यदिवस होंगे. यह पहला अवसर है, जब शीत सत्र की अवधि को घटाया गया है. यह सत्र इसलिए भी ऐतिहासिक होगा कि सांसद अपने मोबाइल फोन से उपस्थिति पंजिका पर ई-सिग्नेचर कर सकेंगे. लोकसभा के स्पीकर ओम बिड़ला ने 95 प्रतिशत सफलता के साथ लोकसभा को कागज रहित बना दिया है. सत्रहवीं लोकसभा का यह 10वां सत्र है. यह पहला शीत सत्र होगा, जब विदेश मंत्री एस जयशंकर 18 देशों की अपनी यात्रा के बारे में बयान देंगे. यह सत्र इसलिए भी विशेष होगा कि प्रधानमंत्री मोदी एक और शानदार उपलब्धि के साथ सत्र में शामिल होंगे कि भारत जी-20 समूह का अध्यक्ष बना है तथा जुलाई में शंघाई सहयोग संगठन की भी अध्यक्षता संभालेगा. यह सब भारत के विश्व शक्ति बनने के संकेतक हैं. भाजपा के शब्दों में कहें, तो भारत विश्व गुरु होगा. यह पहला सत्र होगा, जब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ राज्यसभा के सभापति के रूप में सदन का संचालन करेंगे. यह देखना दिलचस्प होगा कि तृणमूल कांग्रेस के सांसद उनके साथ कैसा बर्ताव करेंगे. राजनीतिक पर्यवेक्षक जानते हैं कि जब वे राज्यपाल थे, तब उनके और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच रिश्ते अच्छे नहीं थे. इस सत्र में कांग्रेस नेता राहुल गांधी अनुपस्थित रहेंगे. यह देखना होगा कि तृणमूल, द्रमुक, टीआरएस, जद(यू) जैसी क्षेत्रीय पार्टियों का क्या रवैया होगा. चिराग पासवान पर भी निगाहें रहेंगी. द्रमुक राज्यपालों की अनावश्यक शक्तियों का मुद्दा उठाने के लिए तैयार है. अभी तीन राज्यपाल अपने मुख्यमंत्रियों के साथ समुचित बर्ताव नहीं कर रहे हैं, तो तीन क्षेत्रीय दल राज्यपालों को कारण बताओ नोटिस देने के लिए तैयार हैं. तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल के राज्यपाल रोजमर्रा के प्रशासनिक कामों में दखल दे रहे हैं. केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान कुलपतियों की नियुक्ति जैसी अपनी शक्तियों का बेजा फायदा उठा रहे हैं. तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि नीट और ऑनलाइन खेलों से जुड़े अनेक विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं. द्रमुक का आरोप है कि वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं. तेलंगाना के राज्यपाल डॉ टी सुंदरराजन मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की खीझ का कारण बनी हुई हैं. वे द्रमुक सरकार पर भी टिप्पणी करती रहती हैं. विपक्ष इस सत्र में राज्यपालों की शक्तियों पर चर्चा की मांग करने के लिए तैयार है. यह तो निश्चित है कि दोनों सदनों में हंगामा होगा. कांग्रेस के नेता भारत जोड़ो यात्रा में व्यस्त हैं. यह आधिकारिक रूप से कह दिया गया है कि राहुल गांधी इस सत्र में नहीं शामिल होंगे. लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं. वे राज्यसभा में विपक्ष के नेता भी हैं. विपक्ष मोरबी पुल हादसे के मुद्दे को भी उठायेगा. अंतरराष्ट्रीय मुद्दों में चीन के जासूसी जहाज, यूक्रेन युद्ध और क्वाड आदि पर चर्चा की उम्मीद है. संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने ट्वीट कर बताया है कि इस अमृत काल में उन्हें विधायी कार्यों और अन्य मुद्दों पर रचनात्मक चर्चा की आशा है. क्या सुचारु ढंग से सदन चलाने में विपक्ष सरकार का साथ देगा? कुछ ऐसे महत्वपूर्ण विधेयक हैं, जिन्हें सरकार पारित कराना चाहेगी. इस शीत सत्र के दौरान मोदी सरकार लगभग 16 नये विधेयकों को सदन के पटल पर रख सकती है. प्रस्तुति, विचार तथा पारित करने के लिए प्रस्तावित विधेयकों में ट्रेड मार्क (संशोधन) विधेयक तथा दंत चिकित्सा विधेयक भी शामिल हैं. ट्रेड मार्क विधेयक में मैड्रिड पंजीकरण सिस्टम के आयामों को सम्मिलित करने, कारण बताओ नोटिस जारी करने और सुनवाई प्रक्रिया तथा ट्रेड मार्क कार्यालय द्वारा इलेक्ट्रॉनिक संचार व्यवस्था अपनाने से संबंधित प्रावधान हैं. दंत चिकित्सा विधेयक पारित होने के बाद दंत चिकित्सक कानून, 1948 का स्थान लेगा तथा इसके प्रावधान के तहत एक राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग का गठन किया जायेगा. जो सदस्यों को श्रद्धांजलि दी जायेगी, जिनकी मृत्यु पिछले सत्र के बाद हो गयी. समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की मृत्यु अक्तूबर के महीने में हो गयी. यदि मैनपुरी उपचुनाव में डिंपल यादव मामूली अंतर



विधेयक पहले ही पेश किये जा चुके हैं, उन पर चर्चा होगी तथा उन्हें पारित कराने का प्रयास होगा. इसमें सामुद्रिक पाइरेसी निरोधक विधेयक, 2019 तथा नयी दिल्ली अंतरराष्ट्रीय आर्बिट्रेशन सेंटर (संशोधन) विधेयक, 2022 भी शामिल हैं. संसद के दोनों सदनों में उन पूर्व से जीतती हैं, तो 2024 में मोदी-योगी का डबल इंजन समाजवादी पार्टी को परास्त कर देगा. इस सत्र में यह आख्यान भी जोर पकड़ेगा कि विपक्ष बहुत कमजोर है. इससे अगले लोकसभा चुनाव में जीत को लेकर चिंतित भाजपा खेमे को राहत मिलेगी।-**एजेंसी**

# आलेख

## मुफ्त का लुत्फ

**पंजाब के फतेहगढ़ साहब में जीटी रोड पर स्थित गांव राजेंद्रगढ़ के निकट कार को बचाने के प्रयास में एक सेब से भरा ट्रक पलट गया। घायल चालक व परिचालक प्राथमिक उपचार के बाद लौटे तो देखा कि ट्रक में लदी सेब की पेटियां लूटी जा रही हैं। चालक के अनुसार, ट्रक पलटने से सौ के करीब ही पेटियां बाहर गिरी थी, लेकिन राहगीर व ग्रामीण बारह सौ से अधिक पेटियां लूट ले गये। अमृतसर निवासी चालक जम्मू-कश्मीर से ट्रक में सेब भरकर ओडिशा-झारखंड ले जा रहा था।**

**मानवीय मूल्यों में गिरावट** का चरम तब उजागर हुआ जब एक सड़क दुर्घटना में घायल ट्रक चालक की मदद के बजाय लोग ट्रक में भरी सेब की एक हजार से अधिक पेटियां लूट ले गये। चालक चीखता रहा, राहगीर व ग्रामीण सेब की पेटियां लूटते रहे। पंजाब के फतेहगढ़ साहब में जीटी रोड पर स्थित गांव राजेंद्रगढ़ के निकट कार को बचाने के प्रयास में एक सेब से भरा ट्रक पलट गया। घायल चालक व परिचालक प्राथमिक उपचार के बाद लौटे तो देखा कि ट्रक में लदी सेब की पेटियां लूटी जा रही हैं। चालक के अनुसार, ट्रक पलटने से सौ के करीब ही पेटियां बाहर गिरी थी, लेकिन राहगीर व ग्रामीण बारह सौ से अधिक पेटियां लूट ले गये। अमृतसर निवासी चालक जम्मू-कश्मीर से ट्रक में सेब भरकर ओडिशा-झारखंड ले जा रहा था। चालक बार-बार ऐसा न करने की दुहाई देता रहा। कहता रहा कि वह मालिक को क्या जवाब देगा। लेकिन किसी ने उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया। यहां तक कि रास्ते से गुजरते बड़ी गाड़ियों में सवार लोग भी पेटी लूटने का लोभ नहीं त्याग सके। मगर जब किसी राहगीर द्वारा घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला गया तो वह वायरल हो गया। देश ही नहीं, कनाडा-अमेरिका से इस घटना को लेकर तीखी प्रतिक्रिया सामने आई। देश-दुनिया के पंजाबियों ने वीडियो देखकर घटना को शर्मसार करने वाला माना। सभी ने घटना की भर्त्सना की और ट्रक चालक की मदद की पेशकश की। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। सरकार ने भी कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। वीडियो में देखे गये लोगों के फोटो सोशल मीडिया पर डालकर लोगों से उनके बारे में सूचना देने को कहा गया। शाम होते-होते लूट में शामिल कुछ लोगों की शिनाख्त की गयी है। यही नहीं, घटना से व्यथित लोग सामने आये और ट्रक चालक के नुकसान की भरपाई के लिये चेक देकर सार्थक पहल की। सवाल उठता है कि क्यों खाते-पीते घरों के लोग 'मुफ्त का चंदन, घिस रघुनंदन' की तर्ज पर सेब की पेटियां लूटने पर आमादा हुए? क्यों उन्हें महसूस नहीं हुआ कि दुर्घटना के शिकार चालक व परिचालक की मदद पहले करनी चाहिए? वह भी उस पंजाब में जहां इस तरह के कृत्य को कभी मान्यता नहीं दी गई। जहां भूखों को खाना खिलाने की समृद्ध परंपरा रही है। ऐसा नहीं है कि ऐसी घटना सिर्फ पंजाब में हुई है, देश के विभिन्न राज्यों से गाहे-बगाहे ऐसी ही घटनाओं के वीडियो वायरल होते रहते हैं। सवाल उन महंगी कार चालकों की नीयत पर भी उठे जिन्होंने कार रोक सेब की पेटियां उठायी और चलते बने। आखिर समृद्ध लोग भी 'लूट की छूट' के खेल में क्यों शामिल हो जाते हैं? यह जानते हुए कि ट्रक चालक एक तरफ तो शारीरिक रूप से घायल हुआ है, दूसरी ओर उसकी नौकरी व साख पर भी आंच आएगी। चालक रोता-गिड़गिड़ाता लोगों से कहता भी रहा कि मैं व्यापारी को क्या जवाब दूंगा? मैं क्या सबूत दूंगा कि मेरा माल चोरी हो गया? मुझे झूठा ठहरा दिया जायेगा। यहां हमें सोशल मीडिया को भी श्रेय देना होगा जिसने लूट के खेल को जगजाहिर कर दिया। अन्यथा जीटी रोड के एक गांव के पास घटी घटना का सच कभी सामने न आता। व्यापारी के मन में ट्रक चालक को लेकर शंका जन्म लेती कि कहीं उसने ट्रक का माल किसी दूसरे व्यापारी को तो नहीं बेच दिया। निस्संदेह, ज्यों-ज्यों समाज में समृद्धि व संपन्नता आई है, लोगों का अंतहीन प्रलोभन थम नहीं रहा है। यही वजह है कि पंजाब के प्रबुद्ध और जागरूक लोगों में इस घटना की तीखी प्रतिक्रिया भारत व सात समुद्र पार भी देखी गई।-**एजेंसी**

# दैनिक राशिफल

**मेषः-** कार्य-पेशे में कुछ नई तब्दीली रुचिकर लगेगी। वर्तमान स्थिति को देखते हुए भविष्य की चिंता बढ़ेगी फिर भी कुछ नये आसार आत्मबल में वृद्धि करेंगे। घर में खुशहाली रहेगी।

**बृषभः-** अत्याधिक कर्जभार से मन परेशान होगा। कुछ नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। रोजगार में व्यस्तता संभव। अत्याधिक पारिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी।

**मिथुनः-** महत्वपूर्ण दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। नई दायित्व अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगे। कानूनी मामलों में कठिनाइयां संभव। तामसिक विचारें पर नियंतण्ररखें।

**कर्क :-** नये संबंधों के साथ आपकी सहज घुलसशीलता प्रशंसनीय है। कायरें को समयानुकूल पूर्ण करने का प्रयत्न करें। बिना वजह दूसरों की अलोचना न करें। आलस्य कतई न करें।

**सिंहः-** सगे-संबंधियों के सहयोग से उत्साह का संचार होगा। किसी रचनात्मक कार्य के प्रति रुचि पैदा होगी। पुराने संबंधों के भावनात्मक स्मरण से मन भावुक होगा। राजकीय क्षेत्र कुछ परिवर्तन के आसार बनेंगे।

**कन्याः-** महत्वपूर्ण कार्य के प्रति समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन केंद्रित होगा। नई महत्वाकांक्षी योजनाएं बनेंगी किंतु समुचित साधन न होने से पूर्ति में अवरोध होगा। पुराने संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**तुलाः-** अच्छी कल्पनाएं मन पर प्रभावी होंगी परन्तु अपने मन को लक्ष्य से न भटकने दें। व्यावसायिक क्षेत्र में संबंधों का लाभ उठाएंगे। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न तीव्र होगा।

**वृश्चिकः-** उच्चस्तरीय लोगों के सानिध्य से मनोबल मजबूत होगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**धनुः-** आलस्य निजी महत्वपूर्ण दावित्वों की पूर्ति में बाधक होगा। मानसिक अवसाद व कार्य-पेशे में अरुचि से आर्थिक संकट की आशंका बनेगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्क रहें।

**मकरः-** आर्थिक सबलता हेतु मन नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कोई अचल सम्पत्ति संबंधी तनाव मन को चिंतित करेगा। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जरूरी कायरे में कतई देरी न करें।

**कुंभः-** पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। अच्छी सोच का लाभ प्राप्त करेंगे। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन में चिंता होगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य के प्रति चिंताएं समाप्त होंगी।

**मीनः-** समय व स्थिति के साथ अपने स्वभाव में थोड़ा लचीलापन लाने का प्रयास करें। क्षमता से अधिक कार्यों का बोझ से बोझिल होंगे। शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र मे सफलताएं मिलेंगी।




# आज का सुविचार

:- सुविचार :-

जिंदगी आपकी तभी रोशन होगी, जब आप उसमें खुद ही जलोगे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्टार्टअप्स के लिए सरकारी सहायता और समर्थन पर व्याख्यान

**अलीगढ़, (यूएनएस)।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के फ्रैंक एंड डेबी इस्लाम एंटरप्रेन्योरशिप इनक्यूबेशन सेंटर (एफडीआईईआईसी) में 'भारत में स्टार्टअप के लिए सरकारी सहायता और समर्थनः अवसर और संभावनाएं' विषय पर सैयद वसीउल अब्बास (निदेशक, बीवाईएस स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड और नोडल अधिकारी, यूपीआईसीए, उत्तर प्रदेश सरकार) ने लेक्चर प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारत सरकार का 'मेक इन इंडिया' पर जोर समय की मांग है क्योंकि दुनिया भर में तेजी से तकनीकी और डिजिटल विकास हो रहा है। श्री अब्बास ने कहा कि स्टार्ट-अप के लिए सरकारी फंडिंग नवोदित उद्यमियों के लिए एक सक्षम वातावरण बना रही है। यह स्टार्ट-अप्स में नवाचार को बढ़ावा दे रहा है और परियोजनाओं के कार्यान्वयन की सुविधा प्रदान कर रहा है। छात्रों से बात करते हुए सैयद वसीउल अब्बास ने उन्हें स्टार्टअप इंडिया की वेबसाइट पर पंजीकरण करने के लिए कहा जहां वे निवेशकों का ध्यान आकर्षित करने के लिए अपने विचार प्रस्तुत कर सकें। श्री अब्बास ने भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया जो स्टार्ट-अप को ऋण, अनुदान, कॉर्पस फंड और सब्सिडी प्रदान करती हैं। प्रोफेसर जमाल ए फारूकी (अध्यक्ष, व्यवसाय प्रशासन विभाग) ने अतिथि वक्ता का स्वागत किया। स्वागत भाषण में डॉ. लामे बिन साबर ने उद्यम शुरू करने के लिए आवश्यक धन प्राप्त करने के महत्व पर बात की और छात्रों से उद्यमी बनने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का आग्रह किया। मुआज हुसैन (प्रबंधक, इन्क्यूबेशन सेंटर) ने परिचयात्मक टिप्पणी दी और उस्बा खान ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

### मल्लापुरम केंद्र में खेल सप्ताह संपन्न

**अलीगढ़, (यूएनएस)।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के मल्लापुरम केंद्र में खेल सप्ताह का समापन क्रिकेट मैच के साथ हुआ जिसमें बीएड टीम ने विधि विभाग की टीम को हरा दिया। खेल सप्ताह में वालीबॉल में एमबीए (अंतिम वर्ष) की टीम ने बीएएलएलबी (तृतीय वर्ष) टीम को हराया। फौजिया परवीन (बीएड, द्वितीय वर्ष) ने लड़कियों का एकल बैडमिंटन टूर्नामेंट जीता, जबकि मलिक मोहम्मद असद (बीएएलएलबी, तृतीय वर्ष) ने लड़कों की एकल प्रतियोगिता जीती। एमबीए के छात्रों मोहम्मद इम्दादुल्ला और मोहम्मद सैफ की टीम ने लड़कों के बैडमिंटन युगल मैच जीते जबकि अंशुल और मनु वार्ष्णेय ने टेबल टेनिस युगल और मनु वार्ष्णेय ने टेबल टेनिस एकल स्पर्धा जीती। अन्य प्रतियोगिताओं में बीएड टीम ने लॉ टीम को गर्ल्स टग ऑफ वार में जबकि एमबीए (द्वितीय वर्ष) की टीम ने बॉयज टग ऑफ वार में बीएएलएलबी (प्रथम वर्ष) को हराया। बीएड टीम ने फुटबॉल टूर्नामेंट जीता, बास्केटबॉल में बीएएलएलबी (चतुर्थ वर्ष) के छात्र फाइनल में पहुंचे। गगन सारस्वत ने शतरंज चौंपियनशिप जीती और शाहरोज तारिक को केरम के खिलाफ विजेता घोषित किया गया। स्पोर्ट्स वीक का उद्घाटन डॉ फैसल केपी (निदेशक, मल्लापुरम केंद्र) ने किया। इस दौरान शिक्षक व छात्र-छात्राओं की टीमों के बीच मैत्री क्रिकेट मैच भी खेला गया।

### शोक सभा आयोजित

**अलीगढ़, (यूएनएस)।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के जैव रसायन विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर आसिफ अली के निधन पर फैकल्टी लेक्चर थियेटर में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक प्रस्ताव को पढ़ते हुए प्रोफेसर एमयू रब्बानी (डीन, चिकित्सा संकाय) ने दुख और शोक व्यक्त किया और प्रोफेसर आसिफ के शोक संतप्त परिवार के प्रति हार्दिक सहानुभूति और संवेदना व्यक्त की।

### फोर्ब्स मार्शल द्वारा एएमयू छात्रों का चयन

**अलीगढ़, (यूएनएस)।** अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जेडएच कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर, मोहम्मद फरहान सईद ने बताया कि फोर्ब्स मार्शल ने अमुवि के चार इंजीनियरिंग छात्रों को ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिस द्वारा आयोजित एक ऑनलाइन भर्ती अभियान में नियुक्ति प्रदान की है।

### सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर मुख्य सचिव ने दी शुभकामनाएं

**लखनऊ,(यूएनएस)।** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ0 हरि ओम ने प्रतीक चिन्ह झण्डा लगाया तथा स्मृति चिन्ह व स्मारिका भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने अमर शहीदों तथा वीर सैनिकों को उनके अपूर्व त्याग एवं बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमें शौर्य, स्फूर्ति, मां भारती के प्रति समर्पित उन वीर सपूतों की याद दिलाता है, जो देश की सीमा की रक्षा करते हैं और देश के भीतर भी अखंडता एवं एकता पर प्रहार करने वाले दुश्मनों का भी डटकर मुकाबला करते हैं। मुख्य सचिव ने इस अवसर पर सहयोग राशि भी प्रदान की। इस मौके पर निदेशक सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास बिग्रेडियर (अ.प्रा.) रवि, अतिरिक्त निदेशक कर्नल (अ.प्रा.) शैलेन्द्र उत्तम, विंग कमांडर (अ.प्रा.) जितेन्द्र कुमार चौहान व कर्नल (अ.प्रा.) बलराम तिवारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि शहीद, सेवारत, पूर्व सैनिकों एवं युद्ध में विकलांग सैनिकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता प्रदर्शित करने तथा सैनिकों के आश्रितों के लिए चलाई जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के निहित धनराशि एकत्रित करने हेतु प्रतिवर्ष 07 दिसम्बर को सशस्त्र झण्डा दिवस मनाया जाता है। दिसम्बर माह को 'गौरव माह' के रूप में मनाया जा रहा है, ताकि सशस्त्र बलों द्वारा राष्ट्र के लिए किये गये और किये जाने वाले योगदान का सम्मान किया जा सके। सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान सैनिक कल्याण की वेबसाइट पर जाकर भी किया जा सकता है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस में किया गया योगदान आयकर से मुक्त हैं।

### वेतन न मिलने के कारण, नगर निगम मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

**लखनऊ, (यूएनएस)।** हजरतगंज स्थित नगर निगम मुख्यालय पर मार्ग प्रकाश विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि विगत सात माह से हम लोगों को वेतन नहीं मिल रहा है। इस सम्बन्ध में पूर्व में भी कई पत्र नगर निगम प्रशासन को दिए जा चुके हैं। सदन एवं कार्यकारणी की बैठक में भी उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराया जा चुका है। किन्तु अभी तक समस्या का निराकरण नहीं हुआ है। सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। जिसको देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा। कर्मचारियों मौके पर पहुंची पुलिस ने ज्ञापन लेकर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया है।

### जनवरी से छूटे बच्चे व गर्भवती महिलाओं का विशेष टीकाकरण अभियान, बृजेश पाठक ने सीएमओ को दिए निर्देश

**लखनऊ, (यूएनएस)।** बच्चों व गर्भवती महिलाओं के लिए जनवरी से विशेष टीकाकरण अभियान चलेगा। पहले छूटे बच्चों को खोजने के लिए सर्वे कराया जायेगा। उसके बाद टीकाकरण का खाका तैयार कर अभियान चलेगा। ताकि छूटे सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओं को सभी टीके लगाये जा सके। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सभी जिलों के सीएमओ को अभियान के बावत निर्देशित किया है। प्रदेश में हर साल करीब (56) लाख प्रसव हो रहे हैं। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में शिशुओं का मुफ्त टीकाकरण होता है। वहीं गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को टीडी के मुफ्त टीके लगाये जाते हैं। कोरोनाकाल में टीकाकरण अभियान प्रभावित हुआ। लिहाजा टीकाकरण अभियान को रफ्तार दी जायेगी। इसके लिए प्रदेश भर के सीएमओ आशा व एएनएम की मदद से टीकाकरण से छूटे बच्चे व गर्भवती महिलाओं की पहचान करेंगे।उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि सीएमओ ब्लॉक व शहरी स्तर पर टीकाकरण अभियान का खाका तैयार करें। जनवरी से अभियान चलायें। जेई के लिए मोबाइल एप ई-कवच ऐप पर टीकाकरण योग्य बच्चों की सूची बनाये। नौ माह से 15 वर्ष तक के बच्चों का जेई टीकाकरण करें।

# यूपी बोर्ड के अन्य पिछड़ा वर्ग के मेधावी छात्रों को सम्मानित करने हेतु मुख्यमंत्री पुरस्कार योजना लायी जा रही है

न्यूज गाइड। संवाददाता



**लखनऊ।** पिछड़ा वर्ग कल्याण की कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत प्राप्त करके रोजगार प्राप्त करने या आत्मनिर्भर बनने वाले युवाओं की सूची बनाने हेतु संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया जाय। कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना का लाभ अधिक से अधिक बच्चों को मिले इसके लिए बजट का प्रस्ताव भेजा जाय। यूपी बोर्ड में कक्षा 10 व कक्षा 12 उत्तीर्ण अन्य पिछड़ा वर्ग के टापर्स मेधावी छात्रों हेतु मुख्यमंत्री पुरस्कार योजना के तहत सम्मानित एवं उत्साहवर्धन करने हेतु प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। समाज से जुड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं में पहले से अच्छा करने के लिए कार्य किया जाय। उक्त निर्देश प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने विभागीय समीक्षा बैठक में दिये। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने आज विधानसभा स्थित नवीन भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के द्वारा दी जा रही छात्रवृत्ति योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। छात्रवृत्ति योजनाओं के कार्यक्रमों की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित की जाय। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा पिछड़ा वर्ग के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी डिजिटल रूप से कराने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। दिव्यांगजन मंत्री ने दिव्यांगजन विभाग में किये जाने वाले कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों को पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाय। दिव्यांगजनों के हितों के लिए कार्य करे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों के द्वारा बनाये गये उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी जाय तथा उन्हें प्रोत्साहित भी किया जाय। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने डॉ. शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ में दिव्यांगजनों छात्रों का अधिक से अधिक पंजीकरण कराने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में प्रदेश सरकार के सहयोग से दिव्यांग विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा, छात्रावास एवं भोजन की व्यवस्था उपलब्ध करायी जा रही है। डॉ. शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ में दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न पाठयक्रम संचालित किये जा रहे है। विश्वविद्यालय में समस्त पाठ्यक्रमों में 50 प्रतिशत सीटे दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित हैं, जिसमें से 50 प्रतिशत अर्थात् कुल सीट का 25 प्रतिशत दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए आरक्षित किया गया है। विश्वविद्यालय में दिव्यांग छात्रों के लिए संचालित विशेष पाठ्यक्रम बी0एड0 (श्रवणबाधितार्थ), बी0एड0 (दृष्टिबाधितार्थ), बी0एड0 (बौद्धिक अक्षमता), बी0ए0 एस0एल0पी0(बैचलर आफ ऑडियोलॉजी और स्पीच-लैंग्वेज पैथोलॉजी) बी0पी0ओ0 ( बैचलर आफ प्रॉस्थेटिक एंड ओर्थोटिक्स), एम0एड0 (श्रवणबाधितार्थ), एम0एड0 (दृष्टिबाधितार्थ), एम0 एड0 (बौद्धिक अक्षमता), एम0 पी0ओ0 (मास्टर आफ प्रॉस्थेटिक एंड ओर्थोटिक्स) संचालित है। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि योजनाओं का पारदर्शी तरीके से अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाभ मिले। बैठक में अपर मुख्य सचिव दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण हेमंत राव, निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण सत्य प्रकाश पटेल तथा निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण वंदना वर्मा, रजिस्टार डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ एवं आयुक्त दिव्यांगजन सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## रामपुर उपचुनाव में 'लोकतंत्र की हत्या का संज्ञान लेकर जांच कराएं संवैधानिक संस्थाएं : सपा



**लखनऊ, (यूएनएस)।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने रामपुर विधानसभा उपचुनाव में पुलिस प्रशासन द्वारा मतदाताओं को वोट देने से रोक कर 'लोकतंत्र की हत्याश् किए जाने का आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग समेत देश की सभी संवैधानिक संस्थाओं से इसका संज्ञान लेते हुए जांच कराने की मांग की।राज्य विधानसभा में सपा के मुख्य सचेतक मनोज पांडे ने पार्टी राज्य मुख्यालय पर संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि सरकार ने मंगलवार को संपन्न रामपुर विधानसभा उपचुनाव में पराकाष्ठा कर दी। जिस तरह से पुलिस की मदद से एक खास धर्म और वर्ग के मतदाताओं को वोट देने से जबरन रोका गया, वह लोकतंत्र की हत्या के समान है। उन्होंने कहा, ''हम निर्वाचन आयोग सहित सभी संवैधानिक संस्थाओं से अपील करते हैं कि वे रामपुर उपचुनाव के दौरान हुई ज्यादती का स्वतरू संज्ञान लेते हुए जांच कराएं क्योंकि यह मामला किसी व्यक्ति का नहीं है बल्कि लोकतंत्र की रक्षा का है। पांडे ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान रामपुर में पुलिस की कथित ज्यादतियों के पीड़ित लोगों के वीडियो भी दिखाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का अधिकार सबसे बड़ा हक है और सरकार ने इसे छीन लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि रामपुर में निष्पक्ष चुनाव की मांग करने वालों को लाठियों से बुरी तरह पीटा गया। इस सवाल पर कि क्या सपा रामपुर उपचुनाव के मसले को अदालत तक ले जाएगी, पांडे ने कहा, ''हमें अब भी निर्वाचन आयोग पर भरोसा है कि वह इन तमाम तथ्यों की पड़ताल कर आवश्यक कार्यवाही करेगा। गौरतलब है कि रामपुर विधानसभा सीट आजम खां को वर्ष 2019 में नफरत भरा भाषण देने के मामले में पिछले महीने तीन साल की सजा सुनाए जाने के कारण उनकी सदस्यता रद्द होने के चलते खाली हुई थी। इस सीट के उपचुनाव के तहत गत सोमवार को 33.94 प्रतिशत मतदान हुआ था। आजम खां के परिजन ने भी पुलिस पर मुस्लिम मतदाताओं को घर से नहीं निकलने देने और वोट डालने जा रहे लोगों पर लाठीचार्ज करने का आरोप लगाया था। पांडे ने राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र की अवधि को पूर्व निर्धारित तीन दिन के बजाय दो ही दिनों में समाप्त कर देने पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा नहीं चाहती, इसलिए एक साजिश के तहत सत्र को दो ही दिनों के अंदर समाप्त कर दिया गया।

## विश्वविद्यालय के हॉस्टल में ठहरा दिए पीएसी जवान, व्यवस्था बदहाल और छात्रों में उबाल

**लखनऊ, (यूएनएस)।** एलयू यानी लखनऊ विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स एक बार फिर आक्रोशित हैं। एक तो पहले से ही विश्वविद्यालय छात्रावास की कमी की समस्या से जूझ रहा, ऊपर से आर्ट्स कॉलेज के हॉस्टल में अब पीएसी जवानों का बसेरा हो गया हैं। विश्वविद्यालय प्रशाएलयू को दी गई जानकारी से कही अधिक जवानों को यहां ठहराएं जाने से हालात और बिगड़ गए। उधर छात्रों को समस्या हुई तो उनमें भी आक्रोश बढ़ा। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशाएलयू तुरंत सक्रिय होते हुए हालात को संभालने में जुट गया हैं। प्रॉक्टर राकेश द्विवेदी की माने तो स्टूडेंट्स को किसी प्रकार की कोई परेशानी नही होने दी जाएगी। जानकारी के अनुसार विधानसभा सत्र को देखते हुए जिला प्रशाएलयू ने विवि प्रशाएलयू से जवानों को ठहराने के लिए जगह मांगी थी। लविवि ने इसके लिए आर्ट्स कॉलेज के रणवीर सिंह बिष्ट छात्रावास में जगह दी। जर्जर होने के कारण यह छात्रावास काफी कम विद्यार्थियों को एलॉट किया जाता है। विश्वविद्यालय प्रशाएलयू के अनुसार यहां 50 पीएसी के जवान आने वाले थे, लेकिन लगभग 150 भेज दिए गए हैं। उधर, कॉलेज प्रशाएलयू का तो यह कहना है कि उन्हें पांच-दस जवानों के ही आने की जानकारी थी। अब इतनी संख्या में जवानों के लिए शौचालय आदि की पर्याप्त व्यवस्था न होने से समस्या हो रही है। पीएसी के जवान ऊपर के कमरों में भी रह रहे हैं, जिससे बगल में रहने वाले छात्रों को दिक्कत हो रही है। कैंपस में आने-जाने वाली छात्राओं ने भी पीएसी जवानों के रहने की व्यवस्था कहीं और करने की मांग की है। एलयू के ललित कला विभाग के छात्रों ने आइसा, एनएसयूआई के छात्र प्रतिनिधियों के साथ छात्रावास में पीएसी ठहराए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर प्रॉक्टर को ज्ञापन दिया। छात्रों ने कहा, एक तरफ हॉस्टल जर्जर होने का हवाला देते हुए आवंटित नहीं किया जा रहा है और दूसरी ओर इसे छावनी में तब्दील कर दिया गया है। इससे विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है। दो दिन में जवानों को नहीं हटाया गया तो वे प्रदर्शन तेज करेंगे। मंगलवार के प्रदर्शन में आइसा के निखिल, अंजली, एनएसयूआई के अखिल शामिल हैं। प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने कहा कि विधानसभा सत्र के मद्देनजर कुछ दिनों के लिए सीमित संख्या में पीएसी के लिए जगह मांगी गई थी। बाद में इनकी संख्या बढ़ गई। हम कैंपस में सफाई आदि की व्यवस्था बेहतर कर रहे हैं। कुछ वैकल्पिक जगह भी देख रहे हैं।

## रासायनिक खाद से बंजर की कगार पर है खेती

**बांदा, (यूएनएस)।** रासायनिक खाद और कीटनाशकों के इस्तेमाल से चित्रकूट धाम मंडल के खेत बंजर होने की कगार पर पहुंच रहे हैं। जमीन से नाइट्रोजन और फास्फोरस जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व तेजी से घट रहे हैं। पोटाश भी कम हो रहा है। आलम यह है कि चारों जिलों के खेतों में नाइट्रोजन और फास्फोरस न्यूनतम (लो) स्तर पर पहुंच गया है। मृदा नमूनों के परीक्षण से यह स्थिति सामने आई। जमीन की घटती उत्पादन क्षमता भी चिंता का सबब बन रही है। मृदा विभाग के मुताबिक, चित्रकूट धाम मंडल में सबसे बुरी स्थिति बांदा और हमीरपुर जनपदों की है। यहां के खेतों में नाइट्रोजन और फास्फोरस का स्तर बेहद कम है। इसके बाद बाद चित्रकूट और महोबा जनपद है। इसका सीधा असर फसल उत्पादन में पड़ रहा है। फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए किसान अधिक रासायनिक खाद जैसे यूरिया और डीएपी का इस्तेमाल करते हैं। फसल उत्पादन तो बेहतर होता है पर जमीन के पोषकतत्व तेजी से गायब हो रहे हैं। नतीजे में खेत बंजर की कगार पर पहुंच रहे हैं। मृदा विभाग के शोध सहायक श्रीकृष्णा ने बताया कि चारों जिलों में खेतों की हालत ऐसी है कि पांच फीट गहराई तक पोषक तत्व गायब हो रहे हैं। पूर्व में लगभग 40 हजार मिट्टी के नमूनों की जांच की गई। सभी नमूनों में आर्गेनिक कार्बन (नाइट्रोजन) और फास्फोरस कम मिला है। यह स्थिति जमीन को बंजर की कगार पर पहुंचाने वाली है। इसकी मुख्य वजह खाद और अंधाधुंध कीटनाशक का इस्तेमाल है। उधर, बड़ोखर खुर्द गांव निवासी प्रगतिशील किसान प्रेम सिंह ने बताया कि बुंदेलखंड की मिट्टी से कार्बन की मात्रा तेजी से कम हो रही है। उपजाऊ जमीन में करीब तीन फीसदी कार्बन तत्व होने चाहिए, लेकिन यह 0.3 फीसदी पर है। खेती-किसानी वालों के लिए जमीन की यह स्थिति चिंताजनक है। जमीन में अच्छे पोषकतत्व नहीं होंगे तो फसल पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। अत्यधिक खाद के इस्तेमाल से आने वाले समय में जमीनें बंजर हो जाएंगी। गोबर आदि अन्य जैविक खाद से ही खेत में पोषकतत्व बढ़ सकेंगे।

## आम आदमी पार्टी की दिल्ली एमसीडी जीत पर लखनऊ में मना जश्न

**लखनऊ, (यूएनएस)।** दिल्ली एमसीडी में आम आदमी पार्टी की एकतरफा जीत पर प्रदेश भर में कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की और जश्न मनाया। राजधानी लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने लोगों का लड्डू बांटकर मुंह मीठा कराया और एक दूसरे को बधाई दी इसके साथ ही कार्यकताओं ने जीत की खुशी में ढोल नगाड़ों पर खूब झूमें। चुनाव परिणाम देखने के लिये प्रदेश कार्यालय पर सुबह से ही कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मौके पर निकाय चुनाव संचालन समिति के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने किया। सभाजीत सिंह ने कहा कि एमसीडी की जीत पर दिल्ली की जनता ने एक बार फिर केजरीवाल के काम पर मोहर लगाई है। बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा सहित तमाम किये गए कई विकास कार्यों से दिल्ली की जनता खुश है।

## ग्रामीण समुदायों के सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए आधुनिक ऊर्जा बेहद जरूरी

**नवीकरणीय ऊर्जा के सकारात्मक प्रभावों को लेकर हुयी पैनल चर्चा**



**लखनऊ।** नवीकरणीय ऊर्जा के सकारात्मक प्रभावों को लेकर हुयी पैनल चर्चा में ग्रामीण समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए आधुनिक ऊर्जा बेहद जरूरी बताया गया और साथ ही यह समझना भी महत्वपूर्ण है कि ऊर्जा हमारे जीवन में और आजीविका के लक्ष्यां को हासिल करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाती है। रॉकफैलर फाउण्डेषन की रॉकफैलर फाउन्डेशन की सब्सिडरी स्मार्ट पावर इंडिया द्वारा आयोजित की गयी पैनल चर्चा में अनुपम शुक्ला, आईएएस, डायरेक्टर, यूपीएनईडीए', आचार्य शेखर, एसपीएम, नॉन-फार्म लिवलीहुड, यूपी-एसआरएलएम; कमल कुमार कौशिक, सीईओ, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, फ्यूज़न माइक्रोफाइनैंस, मनोज कुमार गुप्ता, सीईओ, टीपी रीन्युएबल माइक्रोग्रिड, कुलबीर सिंह, वाईस प्रेज़ीडेन्ट सर्वाटिक पावर सिस्टम्स लिमिटेड, जितेश कुमार, टेकनिकल एक्सपर्ट, जीआईज़ेड' एवं अन्य गणमान्य दिग्गज मौजूद थे। पैनल चर्चा को सम्बोधित करते हुए श्री अनुपम शुक्ला, आईएएस डायरेक्टर यूपीएनईडीए ने कहा स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना समय की मांग है उत्तर प्रदेश सरकार एवं हमारे विभाग ने भरोसेमंद और किफ़ायती ऊर्जा की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए लगातार काम किया है स्वच्छ ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करती है कि भारत के ग्रामीण वंचित समुदायों को अच्छी गुणवत्ता की सेवाएं मिलें उनकी आजीविका एवं आर्थिक स्थिति में सुधार हो आजीविका के स्थायी अवसर निर्मित करने, स्वच्छ ऊर्जा समाधानों में निवेश द्वारा ग्रामीण भारत आर्थिक रूप से सुधार करेगा जिससे पूरे देश की तरक्की होगी। इस अवसर पर 'मिस सी इंदुमथी', 'आईएएस, एमडी, यूपी स्टेट रूरल लिवलीहुड मिशन' ने कहा, ''हम राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास को बढ़ावा देना चाहते हैं। जीवाश्म ईंधन के बजाए स्वच्छ ऊर्जा की ओर रुख करने से लधु उद्यमों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। भरोसेमंद उर्जा से उपलब्ध होने से गांवों में सूक्ष्म गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही उत्पादकता भी बढ़ेगी। वितरित नवीकरणीय ऊर्जा के फायदों के बारे में जागरुकता बढ़ने तथा परिणामस्वरूप उत्पादकता बढ़ने से खर्चों के बीच भी तालमेल बनता है, जो बेहद महत्वपूर्ण है। भारत के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक भरोसेमंद ऊर्जा की उपलब्धता को सुनिश्चित करना होगा।' डीआरई के उत्पादक उपयोग से उर्जा की उपलब्धता को बढ़ाया जा सकेगा। इससे अंतिम उपयोगकर्ता के कौशल, उपकरणों की फाइनैंसिंग, मार्केट लिंकेज आदि को ध्यान में रखते हुए उन्हें लाभान्वित किया जा सकेगा। आजीविका को विकास में डीआरई के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए 'मिस स्वाति कारकी, एजीएम, नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एण्ड रूरल डेवलपमेन्ट (नाबार्ड) ने कहा, ''नाबार्ड आजीविका हस्तक्षेपों एवं उद्यमियों को सहयोग प्रदान करता है। यूपी क्षेत्र में अपने प्रोग्रामों के माध्मय से हम लाभार्थियों के समूह के साथ काम करते हैं, इससे शहर जाने वाले प्रवासियों की संख्या कम हुई है, नई हरित नौकरियां उत्पन्न हुई हैं, साथ ही कर्मचारियों के लिए काम की अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण हुआ है और उनकी आय भी बढ़ी है। वितरित नवीकरणीय ऊर्जा से लघु उद्यमों को कई फायदे मिलते हैं। बिजली, रेफ्रीजरेशन एवं स्टोरेज के लिए भरोसेमंद विद्युत की आपूर्ति के चलते कारोबार दिन भर अपना काम कर सकते हैं, इससे उनकी दक्षता और उत्पादकता बढ़ती है। डीआरई समाधान न सिर्फ लागत प्रभावी हैं बल्कि जलवायु परिवर्तन को कम करने, स्थानीय नौकरियों के अवसर उत्पन्न करने और ग्रामीण आबादी के लिए आय-सृजन के अवसर उत्पन्न करने में भी कारगर होते हैं, ये समुदायों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को प्रभावी रूप से अपनाने में सक्षम बनाते हैं। वितरित नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रामीण उद्यमों में भरोसेमंद ऊर्जा के लिए प्रभावी समाधान है; इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक प्रगति की तरफ़ हमारा नज़रिया बदल गया है, हमने जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों के साथ समझौता किए बिना भरोसेमंद उर्जा की क्षमता को समझा है।

# भारत ही नहीं दुनिया के लिए मॉडल है उत्तर प्रदेश : मेलिंडा गेट्स



**लखनऊ, (यूएनएस)।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स रहे बिल गेट्स की पत्नी और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन की सह-संस्थापक मेलिंडा गेट्स ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार के साथ स्वास्थ्य, पोषण और कृषि के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग को और बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने यहां बताया कि मेलिंडा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सरकार के साथ स्वास्थ्य, पोषण और कृषि के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग को और बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि पंक्ति में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा, वित्तीय समावेशन, पोषण, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश की कोशिशें प्रेरणा देने वाली हैं। उत्तर प्रदेश न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया के लिए मॉडल है। प्रवक्ता के मुताबिक मेलिंडा ने कहा कि हाल के वर्षों में कोविड-19 महामारी प्रबंधन और इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी पर नियंत्रण के लिए उत्तर प्रदेश ने जैसा काम किया है, वह एक अनुकरणीय मॉडल पेश करता है। इतनी बड़ी और सघन आबादी के बीच जिस तरह कोविड-19 टीकाकरण का काम हुआ है, उससे दुनिया को सीखना चाहिए। मेलिंडा ने उत्तर प्रदेश के साथ अपने फाउंडेशन के संबंधों की चर्चा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में लम्बे समय से काम किया जा रहा है। यह खुशी की बात है कि समाज के सबसे कमजोर और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सभी सुविधाएं पहुंचायी जा रही हैं। आने वाले समय में फाउंडेशन उत्तर प्रदेश के साथ अपने संबंधों को और बेहतर करने की मंशा रखता है। प्रवक्ता के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि उन्होंने बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के कार्यों को नजदीक से देखा है। स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में फाउंडेशन का योगदान सराहनीय है। उन्होंने कोविड-19 की चुनौतियों के बीच फाउंडेशन की ओर से उत्तर प्रदेश को मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने हाल के वर्षों में स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में संतोषजनक कामयाबी हासिल की है। पिछले 40 साल से पूर्वांचल के हजारों बच्चों की मौत का कारण रही इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी से मृत्यु को 95 प्रतिशत तक नियंत्रित कर लिया गया है। इसके साथ-साथ चिकनगुनिया, कालाजार जैसे संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए हमें फाउंडेशन ने सहयोग किया है। हालांकि आदित्यनाथ ने कहा कि स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में अब भी काफी काम किया जाना बाकी है। इस संबंध में राज्य में 'मिशन निरामयाः' के तहत एक सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है, जो नर्सिंग पैरामेडिकल स्टाफ की ट्रेनिंग और कौशल विकास का अच्छा मॉडल बना है। फाउंडेशन योग्य और कुशल, प्रोफेशनल नर्सिंग स्टाफ पैरामेडिक्स तैयार करने के लिए सरकार को सहयोग कर सकता है। मुख्यमंत्री ने मेलिंडा को 10-12 फरवरी 2023 में लखनऊ में आयोजित होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का न्यौता भी दिया।

## लड़की से बात करने पर दोस्त ने की थी हत्या, दो सगे भाई गिरफ्तार

**बस्ती, (यूएनएस)।** बस्ती पुलिस ने हर्रैया थाना क्षेत्र में एनएच किनारे खेत में हुई युवक की हत्थ्या का खुलासा किया है। हत्या करने और साक्ष्य मिटाने के मामले में 2 सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। मृतक के भाई ने जिस पर हत्थ्या का मुकदमा दर्ज कराया था, वह पुलिस जांच में निर्दोष निकले। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। 4 दिसम्बर कोमहूघाट स्थित एक खेत में 28 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ था। जिसकी पहचान अयोध्या के रामघाट हाल्ट वासुदेव घाट निवासी राम नरेश निषाद के रूप में हुई थी। मृतक के भाई ने नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। उसने बताया था कि उसका भाई रामनरेश करीब 6 माह पूर्व अयोध्या के बीकापुर निवासी एक लड़की के साथ भाग गया था। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने दोनों को बरामद कर लिया। लड़की द्वारा कोर्ट में उसके भाई के पक्ष में बयान देने के कारण वह छूट गया था। जिससे लड़की पक्ष के लोग नाराज थे। उन पर हत्थ्या किए जाने की आशंका व्यक्त किया था। मामले में हर्रैया पुलिस ने तहरीर के आधार पर लड़की के 2 जीजा अरविन्द और गौरव के खिलाफ हत्या और साक्ष्थ्य मिटाने का मुकदमा दर्ज किया था। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान नामजद आरोपियों की मामले में संलिप्तता नहीं मिली। छानबीन के दौरान पता चला कि रामघाट हाल्ट निवासी शत्रुघ्न निषाद के साथ रामनरेश को जाते देखा गया था। शत्रुघ्न को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो घटना का खुलासा हुआ। पूछताछ के दौरान शत्रुघ्न ने 3 दिसम्बर की रात उसके साथ बाइक से संतकबीरनगर के खलीलाबाद में एक लड़की से मिलने की बात बताया। उसने कहा कि तमेशरनाथ के पास एक स्कूल में उससे मिलने की बात पर गुस्सा होते हुए उसने मुझे मारा और कहा कि वह भी उसी लड़की से बात करता है। इसके बाद मैने लोहे की छड़ से सिर पर प्रहार कर उसे मार डाला और लाश वहीं छिपा दिया।

## यूपी लीडरशिप समिटी की अहम् बैठक संपन्न, प्रदेश में उद्योगिक माहौल बन गया है : मिश्र

**लखनऊ, (यूएनएस)।** राजधानी लखनऊ स्थित ताज होटल में यूपी लीडरशिप समिट 2022 में पूरे भारत में व्यापार,वाणिज्य के विस्तार हेतू उद्योगिक प्रतिनिधियों की एक अहम बैठक संपन्न हुई जिसमें हीरो हौंडा मोटरसाईकिल, हीरो साईकिल एवं अन्य व्यापारियों ने बैठक में भाग लिया। मालूम जो कि अटल पूर्वांचल औद्योगिक विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष टीआर मिश्रा ने एक भेंटवार्ता ने में बताया कि उत्तर प्रदेश औद्योगिक लीडरशिप समिट में उन के माध्यम से 50 से अधिक इंडस्ट्री मालिक आए थे। जिन्होंने दो लाख करोड़ का निवेश करने के लिए एमओयू पर साइन किया है और 25 से 30 हजार करोड़ के निवेश का प्रयास चल रहा है। दो से तीन महीने के अंदर कंप्लीट कर लिया जाएगा। ज्ञातव्य है कि मिश्रा गोंडा जनपद के मूल निवासी हैं। अटल पूर्वांचल औद्योगिक विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रामउग्र शुक्ला ने कहा कि अगले 5 वर्षों में 500000 करोड़ का निवेश विभिन्न इंडस्ट्री लगाने के लिए होगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अच्छा माहौल बना दिया है। अब इंडस्ट्री लगाने के पक्ष में माहौल बन चुका है। अब इंडस्ट्री मालिक उत्तर प्रदेश में आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरा भरोसा है। 2003 में अटल पूर्वांचल औद्योगिक विकास परिषद रजिस्टर्ड कराई गई थी। तब से अब तक माहौल ही नहीं मिला था। कि इंडस्ट्री लगाई जा सके अब माहौल बन गया है। अब इंडस्ट्री लगाई जाएंगी। अटल पूर्वांचल औद्योगिक विकास परिषद से तीस हजार लगभग इंडस्ट्री मालिक जुड़ चुके हैं। उन्होंने बताया कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल विहारी बाजपेई जी का गोण्डा से बहुत लगाव था और उनकी कही हुई सारी बात सत्य हो रही है। 2003 की बात है। हमारे भाई टी आर मिश्र घनश्याम शुक्ल शिवकुमार जी और मैं भी घनश्याम जी के साथ माननीय अटल जी के यहाँ मिलने गए हुए थे। तभी बातों बातों में अटल जी ने मिश्र जी से कहा क्या आप उत्तर प्रदेश में उद्योग नही लगवाएंगे तब मिश्र जी ने कहा अभी माहौल ठीक नही है। तब माननीय अटल जी ने हसके कहा की ठीक है। माहौल ठीक होने का इंतजार कीजिये उसके बाद मिश्र जी ने पूर्वांचल उद्योगिक विकास परिषद का पंजाब में रजिस्ट्रेशन करवा लिया अभी 2019 में लोक सभा चुनाव में शिवकुमार से मैं मिलने गया था। तब शिवकुमार जी ने हमसे कहा अब तो योगी जी की सरकार है। अब माहौल ठीक है मिश्रा को अटल जी की बात याद दिलाओ उसके बाद कोरोना आ गया उसके बाद मैंने लुधियाना जाकर मिश्रा जी को याद दिलाया अटल जी की बात और उन्होंने जब सबको तैयार कर लिया तब माननीय मुख्यमंत्री से करीब दो साल बहुत बड़े उद्योगपतियों के साथ मुलाकात हुई माननीय योगी जी की बात से सब बहुत प्रभाभित हुए उसके हम कम से कम 17 बार पंजाब गए मुंबई गए गुजरात गए तब जाकर इतने सारे उद्योगपतियों को निवेश के लिए तैयार कर पाए। एक लाख 95 करोड़ तक निवेश मित्र पर डव्न् हो जाने की संभवाना है शुरुआत हो चुकी है उवन के साथ पोस्ट कर रहा हूँ। यह सब माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उद्योगिक नीत के वजह से संभव हुआ है। ऐसी नीत किसी भी प्रदेश में नहीं है।

## ग्रामीण समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए आधुनिक ऊर्जा बेहद जरूरी

**नवीकरणीय ऊर्जा के सकारात्मक प्रभावों को लेकर हुयी पैनल चर्चा**

**लखनऊ, (यूएनएस)।** नवीकरणीय ऊर्जा के सकारात्मक प्रभावों को लेकर हुयी पैनल चर्चा में ग्रामीण समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए आधुनिक ऊर्जा बेहद जरूरी बताया गया और साथ ही यह समझना भी महत्वपूर्ण है कि ऊर्जा हमारे जीवन में और आजीविका के लक्ष्यां को हासिल करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाती है। रॉकफैलर फाउण्डेषन की रॉकफैलर फाउन्डेशन की सब्सिडरी स्मार्ट पावर इंडिया द्वारा आयोजित की गयी पैनल चर्चा में अनुपम शुक्ला, आईएएस, डायरेक्टर, यूपीएनईडीए', आचार्य शेखर, एसपीएम, नॉन-फार्म लिवलीहुड, यूपी-एसआरएलएमय कमल कुमार कौशिक, सीईओ, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, फ्यूजन माइक्रोफाइनैंस, मनोज कुमार गुप्ता, सीईओ, टीपी रीन्युएबल माइक्रोग्रिड, कुलबीर सिंह, वाईस प्रेजीडेन्ट सर्वाटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड, जितेश कुमार, टेकनिकल एक्सपर्ट, जीआईजैड' एवं अन्य गणमान्य दिग्गज मौजूद थे। पैनल चर्चा को सम्बोधित करते हुए श्री अनुपम शुक्ला, आईएएस डायरेक्टर यूपीएनईडीए ने कहा स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना समय की मांग है उत्तर प्रदेश सरकार एवं हमारे विभाग ने भरोसेमंद और किफायती ऊर्जा की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए लगातार काम किया है स्वच्छ ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करती है कि भारत के ग्रामीण वंचित समुदायों को अच्छी गुणवत्ता की सेवाएं मिलें उनकी आजीविका एवं आर्थिक स्थिति में सुधार हो आजीविका के स्थायी अवसर निर्मित करने, स्वच्छ ऊर्जा समाधानों में निवेश द्वारा ग्रामीण भारत आर्थिक रूप से सुधार करेगा जिससे पूरे देश की तरक्की होगी। इस अवसर पर 'मिस सी इंदुमथी', 'आईएएस, एमडी, यूपी स्टेट रूरल लिवलीहुड मिशन' ने कहा, ''हम राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास को बढ़ावा देना चाहते हैं। जीवाश्म ईंधन के बजाए स्वच्छ ऊर्जा की ओर रुख करने से लधु उद्यमों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। भरोसेमंद उर्जा से उपलब्ध होने से गांवों में सूक्ष्म गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही उत्पादकता भी बढ़ेगी। वितरित नवीकरणीय ऊर्जा के फायदों के बारे में जागरुकता बढ़ने तथा परिणामस्वरूप उत्पादकता बढ़ने से खर्चों के बीच भी तालमेल बनता है, जो बेहद महत्वपूर्ण है। भारत के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक भरोसेमंद ऊर्जा की उपलब्धता को सुनिश्चित करना होगा।' डीआरई के उत्पादक उपयोग से उर्जा की उपलब्धता को बढ़ाया जा सकेगा। इससे अंतिम उपयोगकर्ता के कौशल, उपकरणों की फाइनैंसिंग, मार्केट लिंकेज आदि को ध्यान में रखते हुए उन्हें लाभान्वित किया जा सकेगा। आजीविका को विकास में डीआरई के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए 'मिस स्वाति कारकी, एजीएम, नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एण्ड रूरल डेवलपमेन्ट (नाबार्ड) ने कहा, ''नाबार्ड आजीविका हस्तक्षेपों एवं उद्यमियों को सहयोग प्रदान करता है। यूपी क्षेत्र में अपने प्रोग्रामों के माध्मय से हम लाभार्थियों के समूह के साथ काम करते हैं, इससे शहर जाने वाले प्रवासियों की संख्या कम हुई है, नई हरित नौकरियां उत्पन्न हुई हैं, साथ ही कर्मचारियों के लिए काम की अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण हुआ है और उनकी आय भी बढ़ी है। वितरित नवीकरणीय ऊर्जा से लघु उद्यमों को कई फायदे मिलते हैं। बिजली, रेफ्रीजरेशन एवं स्टोरेज के लिए भरोसेमंद विद्युत की आपूर्ति के चलते कारोबार दिन भर अपना काम कर सकते हैं, इससे उनकी दक्षता और उत्पादकता बढ़ती है। डीआरई समाधान न सिर्फ लागत प्रभावी हैं बल्कि जलवायु परिवर्तन को कम करने, स्थानीय नौकरियों के अवसर उत्पन्न करने और ग्रामीण आबादी के लिए आय-सृजन के अवसर उत्पन्न करने में भी कारगर होते हैं, ये समुदायों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को प्रभावी रूप से अपनाने में सक्षम बनाते हैं। वितरित नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रामीण उद्यमों में भरोसेमंद ऊर्जा के लिए प्रभावी समाधान हैय इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक प्रगति की तरफ हमारा नजरिया बदल गया है, हमने जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों के साथ समझौता किए बिना भरोसेमंद उर्जा की क्षमता को समझा है।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर दिनदहाड़े बदमाशों ने ट्रक चालक को मारी गोली

**उरई/जलौन, (यूएनएस)।** जालौन में बुधवार को दिनदहाड़े बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट व लूट की गई। विरोध करने पर बदमाशों ने उसको गोली मार दी और वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से भाग गए। इस घटना के बारे में जानकारी बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे की पेट्रोलिंग टीम को हुई। उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। साथ ही घायल को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने प्रथम उपचार करने के बाद हालत नाजुक होने पर हायर सेंटर झांसी के लिए रेफर कर दिया। घटना डकोर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के 161 किलोमीटर की है। जहां सिरसाकलार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम टिकरी मुस्तकिल का रहने वाला मानसिंह (35) ट्रक लेकर बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जा रहा था। जैसे ही वह डकोर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के 161 किलोमीटर के पास पहुंचा। तभी असलहों से लैस बदमाशों ने उसे घेर लिया और उसके साथ लूटपाट करते हुए मारपीट की। जब ट्रक चालक ने इसका विरोध किया तो बदमाशों ने उसको गोली मार दी। फिर मरा हुआ समझकर लूट करते हुए मौके से भाग गए। इस घटना के बारे में तब जानकारी हुई, जब बुंदेलखंड एक्सप्रेस भी की पेट्रोलिंग टीम 161 किलोमीटर से निकली। यहां पर चालक को लहूलुहान और मरणासन्न हालत में देखते हुए तत्काल डकोर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डकोर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जिन्होंने पेट्रोलिंग टीम की मदद से मानसिंह को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने हालत देखते हुए इलाज शुरू कर दिया। लेकिन हालत नाजुक देखते हुए तत्काल उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं, इस घटना के बाद जनपद के वरिष्ठ अधिकारी अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की तफ्तीश में जुटे हैं। वहीं, इस घटना के बारे में उरई क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी का कहना है कि मामले की तफ्तीश की जा रही है। तफ्तीश के बाद जो निकलकर आएगा, उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## सुंदरता में निखार लाने में कारगर है हाइड्राफेशियल ट्रीटमेंट: डॉ. सुमित चौधरी

**लखनऊ, (यूएनएस)।** बदलते ट्रेंड्स के साथ अब मेकअप का भी ट्रेंड बदल रहा है। सहारा कॉस्मो के डॉ. सुमित चौधरी ने बताया की सौंदर्य निखार के लिए अब हाथों से होने वाले फेशियल की जगह मशीन से होने वाले बयूटी ट्रीटमेंट्स ज्यादा पॉपुलर हो रहे हैं। समय के साथ ऐसे ब्यूटी ट्रीटमेंट की डिमांड बढ़ गई है, जिसमें समय कम लगे और जिसका असर कुछ समय तक टिका भी रहे। इनमें से ही एक है हाइड्राफेशियल ट्रीटमेंट जो इस समय काफी डिमांड में है। सहारा कॉस्मो क्लीनिक के सीनियर कंसल्टेंट फेशियल एस्थेटिक एंड एंटी एजिंग, डॉ. सुमित चौधरी कहते हैं, आज की भागती दौड़ती जिंदगी में ऐसे प्रोडक्ट या सर्विस की डिमांड बढ़ गई है, जिसमें समय कम लगे लेकिन रिजल्ट बेहतरीन आए। हाइड्राफेशियल ट्रीटमेंट इस पैमाने पर खरा उतरता है। हाइड्रा फेशियल ट्रीटमेंट के लिए एक खास डिवाइस का इस्तेमाल किया जाता है। इस प्रक्रिया में चेहरे की डेड स्किन सेल्स को हटाने, स्किन की क्लींजिंग, एक्सफोलिएटिंग और हाइड्रेशन किया जाता है। हाइड्राफेशियल की पूरी प्रक्रिया में लगभग 30 मिनट का समय लग सकता है। इस ट्रीटमेंट का सेशन पूरा होते ही प्राकृतिक रूप से युवाओं जैसी चमकदार त्वचा नजर आने लगती है। डॉ सफीना गुल, लेजर, फेशियल एस्थेटिशियन और कॉस्मेटोलॉजिस्ट, सहारा कॉस्मो ने बताया, हाइड्राफेशियल एक फेशियल उपचार है जो पेटेंट उपकरण का उपयोग करके त्वचा को एक्सफोलिएट, एक्सट्रेक्ट और हाइड्रेट करता है।

## मोटर साइकिल सीज की तो काली रिलीज की तो नीली

**कुछ भी कर सकती है यूपी पुलिस !**

**लखनऊ, (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश केजनपद लखीमपुर खीरी में पुलिस के कारनामे ने सबको दांतो तले उंगलियां दबाने को मजबूर कर दिया है, अफसर भी लाजवाब हो गये हैं। विगत 5 महीने पहले बिना कागज के एक बाइक को सीज कर पुलिस थाने ले गई थी, जब युवक कोर्ट से रिलीज आर्डर लेकर गाड़ी छुड़वाने गया तो उसकी बाइक काले से नीले रंग की हो चुकी थी और कई पार्ट भी गायब थे।यह देखकर युवक हक्का बक्का रह गया।युवक ने पुलिस पर कई आरोप लगाए हैं। 5 महीने पहले सदर कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को बिना कागज के बाइक चलाते हुए पकड़ा था। उस समय युवक की बाइक को पुलिस ने सीज कर दिया था। 5 महीने बाद युवक सारे कागज पूरे करके कोर्ट से अपनी गाड़ी का रिलीज आर्डर लेकर कोतवाली पहुंचा तो गाड़ी को देखकर उसके होश उड़ गए। जब बाइक सीज की थी तब गाड़ी का कलर काला था और 5 महीने बाद गाड़ी रिलीज कराने युवक पहुंचा तो उसकी बाइक का कलर नीला हो चुका था।युवक का आरोप है कि सिर्फ गाड़ी का रंग ही नहीं बदला है, कई पार्ट भी गायब है। अब जब मामला चर्चा में आ गया है तो पुलिस के पास कोई सटीक जवाब नहीं है। लेकिन इस मामले ने पुलिस के प्रति लोगों का नजरिया जरूर बदलने का काम किया है।शहर के मोहल्ला राजगढ़ निवासी दीपक राज की काले रंग की हीरो स्प्लेंडर बाइक को सदर कोतवाली पुलिस ने चोरी की बताकर सीज कर दी थी और इस आरोप में उसे 10 जुलाई 22 को जेल भेज दिया था।जेल से छूटने के बाद दीपक ने कोर्ट से बाइक रिलीज करने की अपील की। जिसपर कोर्ट ने सदर कोतवाली पुलिस को बाइक रिलीज करने का आदेश दिया। मंगलवार को जब दीपक बाइक लेने सदर कोतवाली पहुंचा तो उसे बताया गया कि बाइक महेवागंज चौकी पर खड़ी है।जब चौकी महेवागंज गया तो उसकी बाइक नहीं थी।जिसके बाद पुलिस ने दीपक को नीले कलर की हीरो हौंडा स्पलेंडर बाइक देने की कोशिश की लेकिन उसने यह कहते हुए मना कर दिया कि यह उसकी बाइक नहीं है।उसकी बाइक काले रंग की थी।इसके बाद दीपक फिर से सदर कोतवाली पहुंचा और वहां घंटों हंगामा हुआ। दीपक का कहना है कि बाइक में टंकी नीले रंग की है और कई पार्ट बदल दिए गए हैं खराब पार्ट लगा दिये गए हैं। पुलिस है, कुछ भी करने में माहिर है।

## दो पुलिस अधीक्षकों समेत छह आईपीएस अधिकारियों का तबादला

**लखनऊ, (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य की पुलिस व्यवस्था में बदलाव करते हुए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के छह अधिकारियों का तबादला कर दिया। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अग्निशमन सेवा मुख्यालय लखनऊ में तैनात पुलिस उपमहानिरीक्षक आकाश कुलहरि को प्रयागराज के अपर पुलिस आयुक्त पद पर नयी तैनाती दी गयी है। उनके स्थान पर दूरसंचार विभाग में उपमहानिरीक्षक जुगल किशोर को अग्निशमन सेवा मुख्यालय लखनऊ भेजा गया है। पीलीभीत के पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी. को गाजियाबाद में पुलिस उपायुक्त पद पर नयी तैनाती दी गयी है। उनके स्थान पर चित्रकूट के पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा-द्वितीय को पीलीभीत भेजा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला की अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर डाला, 3 युवकों पर मुकदमा दर्ज

**बस्ती, (यूएनएस)।** परसरामपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहित महिला की फोटो के साथ गांव के ही 3 लोगों ने अपना फोटो जोड़कर अश्लील वीडियो बनाया और उस पर गाना जोड़कर वायरल कर दिया। महिला आरोपियों से इस बारे में पूछने गई और विरोध जताया तो गाली-गलौज कर जानमाल की धमकी दी। पीड़िता ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। विवाहिता का आरोप है कि गांव निवासी फूलचन्द्र, रामदीन और अंकित ने उसके वॉट्सऐप से फोटो निकालकर अपने फोटो के साथ अश्लील वीडियो बनाई और वायरल कर दिया। मामले की जानकारी होने के बाद आरोपियों से पूछा और विरोध जताया तो गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इस पर पुलिस ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। एसएचओ अरविन्द शाही ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। विवाहिता का फोटो एडिट कर आरोपियों पर वीडियो बनाकर वायरल करने का आरोप है। मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### जमीन के विवाद में जमकर चलीं लाठियां, आठ घायल

**बस्ती, (यूएनएस)।** नगर थाना क्षेत्र के ग्राम माली टोला में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इसमें दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ लोगों के खिलाफ मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक, नगर थाना क्षेत्र के ग्राम माली टोला निवासी माया देवी पत्नी स्व. रमई ने नगर पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि जमीन के विवाद को लेकर गांव के निवासी बुद्धू, विजय, मनोज कुमार व सुनीता पुत्री बुद्धू अपशब्द कह रहे थे। मना करने पर चारों लोग एकराय होकर लाठी-डंडे व ईट-पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के विजय कुमार ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि जमीन के विवाद को लेकर गांव के निवासी अरुण, शिवा, माया पत्नी रमई व रागिनी पुत्री रमई अपशब्द बोल रहे थे। विरोध करने पर लाठी-डंडे व ईट-पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी नगर धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि दोनों पक्षों के तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गबन के मामले में इलाहाबाद बैंक के कैशियर को 25 साल बाद सजा, कोर्ट ने दिया आदेश

**बस्ती,(यूएनएस)।** न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अमित मिश्रा की अदालत ने हेराफेरी व गबन के 25 साल पुराने मामले में दोषी इलाबाबाद बैंक के कैशियर को तीन साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने 9500 रुपये अर्थदंड लगाते हुए कहा कि इसे न अदा करने पर नौ माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।अभियोजन अधिकारी संजय शुक्ला के निर्देशन में अभियोजन अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने अदालत को अवगत कराया कि मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के इलाहाबाद बैंक शाखा का है। वादी तेज प्रताप राय ने पुरानी बस्ती पुलिस को मार्च 1997 में तहरीर देकर बताया कि उनके द्वारा इलाहाबाद बैंक में अकाउंट पेयी चेक दिया गया था। नियमानुसार इसका भुगतान संबंधित खातेदार के बैंक खाते में कर दिया गया। चेक की लिखापढ़ी का काम शाखा में कार्यरत लिपिक मो. सगीर अयूब के जिम्मे था। उन्होंने बेईमानी की मंशा से सभी चेकों को चुरा लिया और इन्हीं चेकों को बैंक में दूसरे व्यक्ति से प्रस्तुत कराकर 1,47,252 रुपये का भुगतान ले लिया। मामले में पुलिस ने 19 अप्रैल 1997 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। आठ गवाहों के बयान और साक्ष्य के आधार पर न्यायाधीश ने फैसला सुनाया।

### एक्सप्रेसवे पर डिवाइडर से टकराए बाइक सवार, एक की मौत

**उरई/जलौन, (यूएनएस)।** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर देर रात बाइक सवार तीन लोग डिवाइडर से टकरा गए। तीनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। हादसा देख आसपास मौजूद लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां डाक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। डकोर कोतवाली क्षेत्र के बंधौली गांव निवासी विजय राजपूत का 18 वर्षीय पुत्र शिवम मंगलवार को बाइक से अपनी बहन की ससुराल हमीरपुर के खेड़ा गांव से लौट रहा था। बाइक पर बहन के ससुर व एक अन्य व्यक्ति भी सवार थे। मंगलवार की देर रात बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के बंधौली गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इससे तीनों घायल हो गए। अस्पताल में डॉक्टर ने शिवम को मृत घोषित कर दिया। शिवम के पिता खेतीबाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं।

### किशोरी की डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव, संख्या 90 पहुंची

**उरई/जालौन, (यूएनएस)।** शहर के मोहल्ला पाठकपुरा निवासी गुनगुन (16) को बुखार आ रहा था। परिजनों ने एलाइजा जांच कराई गई थी। इसमें गुनगुन को डेंगू की पुष्टि हुई है। जिले में डेंगू मरीजों की संख्या बढ़कर 90 पहुंच गई है। पांच और लोगों के सैंपल भेजे गए हैं। महामारी विशेषज्ञ महेंद्र कुमार ने कहा कि बुखार आने पर डेंगू जांच करा लें। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ जीएस स्वर्णकार का कहना है कि टीम भेजकर एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है।

### छात्र का शव फंदे पर लटका मिला

**उरई/जलौन, (यूएनएस)।** 12वीं में पढ़ने वाले छात्र का शव घर में रस्सी के फंदे पर लटका मिला। सुबह जब दूध वाला घर पर पहुंचा तो गेट न खुलने पर पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदारों को जानकारी दी। बिनौरा गांव निवासी कृष्णपाल सिंह का 18 वर्षीय पुत्र राजदीप गुर्जर का शव बुधवार की सुबह घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने पुलिस को बताया कि बुधवार को राजदीप को छोड़कर रिश्तेदारी में कार्यक्रम में इटावा के गंधासपुरा गांव गए थे। पिता कृष्णपाल खेतीबाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करते है। राजदीप इकलौती संतान था। वह गांव स्थित राधाकृष्ण इंटर कालेज में पढ़ता था। उसकी मौत के बाद घर पर मौजूद भीड़ में से किसी ने उसका मोबाइल चोरी कर लिया। थानाध्यक्ष नागेंद्र पाठक का कहना है कि परिजन आत्महत्या की कोई वजह नहीं बता पा रहे हैं। मृतक का मोबाइल बरामद कर जांच की जाएगी।

### किसान की ठंड से मौत,खेत में मिला शव


**बांदा, (यूएनएस)।** खेत में फसलों की सिंचाई करने गए किसान की मौत हो गई। उनका शव खेत मे पड़ा मिला तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने बताया कि ठंड की चपेट में आने से मौत हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला कालिंजर थाना के छितैनी गांव का है। यहां के रहने वाले 60 वर्षीय किसान कामता 3 बीघे जमीन के काश्तकार थे। देर शाम सरसों और चने की फसलों में पानी से सिंचाई करने खेत गए थे, जहां उनकी मौत हो गयी। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई तो खेत पहुंचे। मृतक के बेटे ने बताया कि खेत में उनका शव पड़ा मिला है, उनकी ठंड की चपेट में आने से मौत हुई है।मृतक किसान के एक बेटा और 2 बेटी हैं। परिजनों में घटना को लेकर कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने घटना की पुलिस को सूचना दे दी है। कालिंजर थाना के थानाध्यक्ष नरेश प्रजापति ने बताया कि खेत में पानी लगाने के दौरान एक व्यक्ति की ठंड लगने से मौत हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### डीएम की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई

**बाँदा, (यूएनएस)।** जिलाधिकारी दीपा रंजन की अध्यक्षता में मत्स्य विभाग की महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के चयन के क्रम में जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आहूत की गई। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक,उपायुक्त मनरेगा के साथ अन्य समिति सदस्य उपस्थित हुए।सहायक निदेशक मत्स्य गिरीश त्रिपाठी द्वारा अवगत कराया गया कि इस वर्ष 23 से अधिक उपयोजनयों में आवेदन प्राप्त हुए है। कुल प्राप्त आवेदनों का सत्यापन पूर्ण हो चुका है।

# क्रिश्चियन मिशेल ने ब्रिटिश पीएम को लिखा पत्र, तिहाड़ जेल में दुर्व्यवहार का लगाया आरोप

एजेंसी




**लंदन।** अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाला मामले में कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल ने तिहाड़ जेल से ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को लिखे पांच पन्नों के पत्र में दावा किया है कि दिल्ली में उनके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। उन्हें बिना किसी मुकदमे के, बिना किसी आरोप के और बिना किसी जमानत के चार साल से जेल में रखा जा रहा है। ब्रिटेन के एक करीबी सूत्र ने पुष्टि की, कि सुनक को 5 नवंबर का पत्र भेजा गया, जो वास्तव में मिशेल द्वारा लिखा गया है। पत्र की कॉपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ब्रिटिश गृह सचिव सुएला ब्रेवरमैन और मिशेल के ब्रिटिश वकील टोबी कैडमैन सहित अन्य को भेजी गई है। सुनक के कार्यालय ने पत्र की प्राप्ति की पुष्टि करने या इसके कंटेंट पर प्रतिक्रिया देने के लिए आईएएनएस के अनुरोध का कोई जवाब नहीं दिया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) 3,600 करोड़ रुपये में 12 अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए 2010 के एक सौदे में दलाली के आरोपों की जांच कर रहे हैं। फरवरी 2013 में तत्कालीन रक्षा मंत्री ए.के. एंटनी ने जांच करने के लिए कहा था। लगभग 10 वर्ष बीतने के बाद भी मुकदमे की कार्यवाही किसी चरण पर नहीं पहुंच पाई है। ईडी ने जून 2016 में मिशेल के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी, जिसमें उस पर लेनदेन में 30 मिलियन यूरो का कमीशन प्राप्त करने का आरोप लगाया गया था। मिशेल ने आरोप से इनकार किया है। 2019 में, इटली की सर्वोच्च अदालत ने मिशेल की ओर से किसी भी गलत काम को खारिज कर दिया, उसके खिलाफ लगाए गए आरोपों को परिकल्पना बताया। मिशेल ने सुनक को बताया कि नवंबर 2020 में मनमाने ढंग से हिरासत (डब्ल्यूजीएडी) पर संयुक्त राष्ट्र के एक कार्यकारी समूह ने भारत सरकार की निंदा की और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार उसकी तत्काल रिहाई और मुआवजे का भुगतान करने का आह्वान किया था।उसने शिकायत की, कि ब्रिटिश विदेश कार्यालय ने उन्हें बताया कि कार्य समूह एक न्यायिक निकाय नहीं है और इसकी राय कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है। मिशेल ने पत्र में आगे लिखा, ब्रिटेन संयुक्त राष्ट्र का संस्थापक सदस्य है, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है, मानवाधिकारों की सार्वभौईडी घोषणा और संयुक्त राष्ट्र के चार्टर का हस्ताक्षरकर्ता है।डब्ल्यूजीएडी की रिपोर्ट में दर्ज किया गया है कि मिशेल के वकीलों ने प्रस्तुत किया कि जनवरी 2018 में सीबीआई के एक उप निदेशक ने कथित तौर पर इस मामले से संबंधित भ्रष्टाचार गतिविधियों को स्वीकार करते हुए 20 पेज के पूर्व-मसौदे के बयान पर हस्ताक्षर करने के लिए मिशेल पर दबाव बनाने का प्रयास किया और हस्ताक्षर करने से इनकार करने पर मुकदमा चलाने की धईडी दी। मिशेल ने सुनक को अवगत करायारू इस प्रेषण द्वारा उठाए गए मुद्दे और प्रस्तुत किए गए सबूत अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों के हनन, अपहरण, कारावास और यातना के विश्वसनीय आरोपों के विषय में बहुत ही महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय हित के हैं। उसने अपने आरोपों में संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारियों को शामिल किया।मंगलवार को, लाइव लॉ डॉट इन ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश एस. वाई. चंद्रचूड़ ने मिशेल की ओर से जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए टिप्पणी कीरू उसे पहले ही साढ़े चार साल के लिए जेल में डाल दिया गया है (दुबई में छह महीने पहले उसे कथित तौर पर दिल्ली भेजा गया था) सिर्फ इसलिए कि वह एक विदेशी नागरिक है। आमतौर पर अगर वह भारतीय नागरिक होता, तो अदालत जमानत देने को तैयार होती। उन्होंने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू, जो ईडी की ओर से दलील दे रहे थे, से पूछा रू केवल इसलिए कि वह एक विदेशी नागरिक हैं, क्या यह उनकी स्वतंत्रता के पूर्ण अभाव का वारंट है या क्या हम कुछ शर्तें लगा सकते हैं, ताकि हम उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कर सकें? सुप्रीम कोर्ट ने मामले को जनवरी 2023 के दूसरे सप्ताह में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने ट्रेडमार्क का उल्लंघन करने वाली क्रोमा रिक्रूटर्स की वेबसाइट्स को ब्लॉक करने का दिया आदेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में आदेश दिया है कि क्रोमा में भर्ती करने वाली और लोगों से पैसे लेकर ठगी करने वाली उल्लंघनकारी वेबसाइटों को ब्लॉक किया जाना चाहिए। क्रोमा टाटा के स्वामित्व वाली इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल स्टोर चेन है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान आपत्तिजनक वेबसाइटों तक पहुंच को अवरुद्ध करने का निर्देश दिया। क्रोमा की कुछ ऐसी वेबसाइटें हैं जो ट्रेडमार्क का उल्लंघन करती हैं।

अदालत ने पंजीकरण विवरण जैसे कॉन्टेक्ट इंफॉर्मेशन, पेमेंट डिटेल्स और डोमेन नाम रजिस्ट्रार से आपत्तिजनक वेबसाइटों के कुलसचिवों की पहचान से संबंधित कोई अन्य जानकारी भी मांगी। वादी इनफिनिटी रिटेल लिमिटेड, जो खुदरा स्टोर का मालिक है, ने अपने पंजीकृत ट्रेडमार्क और कॉपीराइट के उल्लंघन को रोकने के लिए स्थायी निषेधाज्ञा की मांग करते हुए एक मुकदमा दायर किया था। यह टाटा समूह की सहायक कंपनी है। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को बताया कि जालसाजों ने व्हाट्सएप के माध्यम से उपभोक्ताओं को क्रोमा में नौकरी देने का झांसा दिया। उपभोक्ताओं को बैंक खातोंध्यूपीआई आईडी में पैसे ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया गया है। अदालत को आगे बताया गया कि पीड़ितों को धोखाधड़ी में 1,65,000 रुपये तक का नुकसान हुआ है। न्यायमूर्ति नरूला ने वादी को एक पक्षीय निषेधाज्ञा देते हुए कहा कि अदालत की प्रथम दृष्टया राय है कि प्रतिवादियों ने वादी के पंजीकृत चिन्हों का उल्लंघन किया है। कोर्ट ने कहा, वादी ने बाजार में पर्याप्त सद्भावना और प्रतिष्ठा अर्जित की है और भारत में अपने व्यापार संचालन के माध्यम से काफी राजस्व अर्जित किया है। वादी के पंजीकृत चिन्ह प्रसिद्ध चिन्ह हैं और यदि कोई पूर्व-पक्षीय अंतरिम निषेधाज्ञा नहीं दी जाती है, तो वादी को एक अपूरणीय क्षति होगी। शेष राशि सुविधा भी वादी के पक्ष में और प्रतिवादी नंबर 1 से 4 के खिलाफ है। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को वादी में उल्लिखित मोबाइल नंबरों को अस्थायी रूप से निलंबित और उनकी पहचान के विवरण का खुलासा करने का निर्देश दिया। साथ ही, उल्लिखित यूपीआई आईडी को अस्थायी रूप से निलंबित और अक्षम करने का आदेश दिया। अदालत ने प्रतिवादियों को यह भी कहा कि वे कहीं भी उल्लंघन करने वाले डोमेन नामों का उपयोग या पंजीकरण करने से रोकें या किसी भी गतिविधि में शामिल हों। इस मामले की अगली सुनवाई 27 मार्च, 2023 को है।

## एलओसी के साथ अब एलएसी पर भी तापमान शून्य से 18 डिग्री नीचे, ड्यूटी पर सीना ताने खड़े भारतीय जवान

एजेंसी



**जम्मू।** दाद देनी पड़ती है उन भारतीय जवानों की जो लद्दाख में चीनी सीमा, करगिल तथा कश्मीर के उन पहाड़ों पर अपनी डयूटी बखूबी निभा रहे हैं जहां कभी 100 तो कभी डेढ़ सौ किमी प्रति घंटा की रफ्तार से बर्फीली हवाएं चलती हैं। ऐसे में भी वे सीना तान पाकिस्तानी जवानों के साथ-साथ प्रकृति की दुश्मनी का भी सामना करते हैं। ऐसे हालात अब एलओसी के साथ ही एलएसी पर भी हैं। एक और पाकिस्तानी सेना का खतरा है तो दूसरी ओर चीन की सेना का। यह सच है कि हवा के तूफानी थपेड़े ऐसे की एक पल के लिए खड़ा होना आसान नहीं। तापमान शून्य से कई डिग्री नीचे। ऊपर से भीषण हिमपात के कारण चारों ओर बर्फ की ऊंची-ऊंची दीवार। लेकिन इन सबके बावजूद दुश्मन से निपटने के लिए खड़े भारतीय जवानों की हिम्मत देख वे पहाड़ भी अपना सिर झुका लेते हैं जिनके सीनों पर वे खड़े होते हैं। कश्मीर सीमा की एलओसी पर ऐसे दृश्य आम हैं। सिर्फ कश्मीर सीमा पर ही नहीं बल्कि करगिल तथा सियाचिन हिमखंड में भी ये भारतीय सैनिक अपनी वीरता की दास्तानें लिख रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि वीरता की दास्तानें सिर्फ शत्रु पक्ष को मार कर ही लिखी जाती हैं बल्कि इन क्षेत्रों में प्रकृति पर काबू पाकर भी ऐसी दास्तानें इन जवानों को लिखनी पड़ रही हैं। अभी तक कश्मीर सीमा की कई ऐसी सीमा चौकियां थीं जहां सर्दियों में भारतीय जवानों को उस समय राहत मिल जाती थी जब वे नीचे उतर आते थे। 23 वर्ष पूर्व तक ऐसा ही होता था क्योंकि पाकिस्तानी पक्ष के साथ हुए मौखिक समझौते के अनुरूप कोई भी पक्ष उन सीमा चौकिओं पर कब्जा करने का प्रयास नहीं करता था जो सर्दियों में भयानक मौसम के कारण खाली छोड़ दी जाती रही हैं। लेकिन करगिल युद्ध के उपरांत ऐसा कुछ नहीं हुआ। नतीजतन भयानक सर्दी के बावजूद भारतीय जवानों को उन सीमा चौकिओं पर भी कब्जा बरकरार रखना पड़ रहा है जो करगिल युद्ध से पहले तक सर्दियों में खाली कर दी जाती रही हैं तो अब उन्हें करगिल के बंजर पहाड़ों पर भी सारा साल चौकसी व सतर्कता बरतने की खातिर चट्टान बन कर तैनात रहना पड़ रहा है। और इस बार स्नो सुनामी ने उनकी दिक्कतों तो बढ़ा दिया मगर हौंसले को कम नहीं कर पाया। इस सच्चाई से कोई अनभिज्ञ नहीं कि कश्मीर, करगिल तथा सियाचिन हिमखंड जैसे सीमांत क्षेत्रों में पाकिस्तानी सेना भारतीय पक्ष की दुश्मन तो है ही प्रकृति सबसे बड़ी शत्रु के रूप में सामने आती है। ऐसी ही परिस्थितियों से भारतीय सेना अब तीन सालों से लद्दाख के मोर्चे पर चीनी सेना की घुसपैठ और आक्राईडी रूख के कारण सामना कर रही है। मगर इन सब बाधाओं को पार करने वालों का नाम ही भारतीय जवान है। हालांकि आधिकारिक आंकड़े इसे स्पष्ट करते हैं कि कश्मीर सीमा, चीन की सीमा तथा सियाचिन हिमखंड पर होने वाली सैनिकों की मौतों में से 97 प्रतिशत के लिए वह प्रकृति जिम्मेदार होती है जिसका मुकाबला करने की खातिर भारतीय जवान सीना तान खड़े होते हैं।

## नेपाल चुनाव: दो नई पार्टियों के उदय से मधेश क्षेत्र में पारंपरिक राजनीतिक ताकतों का एकाधिकार समाप्त

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में हाल में हुए चुनाव में जनमत पार्टी और नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के लिए तराई या मधेश क्षेत्र से संसद में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इसी के साथ भारत की सीमा से लगे दक्षिणी मैदानी क्षेत्रों में चला आ रहा दो पारंपरिक राजनीतिक ताकतों का एकाधिकार समाप्त हो गया है। देश में 20 नवंबर को हुए चुनाव में तराई की दोनों मजूबत पार्टियों उपेंद्र महतो के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी (जेएसपी) और महंत ठाकुर के नेतृत्व वाली लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी (एलएसपी) की सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी आई है। पांच साल पहले, 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा (एचओआर) में तराई की दो पार्टियों की संयुक्त संख्या 33 थी। हालांकि, इस क्षेत्र में दो नए राजनीतिक दलों के उदय के साथ, उनकी संयुक्त ताकत घटकर 16 सीट रह गई है। एचओआर में, 165 सदस्य प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से चुने जाएंगे, जबकि शेष 110 आनुपातिक निर्वाचन प्रणाली के माध्यम से चुने जाएंगे। किसी पार्टी या गठबंधन को स्पष्ट बहुमत के लिए 138 सीटों की जरूरत होती है। जेएसपी को हाल के चुनाव में प्रत्यक्ष मतदान के तहत सात सीटों पर जीत मिली है और इसे आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत पांच और सीट मिलेंगी। इसी तरह, एलएसपी ने सिर्फ चार सीट जीती है, लेकिन उसे आनुपातिक मतदान के तहत कोई सीट नहीं मिलेगी क्योंकि पार्टी राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने में विफल रही है। मधेशी राजनीति पर करीबी नजर रखने वाले राजनीतिक विश्लेषक राजेश अहिराज ने कहा कि भ्रष्टाचार, सांप्रदायिकता और भड़काऊ राजनीति मुख्य कारक हैं जिन्होंने इन पारंपरिक मधेशी पार्टियों को कमजोर बनाया और तराई क्षेत्र में उनकी छवि खराब की। उन्होंने कहा, ''इन दलों ने मधेशी लोगों के अधिकारों और प्रतिनिधित्व के पक्ष में नारे लगाए थे, लेकिन अधिक समय तक इस मुद्दे पर खड़े नहीं हो सके। उनकी राजनीति सत्ता केंद्रित हो गई है और वे अपने सिद्धांतों और नारों को दरकिनार कर सत्ता के बंटवारे के उद्देश्य से नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल जैसी बड़ी पार्टियों के साथ हाथ मिला रहे हैं।'' सी के राउत, जो अतीत में तराई क्षेत्र में एक चरमपंथी समूह का नेतृत्व कर रहे थे, हाल में मुख्यधारा की राजनीति में शामिल हुए थे और पहली बार चुनाव लड़े थे। जनमत पार्टी को अलगाववादी नारे लगाने के लिए कुछ समय के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। राउत ने जेएसपी अध्यक्ष और पूर्व उपप्रधानमंत्री उपेंद्र यादव को सप्तरी-2 निर्वाचन क्षेत्र से बड़े अंतर से हराया था।

## पाकिस्तान की ब्लाइंड क्रिकेट टीम को गृह मंत्रालय ने वीजा जारी करने की दी अनुमति

**नई दिल्ली।** भारत में होने जा रहे ब्लाइंड टीम टी20 विश्व कप 2022 में पाकिस्तान के खिलाड़ियों को आखिरकार भारत आने के लिए वीजा संबंधी अनुमति मिल गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भारत में होने वाले विश्व कप के लिए पाकिस्तान ब्लाइंड क्रिकेट टीम के 34 खिलाड़ियों और अधिकारियों को वीजा जारी करने की मंजूरी दे दी है। अब विदेश मंत्रालय टीम को वीजा जारी कर सकेगा। दरअसल इससे पहले भारत ने पाकिस्तान ब्लाइंड क्रिकेट टीम को भारत आने का वीजा देने से इनकार कर दिया था। इसको लेकर ब्लाइंड क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया ने कहा था कि पाकिस्तान का वीजा खारिज हो गया है। वे विश्व कप में भाग लेने नहीं आ रहे हैं। वहीं इसके बाद पाकिस्तान ने इसको लेकर सवाल उठाए थे। पाकिस्तान ब्लाइंड क्रिकेट काउंसिल ने कहा था कि खेल को क्षेत्रीय राजनीति से ऊपर होना चाहिए और खास तौर पर दिव्यांग व्यक्तियों के मेगा खेल आयोजनों में उचित व्यवहार किया जाना चाहिए। गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के 34 सदस्यीय खिलाड़ियों के दल को वीजा जारी करने की अनुमति दे दी गई है। वीजा जारी करने का काम गृह मंत्रालय का नहीं है। अब संबंधित विभाग वीजा जारी कर सकेगा। वहीं ब्लाइंड क्रिकेट फेडरेशन ऑफइंडिया के अध्यक्ष जीके महंतेश ने ट्वीट कर कहा कि ये अच्छी खबर है और उम्मीद है पाकिस्तान नेत्रहीन क्रिकेट टीम जल्द ही हमारे साथ जुड़ेगी।

## नर्सिंग परीक्षा पर रोक, हाइकोर्ट ने परीक्षा नियंत्रक को किया तलब

एजेंसी

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश का बहुचर्चित नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद शासन ने बड़ी संख्या में नर्सिंग कॉलेजों की संबद्धता समाप्त की थी, इस बीच जबलपुर आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ने बीएससी नर्सिंग सेकंड ईयर की परीक्षा को लेकर 19 सितम्बर 2022 को अधिसूचना जारी करते हुए टाइम टेबल जारी किया था। जिसके चलते आयोजित हो रही परीक्षाओं में बड़ी संख्या में ऐसे नर्सिंग कॉलेज के छात्रों को भी शामिल किया गया था, जिनकी संबद्धता समाप्त हो चुकी थी और उनमें पढ़ने वाले छात्रों का नामांकन नहीं हुआ था। इस फर्जीवाड़े को लेकर मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की ग्वालियर बेंच में एक जनहित याचिका दायर करते हुए तत्काल रोक लगाने के साथ मामले के जांच की मांग की थी। न्यायालय ने सुनवाई के बाद अंतरिम आदेश जारी करते हुए बीएससी नर्सिंग सेकंड ईयर की परीक्षा पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का आदेश तो दिया ही साथ ही आयोजित हो चुके दो पेपर में शामिल हुए सभी परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं को सील्ड करने के भी निर्देश दिए है।साथ ही आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को 4 जनवरी को हाईकोर्ट में दस्तावेजों के साथ तलब किया है।

## ग्राहकों को जल्द मिलेगी विभिन्न भुगतान के लिये अपने खाते में राशि 'ब्लॉक करने की सुविधा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोगों को जल्दी ही होटल बुकिंग, पूंजी बाजार में शेयरों की खरीद-बिक्री जैसे विभिन्न लेन-देन के लिये यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) के जरिये राशि अपने खाते में 'ब्लॉक करने और भुगतान करने की सुविधा मिलेगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को यूपीआई में एकबारगी राशि 'ब्लॉक करने और उसे अलग-अलग कार्यों के लिये काटे जाने (सिंगल ब्लॉक एंड मल्टीपल डेबिट) की सुविधा देने की घोषणा की। ग्राहक जब भी आवश्यक हो पैसा काटे जाने के लिए अपने बैंक खातों में धनराशि निर्धारित कर संबंधित इकाई के लिये भुगतान को तय कर सकते हैं। केंद्रीय बैंक के अनुसार, इस व्यवस्था से ई-कॉमर्स और प्रतिभूतियों में निवेश के लिये भुगतान आसान होगा। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की जानकारी देते हुए कहा, 'यूपीआई की क्षमता बढ़ाकर ग्राहकों को सेवाओं के एवज में भुगतान के लिये राशि अपने खाते में 'ब्लॉकश् करने की सुविधा देने का निर्णय किया गया है। इससे ई-कॉमर्स और प्रतिभूतियों में निवेश को लेकर भुगतान सुगम होगा। इस व्यवस्था के तहत ग्राहकों को सेवाओं के एवज में भुगतान के लिये राशि अपने खाते में 'ब्लॉक करने की सुविधा मिलेगी और जब भी आवश्यकता हो, संबंधित राशि खाते से काटी जा सकती है। इस सुविधा का उपयोग होटल बुकिंग, पूंजी बाजार में प्रतिभूतियों के साथ-साथ सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद में किया जा सकता है। प्रतिभूति खरीदने के लिये केंद्रीय बैंक की खुदरा प्रत्यक्ष योजना के जरिये इसका उपयोग किया जा सकता है। बयान के अनुसार, 'इससे लेन-देन में भरोसा बढ़ेगा क्योंकि कारोबारियों को समय पर भुगतान का भरोसा मिलेगा। वहीं वस्तु या सेवाएं मिलने तक राशि ग्राहक के खाते में पड़ी होगी।श् यूपीआई के जरिये फिलहाल निर्धारित समय पर होने वाले लेन-देन और 'सिंगल-ब्लॉक-एंड-सिंगल-डेबिट की सुविधा है। मासिक आधार पर 70 लाख से अधिक स्वतरू भुगतान सुविधा का प्रबंधन यूपीआई के जरिये हो रहा है। वहीं आधे से अधिक आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) आवेदनों का प्रसंस्करण यूपीआई में रकम 'ब्लॉकश् करने की सुविधा से हो रहा है। आरबीआई ने कहा कि इस बारे में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) को जल्दी ही निर्देश जारी किया जाएगा। दास ने भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) में सभी भुगतान और संग्रह शामिल कर इसका दायरा बढ़ाने की भी घोषणा की। अभी, बीबीपीएस के पास अलग-अलग समय पर होने वाले भुगतान या व्यक्तियों को मिलने वाली राशि के भुगतान की सुविधा नहीं है, भले ही उसका भुगतान निश्चित समय पर करने की जरूरत क्यों न हो। दास ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप पेशेवर सेवा शुल्क भुगतान, शिक्षा शुल्क, कर भुगतान, किराया संग्रह इसके दायरे में नहीं है। दास ने कहा कि नई प्रणाली बीबीपीएस मंच को व्यक्तियों और व्यवसायों के व्यापक समूह के लिए सुलभ बनाएगी। इस संदर्भ में रिजर्व बैंक अलग से दिशानिर्देश जारी करेगा।

# देश-विदेश डायरी

## लिचफील्ड को मंधाना से ली गयी सीख से भारत दौरे पर फायदा मिलने की उम्मीद

**मुंबई, एजेंसी।** आस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर फोबे लिचफील्ड को उम्मीद है कि उन्होंने महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के दौरान बायें हाथ की बल्लेबाज स्मृति मंधाना के साथ जो समय बिताया था, उससे उन्हें भारत के अपने पहले दौरे में मदद मिलेगी। लिचफील्ड (19 वर्ष) और मंधाना दोनों 2021-22 डब्ल्यूबीबीएल सत्र में सिडनी थंडर्स के लिये खेली थीं और महिला क्रिकेट की इस शानदार खिलाड़ियों में शुमार इस भारतीय से आस्ट्रेलिया की इस 'अनकैप्ड' खिलाड़ी को काफी कुछ सीखने को मिला। लिचफील्ड भारत के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में अपना पदार्पण करने को तैयार हैं जो मुंबई में नौ दिसंबर से शुरू हो रही है। लिचफील्ड ने बुधवार को यहां पत्रकारों से कहा, ''स्मृति के साथ खेलना शानदार था। वह बेहतरीन खिलाड़ी है। बायें हाथ की खिलाड़ी के तौर पर मुझे उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। उन्होंने टीम के साथ पारियों में मेरी काफी मदद की। मैंने निश्चित रूप से उनके साथ वहां खेलकर काफी कुछ सीखा। वह मेरी पसंदीदा बायें हाथ की खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्हें खेलते देखना मुझे अच्छा लगता है। 'मंधाना ने सत्र के अंत में लिचफील्ड को अपना बल्ला भी उपहार के तौर पर दिया था। भारतीय खिलाड़ी ने इस डब्ल्यूबीबीएल सत्र से हटने का फैसला किया है। लिचफील्ड ने कहा, ''उन्होंने (मंधाना ने) श्रृंखला के अंत में मुझे अपना एक बल्ला भी दिया। मैंने इसका इस्तेमाल किया और यह बेहतरीन था। उनके साथ बल्लेबाजी को लेकर बातें हुई। पारी को कैसे आगे बढ़ाया जाये, उन्होंने इसके बारे में सलाह देकर मेरी मदद की। लिस्ट ए क्रिकेट और टी20 में अच्छा करने के बाद लिचफील्ड से काफी उम्मीदें लगी हुई हैं और वह इन उम्मीदों का भार भी महसूस करती हैं।

## जर्मनी में 25 संदिग्ध घोर कट्टरपंथियों को हिरासत में लिया गये

**बर्लिन, एजेंसी।** जर्मनी में बुधवार को पुलिस ने उन संदिग्ध घोर दक्षिणपंथी कट्टरपंथियों के खिलाफ व्यापक स्तर पर छापेमारी की, जो कथित तौर पर ताकत के दम पर सरकार को सत्ता से बाहर करना चाहते थे। संघीय अभियोजकों ने बताया कि करीब तीन हजार अधिकारियों ने तथाकथित 'रीच सिटीजन मूवमेंट' के अनुयायियों के खिलाफ जर्मनी के 16 राज्यों में से 11 में 130 ठिकानों पर छापेमारी की। समूह के कुछ सदस्यों ने युद्ध के बाद अस्तित्व में आए जर्मनी के संविधान को स्वीकार करने से इनकार कर दिया और सरकार को सत्ता से बाहर करने का आह्वान भी किया। अभियोजकों ने बताया कि जर्मनी के 22 नागरिकों को ''एक आतंकवादी संगठन का सदस्य होने'' के संदेह में हिरासत में लिया गया है। अन्य तीन लोगों में एक रूसी नागरिक भी शामिल है जिन पर संगठन की मदद करने का संदेह है। पत्रिका 'डेर स्पिगल' की खबर के अनुसार, जर्मनी के विशेष बलों की इकाई केएसके के दक्षिण-पश्चिमी शहर काल्व के बैरक की भी तलाशी ली गई। हालांकि, संघीय अभियोजकों ने न इसकी पुष्टि की और न इससे इनकार किया।

## स्पेन में दो रेलगाड़ियों के बीच टक्कर, 155 लोग घायल

**बार्सिलोना, एजेंसी।** स्पेन में बुधवार की सुबह बार्सिलोना के निकट दो रेलगाड़ियों के बीच टक्कर में 155 लोग घायल हो गए। हालांकि हादसे में कोई व्यक्ति गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। स्पेनिश अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कातालूनिया की आपातकालीन सेवा की ओर से बताया गया कि तीन लोगों को स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है, लेकिन कोई यात्री गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। अधिकारियों ने कहा कि बार्सिलोना के उत्तर में स्थित 'मोंटकाडा आई रीक्साक' में एक पटरी पर दोनों रेलगाड़ियों के बीच टक्कर हुई। मैड्रिड में कातालूनिया सरकार के प्रतिनिधि एस्टर कापेला ने स्पेनिश नेशनल रेडियो को बताया कि अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं।

## चीन ने कड़े कोविड रोधी प्रतिबंधों में ढील की घोषणा की

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने कोविड-19 की रोकथाम के लिए लागू प्रतिबंधों में कई ढील देने की घोषणा की है। इसमें लॉकडाउन के नियमों को पूरे जिले या इलाके के बजाय किसी इमारत या उसकी विशेष मंजिल पर लागू किए जाने का नियम शामिल है। नए नियमों के तहत कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने वाले लोग अस्पतालों में भर्ती होने के बजाय घर पर ही पृथकवास में रह सकेंगे। इसके अलावा, जिन स्कूलों में संक्रमण का कोई मामला नहीं मिला है, वहां ऑफलाइन कक्षाएं शुरू की जा सकेंगी। ये रियायतें सख्त 'जीरो कोविड' नीति को लेकर चीन के विभिन्न शहरों में हुए प्रदर्शनों के मद्देनजर दी गई हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि देश में तीन साल से लागू इन प्रतिबंधों के चलते आम जनजीवन, यात्रा और रोजगार प्रभावित हुआ है, साथ ही अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ा है।

## अमेरिका में 1.5 करोड़ से अधिक बच्चे कोविड से संक्रमित

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (एएपी) और चिल्ड्रन हॉस्पिटल एसोसिएशन की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में महामारी की शुरूआत के बाद से अमेरिका में 1.5 करोड़ से अधिक बच्चे कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने रिपोर्ट के हवाले से कहा कि इनमें से लगभग 1,14,000 मामले पिछले चार हफ्तों में जोड़े गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1 दिसंबर को समाप्त हुए नवीनतम सप्ताह में कुल 28,600 बच्चे कोविड-19 मामले दर्ज किए गए थे, यह कहते हुए कि बच्चों के बीच मामलों की पर्याप्त संख्या कम होने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि, नए रूपों से संबंधित बीमारी की गंभीरता के साथ-साथ संभावित दीर्घकालिक प्रभावों का आकलन करने के लिए अधिक आयु-विशिष्ट डेटा एकत्र करने की आवश्यकता है। यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि बच्चों के स्वास्थ्य पर महामारी के तत्काल प्रभाव हैं, लेकिन महत्वपूर्ण रूप से हमें इस पीढ़ी के बच्चों और युवाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिककल्याण पर लंबे समय तक चलने वाले प्रभावों की पहचान करने और उन्हें संबोधित करने की आवश्यकता है।

## सोना वायदा कीमतों में 10 रुपये तक की तेजी


**नई दिल्ली, एजेंसी।** मजबूत हाजिर मांग के कारण सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा कारोबार में बुधवार को सोने की कीमत 10 रुपये बढ़कर 53,770 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में फरवरी, 2023 में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 10 रुपये यानी 0.02 प्रतिशत की तेजी के साथ 53,770 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसमें 15,857 लॉट का कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से सोना वायदा कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 0.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,784.90 डॉलर प्रति औंस हो गया।

## सेबी चार कंपनियों की संपत्तियों की 10 जनवरी को करेगा नीलामी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को कहा कि निवेशकों से गैरकानूनी ढंग से पैसे जुटाने वाली इन्फिनिटी रियलकॉन और सुमंगल इंडस्ट्रीज समेत चार कंपनियों की कुल 25 संपत्तियों की 10 जनवरी को नीलामी की जाएगी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक सार्वजनिक सूचना में कहा कि गैरकानूनी ढंग से जुटाई गई राशि की वसूली के लिए अगले महीने की 10 तारीख को इन कंपनियों की संपत्तियों की नीलामी की जाएगी। इन कंपनियों में जीएसएचपी रियलटेक लिमिटेड और इंफ्रोकेयर इंफ्रा लिमिटेड भी शामिल हैं। सेबी ने कहा कि चारों कंपनियों की कुल 25 संपत्तियों को नीलामी के जरिये बेचकर पैसे वसूले जाएंगे। इनका सम्मिलित रूप से आरक्षित मूल्य कुल 12.2 करोड़ रुपये का है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634

# सुबह उठकर पिएं गुनगुना पानी, एक नहीं सेहत को होंगे ढेरों फायदे



**बहुत से लोग सुबह** उठकर गुनगुना पानी पिते हैं। सुबह खाली पेट पानी पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है इससे मुंह में मौजूद लार और हानिकारक बैक्टीरिया पानी के साथ मिलकर शरीर में जाते हैं। जिससे शरीर अच्छे से डिटॉक्सीफाई होता है। इसके अलावा पानी में पाई जाने वाली लार पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में सहायता करती है। बहुत से लोग सुबह उठते सादा पानी पीते हैं तो कई लोग फ्रिज का ठंडा पानी पी लेते हैं। सादा पानी पीने से स्वास्थ्य को कई नुकसान नहीं होते परंतु ठंडा पानी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, गुनगुना पानी पीकर सुबह की शुरुआत करने से शरीर को कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं तो चलिए जानते हैं इनके बारे में....

**वजन होता है कम**

नियमित रुप से गुनगुना पानी पीने से मेटाबॉल्जिम का स्तर बढ़ता है जिससे फैट तोड़ने और कैलोरी बर्न होने में भी सहायता मिलती है। वजन कम करने के लिए आप नियमित ठंडा पानी पी सकते हैं।

**स्वस्थ रहता है पाचन**

रोजाना गुनगुना पानी पीने से पाचन तंत्र भी स्वस्थ रहता है। गुनगुना पानी पेट में एसिड के उत्पादन को कंट्रोल करता है जिससे आपका पाचन तंत्र उत्तेजित होता है।

**किडनी फंक्शन सुधरता है**

किडनी शरीर में से टॉक्सिन्स पदार्थ को बाहर निकालने में मदद करते हैं। नियमित गुनगुने पानी का सेवन करने से किडनी का फिल्ट्रेशन सुधरता है और किडनी भी एकदम स्वस्थ रहती है।

**एसिडिटी होती है दूर**

गुनगुने पानी का सेवन करने से पेट में मौजूद एसिड पतला होता है, जिससे आप एसिडिटी जैसी समस्या से आराम पा सकते हैं। नियमित गुनगुना पानी पीने से आपको एसिडिटी से भी राहत मिलती है।

**बीपी करे कंट्रोल**

हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों के लिए भी रोजाना गुनगुना पानी बहुत ही फायदेमंद होता है। इससे आपका ब्लड प्रेशर सामान्य रहता है। इसके अलावा गुनगुना पानी हाई बीपी और ब्लड फ्लो को सुधारने में भी सहायता करता है।

**स्किन रखे हैल्दी**

गुनगुना पानी आपके शरीर को डिटॉक्सीफाई करता है। इसके अलावा यह कोशिकाओं की मरम्मत करने में भी सहायता करता है। नियमित गुनगुना पानी पीने से आपका शरीर में कोलेजन का उत्पादन होता है। गुनगुना पानी पीने से आपकी त्वचा भी एकदम हैल्दी रहती है।

**हैल्दी बाल**

बालों को मजबूत करने में भी गुनगुना पानी सहायता करता है। नियमित गुनगुना पानी पीने से आपके बालों की जड़ें मजबूत होती हैं। यह आपकी नर्व एंडिंग्स को उत्तेजित करना मजबूत बनाने में भी सहायता करता है। स्कैल्प में रक्त का संचार बढ़ता है और पोषक तत्वों के सर्कुलेशन में भी सुधार होता है।**–एजेंसी**

# उर्फी जावेद ने बेडरूम सीक्रेट पर दिया बोल्ड जवाब, चीटिंग के सवाल पर कह दी ये बड़ी बात



**सोशल मीडिया** सेंशन और छोटे परदे की फैशन क्वीन कही जाने वाली उर्फी जावेद आए दिन अपनी हरकतों को लेकर लाइमलाइट में बनी रहती हैं। दरअसल एक्ट्रेस के फैशन सेंस से तो शायद ही कोई वाकिफ नहीं होगा। उर्फी आए दिन कैमरे के सामने अजीबोगरीब कपड़ो में स्पॉट होती रहती हैं। जिसे देख उनके फैंस भी शॉक हो जाते हैं। वही इस बीच उर्फी ने एक और बड़ा खुलासा कर दिया हैं। जहां उर्फी अपने बेडरूम सीक्रेट्स सबके सामने रिवील कर दी हैं। दअरसल हाल ही में उर्फी से एक शो के दौरान पूछा गया था 'आर यू लाउड और क्वाइट एट बेड'? इसके जवाब में उर्फी ने कहा, ÷बेड की बातें हम बेड तक ही रखते हैं, तो अच्छा होगा. बाकी अगर आप जानना चाहते हैं तो आप आ जाओ मेरे बेड में.÷ उर्फी से अगला सवाल पूछा गया, क्या आप किसी ऐसे के साथ रहेंगी जो धोखा दे रहा है?÷इस पर उर्फी ने जवाब दिया, ÷ मैं उसका प्राइवेट पार्ट चॉप कर दूंगी. वही उर्फी आए दिन इस तरह के स्टेटेमेंट देती रहती हैं। फिलहाल एक्ट्रेस एमटीवी पर प्रसारित होने वाला शो स्पिल्टिस्विला में नजर आ रही हैं। जहां उर्फी खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। उर्फी स्पिल्ट्सविला में काफी शानदार गेम खेलती हुई दिख रही हैं। और घर में बाकि के गर्ल्स कंटेस्टेंट के साथ खूब कैट फाइट भी करती नजर आ रही हैं। वही स्पिल्ट्सविला में भी उर्फी अपने अतरंगी कपड़ो से बाज नहीं रही आ रहा हैं। और घर में मौजूद बॉयज कंटेस्टेंट के दिलों में आग लगा रही हैं। वही शो में जज बने सनी लियोन और अर्जुन बिजलानी भी आए दिन उर्फी के कपड़ो पर कमेंट और कॉम्पलिमेंट देते नजर आते रहते हैं। हालांकि विला में उर्फी का स्ट्रांग गेम देख कुछ लोग तो यह भी कयास लगाते दिख रहे हैं की उर्फी जावेद ये शो जीत भी सकती हैं। इस शोज में उर्फी के अलग-अलग अंदाज देखने को मिल रहे हैं। कभी वे काफी रोमांटिक नजर आती हैं तो कभी किसी पर भड़कती हुई भी दिखती हैं। **–एजेंसी**

# शादी के बाद पहली बार साथ मिलकर रणवीर–दीपिका ने खरीदा घर, करोड़ो में है घर की कीमत



**बॉलीवुड के पावर कपल** कहे जाने वाले दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह आए दिन अपनी केमिस्ट्री को लेकर चर्चा में बने रहते हैं। दीपिका और रणवीर ने नवंबर 2018 में इटली के लेक कोमो में शादी की थी। दोनों ने बड़े ही सादगी और कम लोगों के बीच ही सात फेरे लिए थे। वही अब दोनों ने मिलकर अपना एक और सपना पूरा कर लिया हैं। जहा दोनों ही कपल ने करोड़ो का घर अपने नाम कर लिया हैं। दरअसल हाल ही में खबर सामने आई थी की रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने साथ मिलकर अपना पहला घर खरीदा है। दोनों अपने इस नए घर में एंट्री के लिए काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं। वही हाल के ही एक इंटरव्यू में रणवीर सिंह ने बताया की शादी के बाद रणवीर और दीपिका ने पहली बार एक साथ घर खरीदा हैं। क्यों की इससे पहले रणवीर दीपिका के ही घर में रहा करते थे। दोनों का यह घर ड्रीम घर बताया जा रहा हैं। जहां घर की बनवाट से लेकर घर में गृह प्रवेश तक को लेकर दोनों काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं। अपने नए घर और दीपिका पादुकोण के बारे में मीडिया से बातचीत करते हुए रणवीर ने कहा- हम दोनों अपने काम में काफी ज्यादा बिजी रहते हैं और हमें साथ रहने का ज्यादा टाइम नहीं मिल पाता इसलिए हमने जो नया घर लिया है वो शहर के बाहर है साथ ही शांत और एकांत जगह पर है। जहां हम दोनों के क्वालिटी समय बिताने के लिए वो काफी परफेक्ट जगह है। वही रणवीर ने आगे कहा- दीपिका ने इस नए घर को काफी प्यार से संजाया है। जैसे छोटी बच्ची एक डॉल हाउस को संजाती है वैसे ही दीपिका भी नए घर को अपने हिसाब से डेकोरेट करने में लगी है। वो काफी घरेलू नेचर की है, उसे होममेकर बनना काफी पसंद है। इसलिए मैं अपनी प्यारी वाइफ के साथ नए घर में क्वालिटी टाइम बिताना चाहता हूं। वही मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो रणवीर और दीपिका ने मुंबई में 119 करोड़ रुपये में ये घर खरीदा था। वही घर को दीपिका अपने सपनों के महल की तरह सजाना चाहती हैं। साथ ही रणवीर सिंह भी इस घर को लेकर काफी उत्सुक और खुश नजर आते हैं। वही दीपिका के साथ अपना प्यार दिखाने का रणवीर कोई भी मौका नहीं छोड़ते हैं। चाहे वो पब्लिक प्लेस हो या उनका पर्सनल घर।

# भारत के 5 शहरों में धूमधाम से मनाई जाती है क्रिसमस, दिसबंर में बनाएं घूमने का प्लान




**भारत में हर** त्योहार बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है लेकिन कुछ क्षेत्र ऐसे ही यहां पर कुछ त्योहार बहुत ही खास तरीके से मनाए जाते हैं इन्हीं में से एक है क्रिसमस का त्योहार। क्रिसमस के दौरान बहुत से लोग इस फेस्टिवल का मजा लेने के लिए अलग-अलग जगहों पर घूमने का प्लान बनाते हैं। ऐसे में अगर आप भी क्रिसमस की धूम देखना चाहते हैं तो भारत के इन शहरों का रुख कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में....

**पुडुचेरी**

पुडुचेरी में भी क्रिसमस बहुत ही धूमधाम से मनाई जाती हैं। यहां पर मौजूद गॉथिक और कैथेड्रल चर्च की खूबसूरती को देखने दूर-दूर से लोग आते हैं। यह शहर तमिलनाडु के किनारे से कुछ ही दूरी पर स्थित है। क्रिसमस में यहां पर पारंपरिक अनुष्ठानों और मैरी बनाकर क्रिसमस एक यूनिक और क्रिएटिव तरीके से मनाया जाता है।

**शिलोंग**

मेघालय के उत्तरी-पूर्वी शहर शिलोंग में भी क्रिसमस बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। यहां पर ईसाई धर्म के काफी लोग रहते हैं जो ईसा मसीह के बर्थडे का जश्न मनाते हैं। क्रिसमस के दौरान यहां हर गली में चर्च, घरों की सुंदरता देखने लायक होती है।

**केरल**

केरल में भी क्रिसमस बहुत धूमधाम से मनाया जाता है क्योंकि यहां पर कई सारे चर्च मौजूद हैं। इसके अलावा यहां पर ईसाई धर्म के भी काफी लोग रहते हैं। क्रिसमस मनाने के लिए आप केरल जा सकते हैं। यहां के शानदार क्रिसमस फेस्टिवल का आप आनंद ले सकते हैं।

**गोवा**

गोवा में भी क्रिसमस बहुत ही धूमधाम से मनाई जाती है। पुर्तगाली विरासत और कैथोलिक आबादी के कारण यहां पर क्रिसमक का त्योहार पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। क्रिसमस से कुछ दिनों पहले ही लोग अपने घरों और चर्चों को लाइट्स और फूलों से डेकोरेट कर लेते हैं। इसके अलावा रात में कैरोल भी गाते हैं। इस दौरान टूरिस्टों को भी यहां पर काफी भीड़ देखने को मिलती है।

**मुंबई**

मुंबई में भी क्रिसमस का फेस्टिवल काफी धूमधाम से मनाया जाता है। मेट्रो सिटी में अगर आप क्रिसमस का त्योहार मनाना चाहते हैं तो मुंबई एकदम बेस्ट ऑप्शन रहेगा। बांद्रा के पश्चिमी उपनगगर में क्रिस्मस का नजारा देखने लायक होता है। स्थानीय लोगों के अलावा टूरिस्ट भी काफी मात्रा में मुंबई की क्रिस्मस देखने आते हैं।

# बेटे अरहान के साथ मलाइका–अरबाज को खुश देख पर फूटा लोगों का गुस्सा, बताया घर तोड़ने का दोषी



**बॉलीवुड के पावर** कपल रहे मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान को अलग हुए काफी साल बीत चुके हैं। वहीं दोनों ही अपनी लाइफमें आगे भी बढ़ चुके हैं जहां मलाइका एक्टर अर्जुन कपूर संग अपनी लव लाइफ एंजॉय कर रही हैं वहीं अरबाज भी जॉर्जिया एंड्रियानी संग अपनी जिंदगी में खुश हैं। मलाइका और अरबाज भले ही अलग हो गए हो लेकिन अपने बेटे अरहान खान के लिए दोनों अपने बीच के गिले-शिकवे भुलाकर मिलकर साथ आ जाते हैं। अरहान की वजह से कई बार मलाइका और अरबाज को साथ में स्पॉट किया जाता है। बीती रात भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला। जहां दोनों अपने बेटे अरहान को मुंबई एयरपोर्ट पर रिसीव करने पहुंचे। जहां से इनका एक स्पॉटेड वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा हो। जिसमें तीनों साथ एक हैप्पी फैमली लग रहे है और उन्हें ऐसे साथ देखकर लोग खुद को कॉमेंट करने से नहीं रोक पाए हैं। मलाइका और अरबाज का ये वायरल वीडियो एक पैपराजी अकाउंट से शेयर किया गया है जिसमें अरहान के एयरपोर्ट से बाहर आते ही मलाइका उन्हें गले से लगा लेती हैं जिसके बाद पापा और बेटा दोनों बड़ी गर्मजोशी से गले मिलते हैं। तीनों एक साथ बहुत खुश नजर आ रहे हैं, वीडियो में कभी अरहान अपने पापा के कंधे पर हाथ रखते हैं तो कभी मलाइका अपने लाडले को दुलारती हैं। अरबाज और मलाइका को अपने बेटे के साथ ऐसे खुश देखने के बाद लोगों का गुस्सा अर्जुन कपूर पर फूट पड़ा है। वीडियो पर रिएक्ट करते हुए लोग अर्जुन को घर तोघ्ड़ने का दोषी बताते हुए खरी-कोटी सुना रहे हैं। इतना ही नहीं कुछ लोगों का कहना है कि इन दोनों को एक बार फिर साथ आ जाना चाहिए। तो वहीं कुछ लोगों को सबसे ज्यादा बुरा अरहान के लिए लग रहा है। मलाइका और अर्जुन के इस वायरल वीडियो को अबतक लाखों लोग लाइक कर चुके हैं और कॉमेंट बॉक्स में भी लोग खूब प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने कॉमेंट कर कहा- श्अर्जुन को पता है? दूसरे यूजर ने कहा- मुझे आशा है कि अर्जुन इसे देख रहा होगा। एक अन्य यूजर ने मजे लेते हुए कॉमेंट कर लिखा-इस प्यार को क्या नाम दूं।

# शातिर यूट्यूबर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, हनीट्रैप में फंसाकर लूटे 80 लाख



**दिल्ली की जानी-मानी** यूट्यूबर नामरा कादिर अचानक से सुर्खियों में आ गई हैं। नामरा को गुरुग्राम पुलिस ने बिजनेसमैन को हनीट्रैप में फंसाकर उससे 80 लाख रुपये की वसूली करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जबकि उनके पति और सह-आरोपी विराट बैनीवाल की तलाश की जा रही है। पुलिस ने एक बिजनेसमैन की शिकायत पर नामरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें अरेस्ट किया है। आखिर कैसे इस यूट्यूबर ने बिजनेसमैन को अपने झांसे में फंसाया चलिए जानते हैं... बता दें कि 22 साल की नामरा कादिर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। नामरा यूट्यूब का जाना-माना है और उसके 6 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वहीं, इंस्टाग्राम पर भी 2 लाख से ज्यादा यूजर्स नामरा को फॉलो करते हैं। वह काफी खूबसूरत दिखती हैं लेकिन यूट्यूबर का असली चेहरा उस वक्त सामने आया जब 24 नवंबर को 21 वर्षीय दिनेश यादव जो पेशे एक बिजनेसमैन है उन्होंने नामरा कादिर के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई। बिजनेसमैन दिनेश यादव ने पुलिस को बताया कि नामरा ने पहले उसे अपने हुस्न के जाल में फंसाया और फिर धीरे-धीरे उससे पैसों की डिमांड कर उससे अबतक 80 लाख रुपये हड़प चुकी है। इन सब में नामरा का पति विराट भी उसके साथ मिला हुआ है और दोनों ने उसे रेप के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर रुपये वसूले हैं। इसी के साथ उन्होंने आगे बताया कि वह अपने काम के प्रमोशन के सिलसिले में नामरा कादिर नाम की लड़की से रेडिसन होटल सोहना रोड पर मिला था. वह एक यू ट्यूबर है, जिसकी विडियो मैंने देखी हुई थी। उसने मुझसे मेरे काम के प्रमोशन के लिए मुझसे एंडवास 2 लाख रुपये लिए थे। उसके बाद नामरा ने उसे अपने हुस्न के जाल में फंसाया और ऐसे ही दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला आगे बढ़ गया। फिर एक दिन उसने दिनेश से कहा कि वह उसे पसंद करती है और उससे शादी करना चाहती है। इसके बाद दोनों करीब आ गए थे, फिर नामरा ने दिनेश से उसके बैंक कार्ड मांगे और धमकी दी कि यदि उसकी बात नहीं मानी तो वह रेप के झूठे केस में फंसा देगी। पुलिस के मुताबिक, यू-ट्यूबर नमरा कादिर ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। इसके बाद दिनेश ने पुलिस से मदद मांगी। पुलिस के मुताबिक, यू-ट्यूबर नमरा कादिर ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस की मानें तो पीड़ित बिजनेसमैन से लिए गए पैसे और अन्य सामान की बरामदगी के लिए हमने उसे पुलिस रिमांड पर लिया है। उसके पति और सह-आरोपी मनीष उर्फ विराट बेनीवाल को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।**–एजेंसी**

# आर्यन खान ने अनाउंस किया अपना डेब्यू प्रोजेक्ट, पापा शाहरूख खान के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनाने जा रहे फिल्म



**शाहरूख खान की** बादशाहत आज भी इंडस्ट्री में कायम है। शाहरूख खान पूरे 4 सालों के बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने को तैयार है। अगले साल उनकी बैक टू बैक कई फिल्में रिलीज होने वाली है। जहां एक तरफउनके फैंस उनकी वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे है तो वहीं उनके बेटे आर्यन खान ने भी अपने पहले प्रोजेक्ट की अनाउंसमेंट कर दी है, जिसके बाद उनके फैंस की खुशी सातवें आसमान पर है। बॉलीवुड में तमाम स्टारकिडस को काम करते देखते हुए हर कोई यही सोच रहा था कि शाहरूख खान के बेटे आर्यन खान बॉलीवुड में अपना डेब्यू कब करेंगे। कुछ दिनों पहले इस तरह की खबरें भी आ रही थी कि आर्यन खान जल्द ही इस फिल्मी दुनिया में अपना पहला कदम रखने को तैयार है और अब उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी लोगों के साथ शेयर भी कर दी है। आर्यन खान ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए अपने पहले प्रोजेक्ट की अनाउंसमेंट कर दी है। इस प्रोजेक्ट के जरिए आर्यन बॉलीवुड की दुनिया में अपना पहला कदम तो रख रहे है, लेकिन वो बतौर एक्टर नहीं बल्कि बतौर डायरेक्टर अपने करियर की शुरुआत करने जा रहे है। आर्यन ने ये पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'राइटिंग कंप्लीट कर ली है, शूटिंग शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकता हूं।' बता दें कि आर्यन खान की दिलचस्पी हमेसा से ही अपने पिता की तरह एक्टिंग में नहीं रही है। वो हमेशा से राइटिंग और डॉयरेक्शन में अपना करियर बनना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने बकायदा फिल्म मेकिंग का कोर्स भी किया है और अब वो अपने करियर के पहले प्रोजेक्ट में काम करने जा रहे है। हालांकि उनकी इस पोस्ट से ये बात साफ नहीं हुई है कि वो किसी फिल्म पर काम कर रहे हैं या किसी वेब सीरीज में।

# अक्षय कुमार की फिल्म के टीजर में लोगों ने ढूंढ निकाली बड़ी गलती, बोले दिहाड़ी वाला एटीट्यूड नहीं चलता



**बॉलीवुड के खिलाडी** अक्षय कुमार एक के बाद एक सुपर फ्लॉप फिल्में देते जा रहे हैं। अब ऐसा लगता है कि लाइन से फ्लॉप देने वाले अक्षय को इसकी आदत-सी हो गई है और जल्द ही वो एक बार फिर फैंस को मायूस करने के लिए तैयार हैं। ऐस हम नहीं कह रहे बल्कि खुद अक्षय के फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स का ऐसा कहना है। आपको बता दें, इस वक्त अक्षय कुमार को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है। खास बात ये है कि ट्रोलिंग का सिलसिला अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म के टीजर रिलीज के बाद ही शुरू हुआ है। दरअसल, पृथ्वीराज चौहान के बाद अब एक्टर बड़े पर्दे पर छत्रपति शिवाजी महाराज का रोल प्ले करने वाले हैं। इस किरदार को सही से निभाना एक्टर की जिम्मेदारी है क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज के किरदार को निभाने में अगर जरा सी भी चूक हुई तो ऑडियंस उन्हें नहीं बख्शने वाली। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि ये फिल्म भी किसी को रास नहीं आने वाली। क्योंकि जो टीजर हाल ही में रिलीज किया गया था उसमे पहले तो अक्षय के लुक को लेकर ही लोगों ने उन्हें ट्रोल कर दिया था। वहीं अब इस टीजर में लोगों ने कुछ ऐसी गलतियां ढूंढ निकाली हैं, जिसके बाद अक्षय की तो बैंड बज ही रही है साथ ही सोशल मीडिया पर भी मीम्स की बाढ़ आ गई है। वेडात मराठे वीर दौड़ले सात के टीजर में कुछ ऐसी बड़ी गलतियां की गई है जिससे लोगों का गुस्सा भड़क उठा है। उनका कहना है कि मेकर्स ने हिस्ट्री के साथ छेड़छाड़ की है और उनका तथ्यों से कोई लेना देना नहीं है, वो बस पैसा कामना चाहते हैं। दरअसल हुआ ये कि फिल्म के टीजर में जब अक्षय कैमरे के करीब पहुंचते हैं तो छत पर झूमर टंगा दिखाई देता है। भले ही झूमर कितना भी कीमती क्यों न हो लेकिन ये कई सवाल खड़े कर रहा है। सबसे अजीब बात ये है कि इस झूमर में बल्ब लगे हुए हैं जबकि उस दौर में बल्ब थे ही नहीं। इस बड़ी गलती की तरफ ध्यान देने वाले यूजर ने लिखा, एक तो सस्ता मेकअप करके हमारे छत्रपति महाराज का अपमान कर रहे हो। ऊपर से बल्ब जला रखे हैं। उस दौर में तो कनाडा में भी बिजली और बल्ब नहीं था। जब इतने बड़े किरदार पर काम करते हो तो प्रोजेक्ट में दिल और जान लगानी पड़ती है, डेली शिफ्ट की दिहाड़ी वाला एटीट्यूड नहीं चलता। एक तो सस्ता मेकअप करके हमारे छत्रपति महाराज का अपमान कर रहे हो। ऊपर से बल्ब जला रखे हैं। उस दौर में तो कनाडा में भी बिजली और बल्ब नहीं था। तो दूसरे यूजर ने लिखा, मुझे नहीं पता था कि छत्रपति शिवाजी महाराज के जमाने में थॉमस एडिसन ने बल्ब का आविष्कार किया था। बहुत ज्यादा क्रिएटिव लिबर्टी एसेंस को बर्बाद कर देती है। एक शख्स ने फैक्ट बताते हुए लिखा, श्हमारे छत्रपति शिवाजी महाराज 1630 से 1680 के बीच रहे। बिजली का बल्ब लगभग दो सौ साल बाद 1880 में आया! ये रचनात्मक स्वतंत्रता भी नहीं है- ये सिर्फ आलसी फिल्म मेकिंग है। अब कुछ इसी तरह से लोग एक्टर और मेकर्स को इस गलती के लिए फटकार लगा रहे हैं।